CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 17 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 22 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में संत कबीर के नाम पर बनेंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क पेज 2



वेलकुमार ने भारत को स्पीड स्केटिंग में पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया खेल टाइम्स



पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश सम्पादकीय



सीजफायर पर ट्रम्प के दावे की इशाक डार ने खोली पोल पेज 12

## हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया। यहां बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं। सोमवार को भारी बारिश ने महाराष्ट्र के मुंबई में रेलवे ट्रैक, सब-वे और सड़कों पर पानी भर गया। बीड में 11 ग्रामीणों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया।

## युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पूछताछ के लिए तलब किया है। उथप्पा को 22 सितम्बर और युवराज को 23 सितम्बर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। उथप्पा फिलहाल एशिया कप 2025 की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में इस केस में अब तक चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर तलब किए जा चुके हैं। इससे पहले, इस मामले में संघीय एजेंसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। यह मामला 1यूबेट नामक सट्टेबाजी एप प्लेटफॉर्म से जुड़ा है।

## मदर डेयरी का टेट्रा पैक दूध, पनीर, घी व बटर होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेयरी का टेट्रा पैक में मिलने वाला अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) दूध, पनीर, घी, मक्खन समेत लगभग सभी उत्पाद 22 सितम्बर से सस्ते हो जाएंगे। कंपनी ने बताया कि वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से हो रही कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। हालांकि इससे पाउच में उपलब्ध फुल क्रीम, टोन्ड, काउ मिल्क आदि पर कोई असर नहीं होगा, क्योंकि इन पर पहले से ही शून्य कर था। कंपनी ने बताया कि एक लीटर यूएचटी दूध (टोन्ड) अब 77 रुपये की जगह 75 रुपये का मिलेगा, जबकि 450 मिली वाले डबल टोन्ड यूएचटी दूध की कीमत 33 रुपये से घटकर 32 रुपये हो गई है।

## मणिपुर हिंसा मामले में एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर हिंसा मामले में अंतर्राष्ट्रीय साजिश के आरोप में गिरफ्तार मोइरंगथेम आनंद सिंह की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित मुकदमे की स्थिति जानने के लिए एनआईए से जवाब मांगा है पीठ की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केवल मुकदमे की स्थिति जानने के लिए नोटिस जारी करें।

## TET की अनिवार्यता पर रिवीजन दाखिल करेगी उप्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शिक्षकों की सेवा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है।

शिक्षक संगठनों द्वारा पहले ही मांग की जा रही थी कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर कारगर कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है।

# सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चार हफ्तों में जवाब मांगा, याचिकाकर्ता बोले- कानून अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है।

कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलिजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय परिख समेत अन्य पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद -शेष पृष्ठ दो पर

## राजस्थान की नदी का जहरीला पानी, मर रहे पशु-पक्षी

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

■ फैक्ट्रियों का कचरा- केमिकल बहाया जा रहा, 20 लाख की आबादी प्रभावित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जीवन और जैव विविधता प्रभावित होने के मद्देनजर राजस्थान की जोजरी नदी में औद्योगिक अपशिष्ट बहाने के मामले में मंगलवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि नदी में मुख्य रूप से कपड़ा और अन्य कारखानों से निकलने वाले औद्योगिक अपशिष्ट के छोड़े जाने से सैकड़ों गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसके कारण वहां का पेयजल मनुष्यों और पशुओं दोनों के लिए पीने योग्य नहीं रहा। पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया और उचित आदेश के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि यह अदालत राजस्थान की मरुधरा जोजरी नदी के संबंध में स्वत: संज्ञान ले रही है।

# देहरादून में बादल फटने से मची तबाही, 25 के मरने की आशंका

## 13 पुल टूटे, 21 सड़कें व सात दुकानें बही, दो घर गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड से विदा होते मानसून ने एक बार फिर विकराल रूप दिखाते हुए राजधानी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। विनाशकारी बादल फटने और मूसलाधार वर्षा की घटनाओं के बाद अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 16 लोग अभी भी लापता हैं। सहस्रधारा, मालदेवता जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है, नदियां उफान पर हैं और कई सड़कें व पुल बह गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्रों का सुबह सवेरे ही दौरा किया। जिला अधिकारी सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा करके मोर्चा संभाला। सोमवार की रात्रि को अतिवृष्टि के कारण देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में जनहानि, पशु हानि, सरकारी एवं निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। सड़क, संपर्क मार्ग, पुल, पुलिया क्षतिग्रस्त -शेष पृष्ठ दो पर







### मुख्यमंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय हैं। धामी ने अतिवृष्टि से प्रभावित देहरादून जनपद के मालदेवता क्षेत्र एवं केसरवाला का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की गति तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा स्थानीय नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पीएम एवं गृह मंत्री ने की सीएम धामी से बात

पीएम मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूरभाष पर सीएम पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रदेश को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है।

## मृतकों में मुरादाबाद मंडल के सात मजदूर शामिल

**मुरादाबाद/अमरोहा (ब्यूरो)।** उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने के बाद बाढ़ की चपेट में आने से मुरादाबाद मंडल के दर्जनभर मजदूर बह गए। हादसे में बिलारी तहसील के मुंडिया जैन गांव के छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अब भी लापता हैं।

अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा गांव के तीन मजदूर भी नदी में लापता हो गए। उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, दो अभी लापता हैं। मुरादाबाद जिले की तहसील बिलारी के थाना सोनकपुर क्षेत्र के मुंडिया जैन गांव निवासी लगभग 20 मजदूर कुछ दिन पहले देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार तड़के मजदूर नदी किनारे बजरी और रेत निकालने का काम कर रहे थे। तभी सहस्रधारा क्षेत्र में बादल फटने से टोंस नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की उच्च न्यायालयों में नौ जजों की नियुक्ति की सिफारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मद्रास और त्रिपुरा उच्च न्यायालयों के लिए कुल नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी अलग-अलग बयानों के मुताबिक, कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरुबरहल्ली वेंकटरामा रेड्डी अरविंद को अस्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई।

इसी प्रकार न्यायिक अधिकारियों - श्रीमती गीता कदबा भरतराज सेट्टी, मुरलीधर पी. बोरकटटे और त्यागराज नारायण इनावली को पदोन्नत कर कर्नाटक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने अधिवक्ताओं - जिया लाल भारद्वाज और रोमेश वर्मा को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति एन. सेंथिलकुमार और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इनके अलावा, त्रिपुरा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत पालित को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने 15 सितम्बर को अपनी बैठक में चारों उच्च न्यायालय के लिए न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की सिफारिश से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी।

### सुविधाएं नहीं, तो ट्रिब्यूनल खत्म कर दें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को ट्रिब्यूनलों की बदहाल स्थिति पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव की वजह से हाईकोर्ट जज ट्रिब्यूनलों में पोस्ट-रिटायरमेंट रोल लेने से बच रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार हालात सुधार नहीं सकती, तो सभी ट्रिब्यूनल बंद कर देना चाहिए। यहां आने वाले मामलों को हाईकोर्ट को भेजा जाना चाहिए। ट्रिब्यूनल में हाईकोर्ट की नियुक्ति की याचिका एनजीटी बार एसोसिएशन वेस्टर्न जोन ने लगाई है। दरअसल, यह मामला वेस्टर्न जोन के ट्रिब्यूनल में 2 जजों की नियुक्ति से जुड़ा है। नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी इन्होंने पदभार ग्रहण नहीं किया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 दिसम्बर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन ने कहा कि यह कमी केंद्र सरकार की वजह से है।

## प्रधानमंत्री को मिले 1300 उपहारों की होगी नीलामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नीलामी से मिली धनराशि का होगा नमामि गंगे परियोजना में उपयोग

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस बार भी नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में उपहारों की नीलामी आयोजित की जाएगी। यह नीलामी पीएम मोदी को उनके अंतर्राष्ट्रीय दौरों, राज्यों के दौरों के दौरान और प्रधानमंत्री से होने वाली मुलाकातों के दौरा।

विभिन्न कार्यक्रमों और शख्सियतों की ओर से दिए गए उपहारों से संबंधित होती है। इस नीलामी का मुख्य उद्देश्य इन उपहारों से प्राप्त राशि का उपयोग सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाता है। अभी तक इस नीलामी की राशि का उपयोग गंगा की स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान पर खर्च किया जा रहा है। नीलामी में बहुत तरह के उपहार होते हैं, जैसे की कलात्मक वस्तुएं, सांस्कृतिक धरोहर, और अन्य हस्तशिल्प जो विभिन्न देशों और नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए होते हैं। ये उपहार भारतीय संस्कृति और कूटनीति के प्रतीक होते हैं और इनका मूल्यांकन केवल उनके ऐतिहासिक या सांस्कृतिक महत्व के आधार पर किया जाता है। इस बार पीएम मोदी को मिले उपहारों की नीलामी बुधवार से शुरू होगी। ई-ऑक्शन के जरिये लोग कर सकते हैं खरीददारी। इस बार 1300 उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

# आरएलडी के फैसले से दावेदारों में खुशी

**पंचायत चुनाव**

## समाजवादी पार्टी के चुनाव न लड़ने के ऐलान से फायदा

समीउल्लाह

■ बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर व मेरठ पार्टी का गढ़

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा जिला पंचायत चुनाव अकेले लड़ने के फैसले से इच्छुक दावेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सपा के यह चुनाव न लड़ने के ऐलान से यहां आरएलडी को बड़ा फायदा पहुंचेगा और उसका जनाधार बढ़ जाएगा, वहीं भाजपा नेताओं को इसमें अपना नुकसान साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में शीघ्र ही जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव प्रस्तावित हैं। हालांकि भाजपा सरकार पंचायत चुनाव समय से कराने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रही है। सरकार नगर क्षेत्रों की प्रस्तावित सीमा विस्तार का बहाना बना रही है। भाजपा नेता चाहते हैं कि



नगर क्षेत्रों से लगे ऐसे ग्रामों को जोड़ लिया जाए, जिससे उनके प्रत्याशी आसानी से चुनाव जीत जाएं और सपा व निर्दलीय प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़े। इसी को लेकर अंदर खाने कवायद चल भी रही है। वरिष्ठ अधिकारी स्थानीय निकायों से प्रस्ताव मांग रहे हैं। ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मांगने की जरूरत ही महसूस नहीं की जा रही है। इस बीच पंचायत चुनावों को लेकर सपा व आरएलडी के ऐलान से प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। सपा ने पंचायत चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। सपा नेतृत्व जानता है कि जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत प्रमुख के चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग जमकर होता है। प्रशासन, पुलिस व पैसा इस चुनाव में असर दिखाता है। सपा का एक मात्र लक्ष्य विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सपा नेतृत्व नहीं चाहता है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व ऐसा कोई प्रतिकूल संदेश मतदाताओं के बीच न जाए कि इससे उसे नुकसान उठाना पड़े। सपा नेतृत्व का मानना है कि जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा, तो निर्वाचित अध्यक्ष व प्रमुख खुद पाला बदल लेंगे। सपा नेतृत्व बड़े लक्ष्य को हालिस करने के लिए छोटी कुर्बानी दे रहा है। लेकिन आरएलडी ने अकेले जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत चुनाव लड़ने का ऐलान कर सभी को चौका दिया है। राजनीतिक पंड़ितों को भी इसका अंदाजा नहीं था कि आरएलडी इतना बड़ा दाव चलेगी। आरएलडी के इस फैसले से भाजपा नेताओं -शेष पृष्ठ दो पर

## पशु तस्करों की फायरिंग में छात्र की मौत के बाद बवाल

**गोरखपुर।** उप्र मे गोरखपुर जिले के पिपराइच थानरा क्षेत्र के जंगल छात्रधारी गांव में सोमवार की देर रात पशु तस्करों की गोली से 19 वर्षीय छात्र दीपक गुप्ता की मौत के बाद मंगलवार सुबह माहौल उग्र हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव घर आने के बाद आज अपनी मांगों को लेकर भट्ठा चौराहा जाम कर दिया। आरोप है कि पुलिस देरी से पहुंची, इसके बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अगर समय पर खोजबीन की जाती, तो दीपक की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने बताया तस्करों से झड़प के दौरान दीपक अचानक लापता हो गया था। लोग पूरी उसे ढूंढने में जुटे थे।

# गरीब, वंचित शोषित का उत्पीड़न हो रहा है उत्तर प्रदेश में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामलों में समझौते कराए जा रहे हैं: अखिलेश
- गाजीपुर नोनहरा कांड: पीड़ित परिवार के बयान बदलने पर सपा प्रमुख ने योगी सरकार को घेरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र की योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीघ्न हो रहा है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान मे कहा कि इस सरकार में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है। पीड़ित लोगों के एक दिन दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सभी इंतजाम करने' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। आम जनता और गरीबों को प्रताड़ित, अपमानित किया जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सब कुछ बर्बाद कर दिया है। किसान, नौजवान, छात्र, महिलाएं, व्यापारी इस सरकार की शोषणकारी और गलत नीतियों से पहले से ही परेशान है। सरकार का कानून व्यवस्था और पुलिस पर कोई नियंत्रण नहीं है। पुलिस हिरासत में लगातार मौते हो रही है। भाजपा सरकार जाएगी तभी लोगों को अन्याय और उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी और लोगों को न्याय मिलेगा। वहीं उप्र में गाजीपुर के नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाक़ात की थी।

मुलाक़ात के बाद परिवार ने मामले की जांच से संतुष्टि जताई थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार के बदले रुख को लेकर योगी सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को लिखा, भाजपा सरकार की समझाइश मतलब धमकाइश। उप्र में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोग दरबार में बुलाकर धमकाए जा रहे हैं और एक दिन पहले दिए गए उनके बयान पलटवाए जा रहे हैं, जो आज सरकार का मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेरकर सत्ता के केंद्रों तक ले जाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सब इंतज़ाम हो जाएगा' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफ़ेद मेज पर सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतज़ाम या समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। उप्र में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं हो रहा है, बल्कि ग़रीब, वंचित, पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा जाए तो न्याय आए।

## एआई का विकास हो सदैव मानवता की सेवा के लिए: बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए और इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए।

बिरला ने हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में 'फेथ एंड फ्यूचर : इंटिग्रेटिग एआई विथ स्प्रिचुअलिटी' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करने के बाद कहा कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए, इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अध्यात्म व समाज सेवा से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने धर्म व विज्ञान की वह व्याख्या दी, जो युवाओं को भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का उद्देश्य मानवीय अनुभवों को समृद्ध और बेहतर बनाना है, उसका स्थान लेना नहीं। एआई को हमेशा आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक जिम्मेदारी से संचालित होना चाहिए, तभी यह समाज के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। एआई के प्रयोग में चुनौतियां जरूर है, लेकिन इन्हीं चुनौतियों में समाधान भी है।

# यूपी में 16 आईएएस के तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में लगातार तबादले जारी हैं। मंगलवार को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक करीब 16 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ की मंडलायुक्त रहीं डाक्टर रोशन जैकब को हटा दिया गया है।

डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है। उनकी जगह विजय विश्वास पंत को मंडलायुक्त लखनऊ बनाया गया है। इसके साथ ही कई आईएएस अधिकारियों के पदों में छटनी भी की गई है। आईएएस रंजन कुमार को प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभाव से मुक्त करते हुए शेष यथावत बना रहेगा। उनके पास मौजूदा समय में आयुष और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश था। इस तरह रंजन कुमार के पास अब आयुष विभाग बचा है। इसके अलावा सुहास एलवाई को वर्तमान पद के साथ महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। वहीं, चौत्रा बी. को महानिदेशक आयुष उत्तर प्रदेश बनाया गया है, जबकि संजय कुमार खत्री को प्रभारी मुख्य कार्यपालक अधिक. ारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके अलावा स्कूल शिक्षा की महानिदेशक रहीं कंचन वर्मा को आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद की जिम्मेदारी दे दी गई है। इसी तरह मोनिका रानी को स्कूल शिक्षा का प्रभारी महानिदेशक नियुक्त किया गया है। प्रयागराज के मंडल आयुक्त रहे विजय विश्वास पंत को मंडल आयुक्त लखनऊ बनाया गया है। डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है इसी क्रम में राजेश कुमार द्वितीय को महा. निदेशक पर्यटन, सौम्या अग्रवाल को मंडल आयुक्त प्रयागराज और किंजल सिंह को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा बृजेश नारायण सिंह को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग और मनीषा त्रिघाटिया को सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग बनाया गया है, जबकि बी. चंद्रकला को सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी उप्र क्लीन और मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथारिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



- मंडलायुक्त रोशन जैकब हटाई गई, विजय विश्वास पंत बनाए गए लखनऊ के नए कमिश्नर

### उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी का ऐलान

# संत कबीर के नाम पर होंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रूचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उप्र की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है। योगी ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार वर्तमान में उप्र देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से लगभग 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जो देश के कुल वस्त्र एवं परिधान निर्यात का लगभग 9.6 प्रतिशत है। इस क्षेत्र का प्रदेश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत योगदान है, जबकि राज्य में प्रत्यक्ष रोजगार पाने वाले लगभग 22 लाख लोग इससे जुड़े हैं। वाराणसी, मऊ, भदोही, मिर्जापुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोरखपुर और मेरठ जैसे पारंपरिक क्लस्टरों ने उप्र को राष्ट्रीय परिधान मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है।



- हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि पर लिया फैसला

### सारथी पोर्टल पर वस्त्र व परिधान से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए

निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपए आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिंग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियान्वित करने हेतु भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज किया जाए। योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया। संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी, बल्कि उप्र को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128008
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली के बीच 595 अंक चढ़ा सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजूबत होने के कारण मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक (0.73 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,380.69 अंक पर पहुंच गया, जो 23 जुलाई के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 10 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। घरेलू के साथ अब विदेशी निवेशकों का विश्वास एक बार फिर भारतीय बाजार में बहाल हुआ है। उन्होंने एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों में पैसा लगाया। सबसे ज्यादा लिवाली ऑटो सेक्टर में देखने को मिली। रियलिटी में लगातार तेजी को दौर चल रहा है। तेल एवं गैस, आईटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा, बैंकिग सेक्टरों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बाजार में आज शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स 66.37 अंक की तेजी के साथ 81,852.11 अंक पर खुला और लगातार चढ़ता गया। इसका निचला स्तर 81,779.94 अंक और ऊपरी स्तर 82,443 अंक रहा। निफ्टी.50 सूचकांक भी 4.30 अंक चढ़कर 25,73.50 अंक पर खुला। यह नीचे 25,070.45 अंक और ऊपर 25,261.40 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 95 फीसदी चढ़ा। एनएसई में कुल 3,152 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,005 के शेयर हरे निशान में और 1,059 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.55 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 2.28 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.22 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.99 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, एनटीपीसी, बीईएल और टीसीएस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। एशियन पेंट्स (0.87 प्रतिशत) और बजाज फाइनेंस (0.69 प्रतिशत) सेंसेक्स में नुकसान उठाने वाली दो मात्र कंपनियां रहीं। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.03 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.49 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25 फीसदी की गिरावट में थे।



## भारत-नेपाल सीमा पर शुरू हुआ कारोबार

**लखनऊ।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन के बाद उप्र से सटी नेपाल सीमा को फिर से खोल दिया गया है और कड़ी सुरक्षा जांच के बाद यात्रियों व मालवाहक ट्रकों की आवाजाही शुरु होने से कारोबारियों को राहत मिली है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सीमा क्षेत्र पर वाहनो की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा बलों की मदद के लिए सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है। एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर ट्रकों की लंबी कतार अब लगभग साफ हो गई है। नेपाल में अशांति के कारण पिछले छह दिनों से भारत और नेपाल के बीच व्यापार पूरी तरह से ठप था, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय निर्यातकों को करोड़ों रुपए और भूमि बंदरगाह प्राधिकरण को 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है।

# मेडिकल स्टोर पर दवाइयों की नई मूल्य सूची अनिवार्य: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से होने वाले बदलावों के मद्देनजर पुराना स्टॉक समाप्त होने तक मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की नई मूल्य सूची रखनी अनिवार्य होगी।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को आम तौर पर पूछे जाने वाले सवालों पर जारी एक स्पष्टीकरण में कहा है कि दवाओं की खेप वापस मंगाने और दोबारा लेबलिग की जरूरत नहीं है, लेकिन फार्मा कंपनियां/ विपणन कंपनियां नई मूल्य सूची जारी करेंगी जो डीलरों और मेडिकल स्टोर चलाने वाले खुदरा दुकानदारों के पास आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध होगी। इस मूल्य सूची की एक प्रति राज्य के ड्रग कंट्रोलर और स्थानीय सरकार को भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का लेबल दोबारा लगाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर कोई कर नहीं लगेगा। यदि कोई व्यक्ति अपने साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा लेता है, तो वह भी कर मुक्त होगा। अब हर तरह के ड्रोन पर सपाट पांच प्रतिशत का कर लगेगा। वहीं 7,500 रुपए रोजाना तक के होटल के कमरों के किराए पर पांच प्रतिशत कर ही लगेगा और इन इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत कर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसी तरह, आरोग्य और सौंदर्य प्रसाधन सेवाओं पर भी सपाट पांच प्रतिशत कर लगेगा। ईंटों पर करों की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इन पर 20 लाख रुपए की सीमा तक आईटीसी के बिना छह प्रतिशत तथा आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत की दर से विशेष कर की व्यवस्था जारी रहेगी। माल ढुलाई सेवा में विभिन्न परिवहन साधनों के इस्तेमाल की स्थिति में यदि किसी चरण में हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया गया है, तो 18 प्रतिशत और यदि नहीं किया गया है, तो पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा।




## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट....** होगी। सीनियर एडवोकेट चंदर उदय सिंह ने दलील दी कि यूपी में 2024 में धर्मांतरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेथ मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में नोटिस जारी किया था।

**देहरादून ...** होने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मजयाडा में तीन लोग मलबे में दबे होने और एक व्यक्ति लापता होना बताया गया। यहां पर कुछ आवासीय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, 13 दुकान, 8 होटल, 3 रेस्टोरेंट सहित सहस्रधारा-कार्लीगाड मोटर मार्ग भूस्खलन के कारण 9 से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ है। रा.पूर्व.मा. वि. चामासारी में बनाए गए राहत शिविर में कुछ प्रभावित लोगों को ठहराया गया है। शिविर में प्रभावित लोगों से मिलते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित परिवार यदि सुरक्षित स्थानों पर किराए में शिफ्ट होना चाहते हैं, तो उनको प्रति परिवार तीन माह तक 4-4 हजार रुपये किराया भी दिया जाएगा।

**मृतकों में...**समेत मजदूर बह गए। हादसे में मदन (45), नरेश (48), हरचरन (60), सोमवती (55), रीना (31) और किरन (35) की डूबकर मौत हो गई। सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा राज. कुमार (21), होराम (32) और सुंदरी (42) का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसी तरह अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा और आसपास के गांवों के 11 मजदूर भी देहरादून के बाजावाला गांव में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार को बादल फटने से रिस्पना नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस दौरान रहरा निवासी पुष्पेंद्र (20), पीतम (22) और पंकज (27) पानी के तेज बहाव में बह गए। पंकज का शव बरामद कर लिया गया है। पुष्पेंद्र और पीतम का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

**आरएलडी के...** को दिक्कत हो रही है। खासतौर पर बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मथुरा, शामली, बुलंदशहर और सहारनपुर जनपद में इससे आरएलडी को बड़ा फायदा होने जा रहा है। सपा के चुनाव न लड़ने के ऐलान से इसके ज्यादातर दावेदार फिलहाल आरएलडी का दामन थाम लेंगे। भाजपा के साथ जाने से आरएलडी को जो नुकसान हुआ था, उसकी एक ही झटके में भरपाई हो जाएगी। मगर दावेदार आरएलडी प्रमुख के अगले कदम पर नजर लगाए हुए हैं। उन्हें इसका भी अंदेशा है कि कहीं बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर एवं मेरठ का जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा से झटक कर आरएलडी अपना यह फैसला वापस न ले ले। क्योंकि आरएलडी के मौजूदा फैसले से भाजपा को ही बड़ा नुकसान होने जा रहा है। वैसे यह भी साफ है कि भाजपा के साथ गठबंधन करने से आरएलडी को कोई ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा है। सिर्फ केन्द्र व प्रदेश में मंत्री पद ही मिला है। प्रदेश में भाजपा की मनमानी चल रही है। आरएलडी के बड़े नेता भले ही परेशान न हो, मगर आम कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उसकी सुनवाई नहीं हो रही है और इसीलिए वह विभिन्न किसान संगठनों से जुड़ रहे हैं।

# 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई चालान होंगे खत्म

लखनऊ, वार्ता

उप्र परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई-चालानों को समाप्त करने का फैसला लिया है। अब इन चालानों को पोर्टल पर षडिस्पोस्ड अबेटेड (यदि मामला कोर्ट में लंबित था) और क्लोज्ड- आर (यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है) की श्रेणी में दिखाया जाएगा। इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे। हालांकि टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।

विभाग के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद वाहन स्वामी पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे। कोर्ट में लंबित प्रकरण 'डिस्पोस्ड अबेटेड' और ऑफिस लेवल पर समय-सीमा निकल चुके प्रकरण क्लोज्ड- टाइम-बार (नॉन-टैक्स) के रूप में दर्ज होंगे। विभाग ने साफ किया है कि यह केवल क्लोजर है यानि न तो किसी को रिफंड मिलेगा और न ही पुराने चालान दोबारा खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 लाख से ज्यादा ई-चालान प्रभावित आंकड़ों के मुताबिक 2017 से 2021 के बीच 30.52 लाख ई-चालान बने थे। इनमें से 17.59 लाख का निस्तारण पहले ही हो चुका है, जबकि 12.93 लाख चालान लंबित थे। लंबित चालानों में 10.84 लाख कोर्ट में और 1.29 लाख ऑफिस लेवल पर पेंडिग थे। अब इन सभी का डिजिटल निस्तारण समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। फ्रंट-एंड पर सभी अवरोध हटेंगे, जबकि बैक-एंड पर पूरा रिकॉर्ड और ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रहेगा। इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ किया जाएगा, जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 दिनों के भीतर सभी पेंडिग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा। इसके लिए हर हफ्ते एक डैशबोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट डाली जाएगी। एनआईसी पोर्टल में जरूरी बदलाव कर रहा है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित रहे। टैक्स से जुड़ी देनदा. रियां, पहले से जमा जुर्माना और कोर्ट आदेश यथावत रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।








## आफत की बारिशः देहरादून में बादल फटा, पुल और सड़कें भी टूटी, कई रास्ते बन्द, सीएम ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

# सहस्त्रधाराः कार्लीगाड़ में बादल फटने से भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** इस बार का मानसून पूरे उत्तराखंड के लिए आफत की बारिश लेकर आया हुआ है। आम जनजीवन के सामने लगातार मुश्किलें खड़ी कर रहा है। बारिश का मौसम जाते-जाते भी कई जिंदगियां साथ लेकर जा रहा है।

### 13 पुल, 10 पुलिया, 21 सड़कें मकान तबाह

जिला आपदा परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार देहरादून में अतिवृष्टि के कारण 13 व्यक्तियों की मृत्यु, 03 व्यक्ति घायल और 16 व्यक्ति लापता हुए है। वहीं सरकारी एवं निजी परिसंपत्तियों का भी भारी नुकसान हुआ है। देहरादून जनपद के सभी विकासखंडो में 13 पुल, 10 पुलिया, 02 मकान, 31 दीवार, 02 अमृत सरोवर, 12 खेत, 12 नहर, 21 सड़के, 7 पेयजल योजना, 08 हॉज, 24 पुस्ता आदि परिसंपत्तियों का भारी नुकसान हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है। प्रभावित लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। आपदा प्रभावित सभी क्षेत्रों में पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ क्विक रिस्पांस टीमें तैनात की गई है। रेस्क्यू कार्य के लिए जो भी आवश्यकता पड रही है, उस पर तत्काल कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से कार्लीगाड में फंसे 70 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को जल्द बहाल करने का प्रयास जारी है।

सोमवार की मध्य रात्रि (मंगलवार तड़के) सहधारा के कार्लीगाड़ में फटे बादल में 13 लोगों की मौत हो गई । शाम तक जिला प्रशासन ने फंसे हुए 70 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया था। घटना में 16 लोग लापता बताए जा रहे हैं और 3 लोग घायल हैं। इसके अलावा माल देवता क्षेत्र में भी भारी बारिश से नुकसान हुआ है।

चकराता रोड पर प्रेम नगर का पुल टूट गया। हरिद्वार रोड पर डोईवाला के पास सड़क भी टूट गई है । इन घटनाओं से आवाजाही भी बंद हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर जिला अधिकारी सविन बंसल और एसएसपी अजय सिंह अधिकारियों के अमले के साथ घटना स्थलों पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्यों को संभाला।



### पीड़ितों की मदद और सुविधाओं की व्यवस्था

जिलाधिकारी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र सहस्रधारा, मजयाडा, कार्लीगाड में पैदल भ्रमण करते हुए क्षति का निरीक्षण किया। डीएम सविन बंसल ने देहरादून शहर के मालदेवता, सहस्रधारा, मजयाडा, कार्लीगाड आदि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में ग्राउंड जीरो पर पहुंच कर मौजूदा स्थिति और क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवारों से भेंट करते हुए उन्हें हर संभव मदद पहुंचाने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और सीडीओ अभिनव शाह भी उनके साथ मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाए।

## जन्मदिन पर आपदा के मोर्चे पर जूझते रहे सीएम धामी

### सुबह सवेरे ही आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने निकले मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** अपने 50वें जन्मदिन के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सुबह से ही प्रदेश में आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर जूझते नजर आए। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने सुबह ही आपदा प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने के साथ ही अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक दिन पहले ही मंगलवार 16 सितम्बर को पड़ने वाले अपने जन्मदिवस अवसर पर किसी प्रकार का उत्सव या औपचारिक आयोजन नहीं करने का निर्णय ले चुके थे। मुख्यमंत्री ने अपना जन्मदिन सादगी और सेवा के साथ मनाने की घोषणा करते हुए, समर्थकों से भी सादगी का पालन करने की अपील की थी। इधर, मंगलवार तड़के से ही प्रदेश में कई जगह आपदा की सूचना आने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी जन्मदिन की खुशियों को भूलकर, आपदा प्रबंधन में व्यस्त हो गए। मुख्यमंत्री ने तड़के ही जिलाधिकारियों से आपदा से हुए, नुकसान का विवरण पूछा। साथ ही नौ बजे से पहले ही देहरादून में मालदेवता क्षेत्र में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए निकल गए। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर पर चढ़कर, नुकसान का जायजा लिया, साथ ही प्रभावितों को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास से प्रदेशभर की सभी तहसीलों में आयोजित तहसील दिवस कार्यक्रमों में वर्चुअल प्रतिभाग कर जनता से संवाद किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तहसील दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त मंच है तथा सरकार का लक्ष्य है कि हर शिकायत का तय समय में निस्तारण हो।

## बिजली, पानी, सड़क व अन्य सुविधाएं करें बहालः डीएम



**देहरादून।** जिला अधिकारी ने लोनिवि एवं पीएमजीएसवाई पर्याप्त संख्या में मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए अवरूद्ध सड़क एवं संपर्क मार्गो को शीघ्र सुचारू करें। प्रभावित क्षेत्रों में ड्राई राशन, राहत शिविर में ठहराए गए लोगों तक फूड पैकेट वितरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध की जाए। जिलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए।

### सीएम धामी ने जताया आभार

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से राज्य में राहत कार्य और तेजी से संचालित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक मशीनरी पूरी तत्परता से सक्रिय है और बचाव एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी देहरादून जनपद के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ उपस्थित हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रभावित परिवार को असुविधा न हो और राहत सामग्री, सुरक्षित ठहराव, भोजन, पानी एवं स्वास्थ्य सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं।

## तेज रफ्तार पानी में बहने से किठौर निवासी युवक कैफ की मौत

### देहरादून में अपने भाइयों के साथ टाईल्स पत्थर का करता था काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/मेरठ।** उत्तराखंड की शांत वादियाँ इस समय प्राकृतिक आपदा की चपेट में हैं। सहस्त्रधारा और मालदेवता क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं।

सहस्त्रधारा की पहाड़ियों पर बादल फटने से अचानक तेज बाढ़ आ गई। इस प्राकृतिक आपदा में काफी जान व माल का नुकसान बताया जा रहा है, इसमे मेरठ जनपद के किठौर निवासी एक युवक की भी मौत हुई है। मृतक युवक की पहचान जनपद मेरठ के कस्बा किठौर निवासी मोहम्मद कैफ पुत्र



अफजल(20) वर्षीय के रूप में हुई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मोहम्मद कैफ काफी समय से देहरादून में अपने भाईयों के साथ टाईल्स पत्थर का कार्य कर रहा था। बीती रात्रि में अचानक सहस्त्रधारा में बादल फटने से बाढ़ के साथ आई भारी मात्रा में मलबे ने वाहनों, घरों और जान माल को नुकसान पहुंचाया।

जिसमे किठौर निवासी मोहम्मद कैफ तेज रफ्तार पानी मे बह गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग की टीमों ने मौके पर पहुँच कर जेसीबी और अन्य भारी उपकरणों की मदद से मोहम्मद कैफ को पानी से बाहर निकाला। जहाँ डॉक्टरों द्वारा उसको मृत घोषित किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भेजा गया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।



## कांग्रेसियों ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश भर में हो रही भारी बारिश और देहरादून में बादल फटने की घटना के प्रभावित हुए क्षेत्रों का कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में दौरा किया।

हरीश रावत ने पर्यटक स्थल सहस्त्रधारा, राजपुर रोड़ के डीएल रोड़, अंबेडकर नगर क्षेत्र में अतिवृष्टि से आई आपदा का स्थलीय निरीक्षण किया। दूरभाष पर जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर क्षेत्र में हुए नुकसान के आकलन करने व पुश्तों को हो रही क्षति को रोकने के लिये सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिये। आपदा की जद में आये गांवों से विस्थापित किये गांववासियों से मिल उनकी समस्याओं को सुन जिलाधिकारी देहरादून से फोन पर वार्ता कर अवगत कराया तथा शीघ्र निवारण को कहा। इस दौरान विधायक प्रीतम सिंह, पूर्व विधायक राज. कुमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल. चंद शर्मा, गोदावरी थापली, सूरत सिंह नेगी, भूपेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ प्रभावितों की मदद को पहुंची जमीअत की टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जमीअत उलेमा- ए-हिन्द ने देर रात भारी अतिवृष्टि से हुऐ जानी और माली नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुये सरकार व जिला प्रशासन से बाढ़ पीड़ितों की समुचित सहायता करने की मांग की है।

मंगलवार को जमीअत जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जमीअत से जुड़े कार्यक्रताओं ने परवल, भगत सिंह कॉलोनी, एमडीडीए डालनवाला, अधोईवाला आदि क्षेत्रों में पहुंचकर प्रभावित परिवारों का हाल जाना। मन्नान कासमी ने कहा कि कल रात बादल फटने से सहस्त्रधारा और आसपास के इलाकों में भयानक तबाही हुई। कई मासूम जानें चली गईं और 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। परिवार अपने घर, सामान और अपनों को खोकर बेबस हैं। कहा कि जमीअत की टीम ने परवल, भगत सिंह कॉलोनी, एमडीडीए डालनवाला, अधोईवाला आदि क्षेत्रों में पहुंचकर प्रभावित परिवारों का हाल जाना। प्रभावितों के लिये भगत सिंह कॉलोनी, एमडीडीए डालनवाला व अधोईवाला में कैंप लगा कर भोजन-पानी आदि की व्यवस्था की गई है, ताके प्रभावितों को कुछ राहत पहुंचाई जा सके। इस मौके पर मास्टर अब्दुल सत्तार, मुफ्ति अयाज अहमद, मौलाना रागिब मजा. हिरी, मौलाना उमर, मौलाना रागिब, मौलाना नदीम अहमद, मौहम्मद इकराम, जाकिर अंसारी, कारी फरहान मलिक, कारी मुकीम आलम, मौहम्मद शाह नजर आदि मौजूद रहे।

## दून घाटी आंसुओं और तबाही के मलबे में दबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मंगलवार की रात दून घाटी पर मौत बनकर बरसी बारिश ने हर ओर मातम और अफरा-तफरी मचा दी। सहस्रधारा क्षेत्र में बादल फटने के बाद नदियां रौद्र रूप में आ गईं और अपने साथ कई जिंदगियां बहा ले गईं। डालनवाला, मालदेवता, सहस्रधारा और रिस्पना किनारे बसे इलाके भारी तबाही की चपेट में आ गए।

देहरादून की एमडीडीए कॉलोनी में भी बादल फटने का कहर साफ दिखा। यहां, बिट्टू, इंद्रसेन, राम सचिवन और जफर के मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए। चारों परिवार अब

### एमडीडीए कॉलोनी में तबाही की अलग तस्वीर

खुले आसमान तले बेघर हो गए हैं। संतराम के मकान में पानी भर गया, जिससे उनका घर रहने लायक नहीं बचा। मुन्ना भाई के घर में रखी सारी सब्जियां और सामान खराब हो गया। रोजगार चलाने का जरिया भी पानी में बह गया। सन्ना की बहन का दहेज का सारा सामान आपदा की भेंट चढ़ गया। बहन की शादी की तैयारियों में जुटे परिवार के सपने भी मलबे के ढेर में बदल गए। यहा करीब 200 से अधिक मकानों में मलबा आने की बात सामने आई है।

## मृतकों के परिजनों को दिए जाए 10-10 लाखः प्रीतम

### दैवीय आपदा प्रभावित परिवारों को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने मंगलवार को मुख्य सचिव आनंद वर्धन से मुलाकात कर देहरादून जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दैवीय आपदा में मारे गये प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रूपये व प्रभावित परिवारों को 5-5 लाख रूपये का मुआवजा दिये जाने और प्रभावित क्षेत्र के लोगों की जानमाल की सुरक्षा के लिये उन्हें सुरक्षित स्थानों में विस्थापित किये जाने की मांग की। प्रीतम सिंह ने कहा कि विगत रात्रि को देहरादून के में हुई भारी बरसात से मालदेवता, सहस्रधारा, रायपुर, नंदा की



चौकी सहित कई अन्य क्षेत्रों में जानमाल की भारी क्षति हुई है।

भारी बरसात के कारण पछुवादून, मसूरी, रायपुर व ऋषिकेश क्षेत्र का मुख्यालय से सम्पर्क टूट चुका है जिससे पीडितों तक राहत भी नहीं पहुंच पा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तराखंड प्रदेश मे आपदा का जायजा लेने आए और ऊंट के मुंह में जीरे जैसी 1200 करोड़ के मुआबजे कीघोषणा की जो कि आपदा मे हुए नुकसान को देखते हुए बहुत कम है। राज्य को आपदा राहत के लिए 20 हजार करोड़ रूपये निर्गत किए जाने की मांग की। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में विधायक द्वाराहाट मदन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक राज. कुमार, पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, मसूरी विधानसभा से प्रत्याशी रहीं गोदावरी थापली व अजय सिंह आदि मौजूद रहे।



# नैनीझील से नारायणनगर के बुर्जुग का शव बरामद



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर में मंगलवार को एक बुजुर्ग का शव नैनी झील में तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान समीपवर्ती नारायण नगर निवासी अनिल (60) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली एक महिला ने नैनी झील में शव को देखा और स्थानीय युवक को सूचना दी। युवक ने तत्काल तल्लीताल पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को झील से बाहर निकाला बाद में पुलिस ने जेब से मिले मृतक के पहचान पत्र से उसकी शिनाखत की और परिजनों को सूचना दी। परिजनों की मौजूदगी में मृतक के बेटे उत्तम ने शव की पहचान अपने पिता अनिल के रूप में की। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि मृतक अनिल कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और सोमवार को घर से नैनीताल आए थे जिसके बाद घर वापस नहीं लौटे थे। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है वही तल्लीताल थाने के एसओ मनोज सिंह नयाल ने बताया की शव को बीडी पांडे चिकित्सालय लाया गया जहाँ डाकटर ने बुजुर्ग व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। इस दौरान एसआई सुनील कुमार, चीता कांस्टेबल अमित गहलोत, राजकुमार कंबोज तथा सुरेश क्षेत्री समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# सीएम धामी के बर्थडे पर भाजपाइयों ने किया रक्तदान



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सूबे के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान शिविर में नितिन सिंह कार्की समेत मनोज साह जगाती, विकास जोशी, दयाकिशन पोखरिया, जगदीश बिष्ट, कमल जोशी, हेमा जोशी तथा महिका मेहरा ने रक्तदान किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री शांति मेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, मंडी परिषद उत्तराखंड के सलाहकार मनोज जोशी समेत आशीष बजाज, निखिल बिष्ट, मोहित लाल साह, प्रदीप आर्य, भारत सिंह मेहरा, जीवंती भट, लता दफौटी, बच्ची चंद्र समेत बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस डा.तरुण कुमार टम्टा, एसीएमओ संजीव खर्कवाल, एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा सहित डा. ममता पांगती, नंदा वल्लभ, गणेश व आकांक्षा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सदाबहार नाले को बरसाती नाले में मिलाने की मांग

बागेश्वर। कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल के पास बह रहे सदाबहार नाले को डिग्री कॉलेज गेट पास बरसाती नाले में मिलाए जाने की मांग को लेकर स्थानीय लोग डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां लोगों ने नारेबाजी करते हुए अपनी समस्या अधिकारियों तक पहुंचाई। उन्होंने कहा कि वे पिछले लंबे समय से एकसूत्रीय मांग को लेकर कई बार पत्र एवं प्रदर्शन कर चुके है। उसके बाबजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जबकि विद्यालय के पास आ रहा नाला पूरी तरह से सड़क में फैल रहा है। उक्त नाले में लोगों के घरों का गंदा पानी भी बहकर आ रहा है। जो फैलने के बाद सड़क के निकले हिस्से में लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इस मौके पर संघर्ष वाहिनी संगठन के जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने जल्द नाले का मिलान करने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतवानी दी है। इस मौके पर महेश सिंह, गीता देवी, केदार सिंह, रेखा गढ़िया, लीला देवी, तारा देवी, मंजू देवी, पार्वती देवी, चम्पा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### शराबी युवक पर ईंट से हमला करने का आरोप

**काशीपुर।** बिना बजह शराब के नशे में एक युवक ने एक आढ़ती के ऊपर ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप आरोपी से अपनी जान-माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। मौहल्ला थाना साबिक निवासी मोहम्मद शौकीन पुत्र मोहम्मद इकबाल ने मंडी चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पिछले कई वर्षो से मुरादाबाद रोड स्थित सब्जी मंडी में आढ़ती का कार्य करता आ रहा है। सोमवार की सांय करीब 6.30 बजे जब वह अपनी आढ़त पर हिसाब बना रहा था तभी अचानक सरवरखेड़ा निवासी इकरार नामक युवक ने शराब के नशे में आकर उससे गाली-गलोच करने लगा। उसे समझाने व विरोध करने पर उसने ईंट उठाकर उनके सर पर मार दी जिससे उसके सर पर गंभीर चोट लग गई साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पास खड़े लोगों ने सर से खून को बहता देख उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने पुलिस से उक्त युवक से अपनी जान माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

### संदिग्ध हालत में युवक की करंट से मौत

**काशीपुर।** संदिग्ध हालात में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कचनाल गाजी निवासी 25 वर्षीय साजिद पुत्र शहजादे खान घरों-दुकानों से कबाड़ खरीदने का काम करता था। सोमवार सुबह वह घर से कबाड़ खरीदने के लिए निकला था। देर रात तक घर से वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। सरजिद के भाई शाकिर खान ने बताया कि रातभर तलाश करते-करते मंगलवार सुबह लगभग चार बजे वह कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने परिजनों को एक फोटो दिखाया। बताया कि इस युवक का शव कुंडेश्वरी क्षेत्र में पुराने आरटीओ ऑफिस के पास मिला है। परिजनों ने फोटो देख कर उसकी शिनाख्त सरजिद के रूप में की। उधर पुलिस के अनुसार सोमवार की शाम किसी व्यक्ति ने सूचना दी। कहा कि पुराने आरटीओ ऑफिस के पास एक युवक के करंट लगने से मरने की आशंका है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो शव के दाहिने हाथ में बिजली अर्थिंग का तार पकड़ा था। मृतक अपने पीछे पत्नी, बेटे व परिजनों को रोता-बिलखता छोड़ गया है।

### विजय बॉबी सांसद के प्रतिनिधि नियुक्त

**काशीपुर।** सांसद अजय भट्ट ने पार्षद विजय बॉबी को काशीपुर खंड विकास क्षेत्र का अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर महापौर दीपक बाली ने पार्षद विजय बॉबी को शुभकामनाएं देते हुए उनके कुशल एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना है। उधर नगर निगम के सभी पार्षदों भाजपा के अनेक नेताओं ने इस मनोनयन पर विजय बॉबी को शुभकामनाएं दी है। वही श्री बॉबी ने भी सांसद प्रतिनिधि के रूप में उनका मनोनयन किए जाने पर सांसद अजय भट्ट तथा सभी पार्टीजनों का भी आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वह केंद्र व राज्य सरकार की जनहित की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और पार्टी को मजबूत करने हेतु हमेशा प्रयासरत रहेगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे।

### विधायक चीमा ने की सीएम से मुलाकात

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने देहरादून में मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने रोडवेज बस अड्डे को स्थानांतरित करने और आरओबी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने की मांग की है। विधायक चीमा ने ज्ञापन में कहा कि 5दिसंबर 2023 से लेकर 30 जून 2025 तक रोडवेज बस अड्डे को स्थानांतरित करने के लिए विभागीय स्तर पर कई बार पत्राचार हो चुका है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। यात्रियों को रोजाना भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने रामनगर रोड पर आरओबी निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट को 2016 में मंजूरी मिल चुकी थी और 2019 में कार्य प्रारंभ करने के आदेश भी जारी हो गए थे, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और देरी के कारण काम अधर में लटका हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की कि ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और आरओबी निर्माण का कार्य तत्काल पूरा कराया जाए।

### आईएमटी में स्वास्थ्य सुधार एवं जीवन आयु वृद्धि पर कार्यशाला का आयोजन

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित एससी गुड़िया आईएमटी में ज़िंदा है तो ज़िंदगी है विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन रोटरी कॉर्बेट काशीपुर तथा इनरव्हील क्लब ऑफ काशीपुर की संयुक्त पहल हेल्थ फॉर ऑलह के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यशाला में डॉ. रवि सहोता ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को विशेष जानकारियां दीं, जैसे कि जीवनशैली में सुधार, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और मानसिक स्वास्थ्य पर बल, सही शर्करा की पहचान प्राकृतिक एवं परिष्कृत शर्करा का अंतर और लेबल पढ़ने की आदत आदि की जानकारी दी। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, सचिव डॉ. निमिषा अग्रवाल एवं आईएसओ पूनम जोशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इससे पूर्व क्लब पदाधिकारियों ने डॉ. रवि सहोता को बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. सहोता ने युवाओं से कहा कि यदि आप स्वस्थ हैं तभी आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। ज़िंदा रहना ही असली ज़िंदगी जीने की पहली शर्त है। अंत में इस सफल आयोजन के लिए डॉ. सहोता ने क्लब एवं एससी गुड़िया आईएमटी परिवार का आभार प्रकट किया।

## अग्नि सुरक्षा से संबंधित दिए जरूरी निर्देश

**अल्मोड़ा।** आगामी त्यौहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई को लेकर फायर यूनिट ने कमर कस ली है। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने फायर उपकरणों व फायर रिस्क निरीक्षण कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र कुंवर ने बताया कि फायर स्टेशन अल्मोड़ा द्वारा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत पटाल, जौहरी, पलटन बाजार अल्मोड़ा में फायर मोटर इंजन के आने जाने का परीक्षण किया गया। दुकानदारों व स्थानीय लोगों को अग्निशमन वाहन के आवागमन वाले मार्ग को अवरोध मुक्त रखे जाने के आवश्यक सुझाव दिए गए। मुख्य बाजार पर लकड़ियों से बनी इमारतों, आवासीय घर, दुकान, होटल, आदि का अग्निशमन सुरक्षा को लेकर फायर रिस्क निरीक्षण किया।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** विकास भवन सभागार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर आधारित जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। अनीता कुमारी ने पीसीपीएनडीटी एक्ट, पॉश एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम, साइबर क्राइम, मोटर वाहन अधिनियम व किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भ्रूण लिंग जांच कानूनन अपराध है, जिसके लिए 3-5 साल की सजा व रुपये 50,000 तक का जुर्माना हो सकता है। डा. अनुपमा ह्यांकी ने मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी हेतु विभागीय समन्वय की बात कही, जबकि डा. मंजूलता यादव ने पोषण, टीकाकरण, एनीमिया व बाल लिंगानुपात पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका को रेखांकित किया। भारतीय मानक ब्यूरो के दीप चंद्र जोशी ने उपभोक्ता जागरूकता के तहत बीआइएस केयर ऐप की जानकारी दी और मानक चिन्हों की पहचान की विधि बताई। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संचालन सुरेन्द्र कुमार, जिला मिशन समन्वयक ने किया।

# सादगी से मनाया सीएम का जन्मदिन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन आज पूरी सादगी और सौम्यता के साथ मनाया गया। महापौर दीपक बाली ने इस अवसर पर पूरे काशीपुर में अलग अलग स्थानों पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और मुख्यमंत्री के स्वस्थ कुशल एवं दीर्घायु होने की कामना की। एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किये गए, एबीवीपी द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, नगर निगम प्रांगण में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में निगमकर्मी व पर्यावरण मित्रों ने अपने स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच कराई। इसके अलावा मंडी गेस्ट हाउस में अनाज मंडी व वसुधैव कुटुम्बकम द्वारा विशाल रक्तदान व जाँच शिविर, केवीआर हॉस्पिटल द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, कृषि



उत्पादन मंडी समिति द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर, और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में रक्तदान के साथ अपने स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच का लाभ उठाया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक संदीप दीक्षित, मुकेश चावला, प्रकाश नेगी, ब्लड बैंक प्रभारी जोगा सिंह, आदित्य तनेजा, देव गुप्ता, मुख्य नगर आयुक्त रविन्द्र बिष्ट, अशोक सैनी, संदीप सिंह, मंडी सचिव योगेश तिवारी, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, दीपक मित्तल, अजय अग्रवाल, सचिन गोयल, प्रदीप डाबर, गौरव अग्रवाल, डॉ. तरुण सोलंकी, डॉ. भारत भूषण, डॉ. राजीव कुमार, नगर निगम कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में घटे फरियादी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में आयोजित तहसील दिवस में काफी कम फरियादी पहुंचे। बैठक में पहुंचे दो फरियादियों ने उरेडा विभाग की जल विद्युत परियोजना से ग्रामीणों को लाभ देने की मांग, मंडलसेरा में पेयजल संकट दूर करने की मांग उठाई। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता में शामिल तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। किसी भी शिकायत को लंबित न रखते हुए निर्धारित समयावधि में समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जो मामले शासन स्तर से संबंधित हैं, उन्हें समय पर शासन को प्रेषित किया जाए और शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। तहसील दिवस के दौरान राम सिंह दानू ने बोरबलड़ा में उरेडा की लघु जल विद्युत परियोजना को शीघ्र पुन: प्रारंभ करने की मांग रखी। वहीं, पीपलचौक मंडलसेरा के निवासियों ने अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। अपर जिलाधिकारी ने इन शिकायतों पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी. तिवारी, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजुलता यादव, ईई जल निगम वीके रवि, आरडब्ल्यूडी संजय भारती, आयुर्वेद अधिकारी डा. निष्ठा कोहली शर्मा, तहसीलदार दलीप सिंह, युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत मौजूद रहे।

# सीएम के जन्मदिन पर सेवा कार्य

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कुष्ठ रोगियों भोजन और फल वितरित क मनाया और सीएम की दीर्घायु की कामना की। वहीं, नगर एवं ग्रामीण मंडलों में स्वच्छता और पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

नगर के करबला स्थित लेप्रोसी मिशन अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्म दिवस पूरे जिले के सभी मंडलों में सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भाजपा का हर कार्यकर्ता समाज सेवा की भावना के साथ जनता के बीच सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि आयोजन केवल



एक कार्यक्रम नहीं बल्कि पार्टी की उस मूल भावना का प्रतीक है जिसमें 'सेवा ही संगठन' की प्रेरणा निहित है। कार्यक्रम में महामंत्री दर्शन रावत, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, मेयर अजय वर्मा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, गोविन्द पिलखवाल, बिट्टू कर्नाटक, प्रकाश भट्ट, दर्शन रावत, देवेंद्र भट्ट, अर्जुन बिष्ट, अमित साह मोनू, मदन बिष्ट, संजय बिष्ट, ललित धपोला, सुनील बिष्ट, सौरभ वर्मा, हरीश कनवाल, नरेंद्र, विजय भट्ट, विनोद लटवाल, विपिन बिष्ट, अजय वर्मा, अर्जुन, कृष्ण बहादुर, अभिषेक जोशी, रेखा आर्य, किरण पंत, पूनम पालीवाल, प्रेम लटवाल, प्रदीप मेहता, आनन्द कनवाल, कैलाश गुरुरानी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जुलाई से अब तक स्कूलों में 35 अवकाश

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिले में पिछले जुलाई माह से मौसम विभाग की चेतवानी को देखते हुए अब तक विधालयों में करीब 35 दिनों का अवकाश घोषित किया जा चुका है। छुट्टी के लिए घोषित दिनों में कुल 10 दिन बारिश रही। जबकि अन्य दिनों चटक धूप खिली रही। हालांकि विकास खंड कपकोट के कुछ इलाकों में छुट्टी के अनुमान शत प्रतिशत सही रहा। बता दें कि मंगलवार को एक बार फिर जिले में मौसम की चेतवानी को देखते हुए छूटी घोषित की गई। सुबह करीब 6 बजकर 7 मिनट में मुख्य शिक्षा अधिकारी के नाम से आदेश लोगो के फोन में फ्लैस हुआ। हालांकि जब आदेश मिला तब जिला मुख्यालय में मौसम साफ था। धूप निकलने वाली ही थी। अधिकारियों के इस आदेश को पढ़ने के बाद अभिभावक नाखुश दिखे।

# मैराथन वुशु में आदेश प्रथम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** खेल निदेशालय उत्तराखंड के तत्वाधान में प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी वरुण बेलवाल के नेतृत्व में मंगलवार को सायन वृहद जन सहभागिता के अंतर्गत स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में 4 बजे इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम कैंपस गोलापार में ओपन पुरुष/महिलाओं की विशेष मेराथन वुशु तथा मार्शल आर्ट वुशु प्रतियोगिता हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त उपनिदेशक खेल सुरेश चंद पांडे व प्रभारी कीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल द्वारा संयुक्त रूप से जिसमें पुरुष वर्ग आदेश, रितिक, संदीप एवं महिला ग्रुप जावित्री, नेहा, तानिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही मास्टर आर्ट वुशु खिलाड़ी जूनियर बॉयज में गौरव, गर्वित, रक्षित, कमलेश, सीनियर बॉयज में नितिन, ऋतिक, जीत, योगराज, महिला जूनियर वर्ग में हिमानी, भूमि, नंदिनी, तनुजा, सब जूनियर महिला में पीहू, गार्गी, नैना तिवारी, पावनी को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश कुमार, महेश फर्त्याल, किशोर पाल, तिलोक जीना, श्याम मन्नू भट्ट, विनय जोशी, तनुजा आर्य, किरण मौर्य, रितिका जोशी, राहुल सिंह, गोपाल नेगी, कल्पित आदि मौजूद रहे।

## जागेश्वर धाम में वैश्विक पर्यटन की अपार संभावनाएं: गर्ब्याल

**अल्मोड़ा।** पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने मंगलवार को प्राचीन जागेश्वर धाम का स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कहा कि जागेश्वर धाम में वैश्विक पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं हैं और इन कार्यों से धाम की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता को और मजबूती मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जागेश्वर मास्टर प्लान का जायजा लेते हुए निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुए समय से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद किया।

# पहाड़ी आर्मी की आक्रोश रैली कल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मंगलवार को पहाड़ी आर्मी की जिला कमेटी की बैठक नवाबी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में सपन्न हुई। जिसमें संगठन के पुनर्गठन, विस्तार और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रेमा मेर को महिला जिलाध्यक्ष और कविता जीना को महिला नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

साथ ही फौजी राजेंद्र कांडपाल को जिलाध्यक्ष तथा फौजी भुवन पांडे को दोबारा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि पहाड़ी आर्मी गांव-गांव अभियान चलाकर पर्वतीय अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों की रक्षा करेगी। संगठन का उद्देश्य है कि हर वर्ग के युवाओं को




प्रेमा जिलाध्यक्ष, कविता बनी महानगराध्यक्ष

जोड़कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाए। बैठक में 2014 के कशिश हत्याकांड का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि इस मामले में आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से बरी किए जाने पर जनता में भारी आक्रोश है। इसके विरोध में 18 सितंबर बुधवार को दोपहर 2 बजे एक विशाल आक्रोश रैली निकाली जाएगी। रैली के माध्यम से सरकार से यह मांग की जाएगी कि इस हत्याकांड में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा पहाड़ी अस्मिता के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों से 18 सितंबर की आक्रोश रैली को समर्थन देने की अपील की। इस दौरान जिला प्रभारी हिमांशु शर्मा, पुष्कर मेहर, कृष्णकांत कफलटिया, नारायण सिंह बर्गली, दीपा मिश्रा, कंचन रौतेला, अंजू पांडे, गीता देवी, बबीता जोशी, मुनि बिष्ट, बी. मिश्रा, प्रकाश दानू, किशोर आर्य, सुभाष आर्य, इंद्रजीत सिंह बिष्ट, प्रकाश कांडपाल, मदन फर्त्याल, तारा सिंह, रेखा बिष्ट, पुष्पा अधिकारी, भूपेंद्र सिंह, जीएस रौतेला, हरेंद्र सिंह राणा, भूपेश जोशी, लीला भंडारी, पीयूष नेगी, भूमिका आर्य, गौरव रावत, गोविंद सिंह मेहर आदि शामिल थे।

# प्राचीन नौले की मरम्मत के समझौते पर वादाखिलाफी

## अधिकारियों के खिलाफ एक बार फिर से मोर्चा खोलेंगे ग्रामीण, 27 सितम्बर तक का अल्टीमेटम



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**सोमेश्वर।** एक साल पूर्व अतिबृष्टि से जमींदोज ग्राम सूपाकोट (लक्ष्मीपुर) के प्राचीन नौले की मरम्मत और गधेरे की निकासी का कार्य कराने हेतु 13 मई को ताकुला ब्लॉक के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच हुए समझौते का पालन नहीं होने से ग्रामीण गुस्से में हैं। प्रभावित ग्रामीणों की बैठक में दो टूक निर्णय लिया गया कि 27 सितम्बर तक मामले के समाधान हेतु ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो 48 घण्टे पूर्व के नोटिस पर कभी भी वादाखिलाफी के खिलाफ आन्दोलन किया जाएगा। बता दें कि 8 मई 2024 को सोमेश्वर घाटी में हुई अतिबृष्टि के कारण ग्राम सूपाकोट का प्राचीन नौला गधेरे के मलुए से जमींदोज हो गया था और गधेरे की निकासी अवरुद्ध हो जाने से पानी आसपास के मकानों में घुस गया था। प्रशासन की उपेक्षा से क्षुब्ध ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से नौले के अन्दर से मलुवा हटाकर जलश्रोत को पुनर्जीवित किया था। नौले की मरम्मत व गधेरे की निकासी की मांग को लेकर प्रभावित ग्रामीणों ने 8 मई 2025 को अल्मोड़ा स्थित चौघानपाटा में धरना-प्रदर्शन करने के बाद जब 13 मई को नौले में धरना व अनशन शुरु किया तो खण्ड विकास अधिकारी निर्देश पर वहां अधिकारियों की टीम पहुंची और अनशनस्थल पर ही लिखित समझौता हुआ कि नौले की मरम्मत का कार्य 15वें वित्त टाइड मद से और गधेरे में तटबन्ध का निर्माण और मलुआ हटाने का कार्य मनरेगा से किया जायेगा। इस कार्य को बरसात से पूर्व अधिकतम 15 जून से आरम्भ करने का लिखित समझौता होने के बाद आनन्दी पाण्डे ने अनशन समाप्त किया था। सोमवार की देर सांय सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे की अध्यक्षता में प्रभावित ग्रामीणों की बैठक हुई जिसमें 74 वर्षीय आनन्दी पाण्डे ने कहा कि एक साल पूर्व हुई अतिबृष्टि के दूसरी बरसात में भी नौले की मरम्मत और गधेरे के पानी की समुचित निकासी नहीं होने से उनके मकान को नुकसान हो रहा है। उन्होंने वादाखिलाफी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए पुन: नौले में आमरण अनशन पर बैठने का ऐलान किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 सितम्बर तक इस पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो 48 घण्टे पूर्व के नोटिस पर वादाखिलाफी के खिलाफ आर-पार का आन्दोलन किया जायेगा। अध्यक्षीय सम्बोधन में रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा कि आन्दोलन अथवा टकराव की स्थिति आने से पूर्व इस संवेदनशील मामले का समाधान सौहार्दपूर्ण वार्ता के माध्यम से कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौले के आस-पास सोलर लाइट लगाए जाने की मांग की भी अनदेखी की गई है जबकि नौले और गधेरे के पास झाडियों में जंगली जानवरों से खतरा बना रहता है। बैठक में धीरज पाण्डे, मोहित पाठक, महेश पाण्डे, देवकीनन्दन उप्रेती, पायल पाठक, उमेश पाण्डे, हरीश पाण्डे आदि थे।

# वार्ड 28 में पार्षद इमरान ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वार्ड नंबर 28 के पार्षद इमरान खान के कार्यालय उजाला नगर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में चंदन हॉस्पिटल द्वारा विशेष हेल्थ कार्ड वितरित किए गए, जिसकी एक वर्ष की वैधता है। कार्डधारक 3500 रुपये तक की फ्री फुल बॉडी चेकअप सुविधा का लाभ साल में किसी भी समय ले सकते हैं। इसके अलावा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में चंदन हॉस्पिटल की किसी भी शाखा पर दवाइयों और डॉक्टर परामर्श पर विशेष छूट भी उपलब्ध कराई जाएगी। पार्षद इमरान खान ने बताया कि जनता की सुविधा हेतु ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी जारी



रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि अगला शिविर कल, 17 सितम्बर को बरकाते रज़ा मस्जिद के पास, सफदर का बगीचे में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पार्षद इमरान खान ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है और भरोसा दिलाया कि वे जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे।

# सीएससी सेंटरों में नियम ताक पर

## एसएसपी के निर्देश पर पुलिस की पड़ताल में खुली पोल, 8 सेंटर सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नियमों की अनदेखी करने वाले सीएससी सेंटर पर पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने 8 सीएससी सेंटर सील किए तो वहीं 19 सेंटरों में जांच के दौरान कई अनियमितताएं मिली है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर मंगलवार को थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में सीएससी सेंटर में आमनागरिकों की सुरक्षा व सेवा की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी और सीओ रामनगर सुमित पांडेय की देखरेख में 5 टीमों ने बनभूलपुरा क्षेत्र के कुल 19 सीएससी सेंटरों में छापेमारी अभियान चलाया गया। जब पुलिस ने ग्राहकों की सेवा के नाम पर हर गली और नुक्कड़ पर



खुले सीएससी सेंटर पर छापा मारा तो कई खामियां सामने आई। छापेमारी के दौरान कुल 19 सेंटरों की चेकिंग की गई और अनियमितताएं पाए जाने पर 8 सेंटरों को तत्काल रूप से सील कर दिया है। पुलिस के अनुसार इन सीएससी सेंटर्स में रजिस्टर मेंटेन नहीं किए गए थे, रेट लिस्ट उपलब्ध नहीं थी, सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे और न ही संचालकों की शैक्षिक योग्यता का प्रमाण उपलब्ध थे। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि ग्राहकों की सेवा के नाम पर हर गली और नुक्कड़ पर खुले सीएससी सेंटरों द्वारा मौखल उड़ाया जा रहा है जिसको लेकर एसएसपी के निर्देश में कार्रवाई की गई। ऐसी कार्रवाई आगे भी रहेंगे ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवा मिल सके।

### यह सीएससी सेंटर सील

1–शब्बू सीएससी सेंटर, छोटी रोड बनभूलपुरा
2–सोल्यूशन पॉइंट, ढोकर बनभूलपुरा
3–साइबर प्लेनेट, छोटी रोड बनभूलपुरा
4–ग्राहक सेवा केंद्र, उत्तर उजाला बनभूलपुरा
5–नसीम सीएससी सेंटर, बड़ी मस्जिद के पास बनभूलपुरा
6–डिजिटल स्टेशन सीएससरी सेंटर, नूरी मस्जिद के पास बनभूलपुरा
7–अंसारी डिजिटल सेवा केंद्र, लाइन नंबर–16 बनभूलपुरा
8–देवभूमि जन सेवा केंद्र, लाइन नंबर–16 बनभूलपुरा

### यह मिली अनियमितताएं

1–रजिस्टर मेंटेन नहीं किए गए थे।
2–रेट लिस्ट उपलब्ध नहीं थी।
3–सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे थे।
4–संचालकों की शैक्षिक योग्यता का प्रमाण उपलब्ध नहीं थे।

# 240 नशीले इंजेक्शनों के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ बीती रात्रि चलाए गए अभियान के तहत एसओजी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को सफलता हाथ लगी है। स्कूटी में नशे के इंजेक्शनों की तस्करी करने वाले दो नशे के सौंदागरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 240 नशे के इंजेक्शनों की खेप बरामद हुई। तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को पुलिस ने सीज करते हुए दोनों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया। मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते सोमवार की रात्रि एसओजी व पुलिस को मुखबिर की सटीक सूचना मिली की एक स्कूटी से नशे के इंजेक्शन लाए जा रहे है। सटीक सूचना पर एसओजी प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह व कोतवाल राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित हुई और टीम ने मंडी क्षेत्र स्थित धौलाखेड़ा के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। चैकिंग के दौरान एक स्कूटी संख्या यूके04एबी– 6899 में दो युवक आते दिखाई दिए। जो टीम को देख भागने लगे। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए दोनो को दबोच लिया। उनके पास रखे थैले की तलाशी ली तो उसमे से 240 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए नशा तस्करों ने अपना नाम मोहम्मद अजहर पुत्र नियाज अहमद निवासी वार्ड नंबर–29 उत्तर उजाला बनभूलपुरा, शाहजेब उर्फ शानू पुत्र सुलेमान निवासी वार्ड नंबर–29 उत्तर उजाला बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने नशा तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए दोनो को जेल भेज दिया। टीम में एसओजी प्रभारी हरपाल सिंह प्रभारी, मंडी चौकी प्रभारी प्रेम विश्वकर्मा, हैड कांस्टेबल संजीत राणा, कांस्टेबल भूपेन्द्र जेस्टा, संतोष बिष्ट, अरुण राठौर, ललित मेहरा, अमर सिंह, राजेन्द्र जोशी शामिल रहे।



# धामी के जन्मदिन पर सेवा कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला मंत्री पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा योगेश सिंह रजवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वर्ण जयंती जन्मदिवस के अवसर पर वीरांगना संस्थान हल्द्वानी में सेवा कार्य किया। इस दौरान उन्होंने भिक्षा छोड़ शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के बीच केक काटकर उन्हें भोजन कराया और जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराई। योगेश रजवार ने भगवान से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वस्थ, दीर्घायु और ऊर्जावान रहने की कामना की। उन्होंने गोलू देव, माँ जिया, बाबा जागेश्वर महादेव और बाबा नीमकरौली महाराज से आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान योगेश रजवार ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी के जन्मदिवस पर सेवा कार्य करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के वंचित वर्गों तक पहुंचने और उनकी मदद करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में वीरांगना संस्थान के बच्चे और कर्मचारी मौजूद रहे।



### वृद्धा आश्रम में फल वितरित किए

**हल्द्वानी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को काठगोदाम मंडल द्वारा आश्रय सेवा समिति वृद्धा आश्रम, दमुवाढूंगा वार्ड–37 में फल वितरण किया गया। इस दौरान दमुवाढूंगा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का मालिकाना हक के लिए क्षेत्र को धारा 48 के तहत लाने के लिए आभार व्यक्त किया और उनकी दीर्घायु के लिए कामना की। इस मौके पर काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, पार्षद प्रतिनिधि हृदयेश कुमार, महामंत्री अरुण कुमार टम्टा, मनोज रावत, पूर्व प्रधान महेश जोशी, पनराम, मुन्नी बिष्ट, विकास सिजवाली, कन्नू बिष्ट, विपिन जोशी, उमेश सैनी, विक्रम अधिकारी, निर्मल चम्याल, मुन्ना शुक्ला, पंकज अधिकारी, अंजली बिष्ट, प्रेम बिष्ट, हेमा चौहान, टीना जोशी, लोकेश यादव, महेंद्र कुमार, रवि आर्या, मनोज आर्या आदि मौजूद रहे।



# सीएम के जन्मदिन पर जनता की समस्याओं का समाधान

## जनपदभर में लगे बहुउद्देशीय शिविर, योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर तक पहुँचाने के संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस के अवसर पर जनपद के सभी विकासखण्डों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। हल्द्वानी के राजकीय इंटर कॉलेज लामाचौड़ एवं ओखलकांडा विकासखण्ड स्थित तहसील खनस्यूँ परिसर में आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर जनता को योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा। हल्द्वानी शिविर का शुभारम्भ सांसद अजय भट्ट एवं विधायक बंशीधर भगत ने किया। वहीं ओखलकांडा शिविर में क्षेत्र प्रमुख केडी रुवाली, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणजनों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और शिविर में उपस्थित लोगों से संवाद किया। हल्द्वानी में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 69 लोगों का परीक्षण कर औषधि वितरित की। पशुपालन विभाग ने 27 पशुपालकों को दवा व जानकारी दी, उद्यान विभाग ने 17 किसानों को लाभान्वित किया और कृषि विभाग ने 46 लोगों को परामर्श व औषधि दी और विभागीय योजनाओं से जनता को रूबरू कराया और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। ओखलकांडा के खनस्यूँ परिसर में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि दी गई। साथ ही तमाम विभागीय योजनाओं का जनता तक लाभ पहुंचाया गया। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से स्वास्थ्य सुविधाएँ सीधे जनता तक पहुँचती हैं। इस अवसर पर हल्द्वानी के शिविर में दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, जिला पंचायत सदस्य डा. छवि कांडपाल, नोडल अधिकारी/उपजिलाधिकारी राहुल साह, सेवायोजन अधिकारी प्रियंका गड़िया, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, तहसीलदार अशुल भट्ट, खंड विकास अधिकारी देशराजा, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कोटलिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ओखलकांडा में आईएएस अंशुल भट्ट खण्ड विकास अधिकारी देशराजा, ज्येष्ठ प्रमुख सुरेन्द्र नदगली, जिला पचायत सस्दय प्रमोद कोटलिया एवं समस्त जनप्रतिनिधि व ग्रामीणवासी मैजूद थे।



### एसटीएच में साक्षात्कार

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को सीनियर रेजिडेंट और जूनियर रेजिडेंट पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार संपन्न हुआ। बता दे कि हाल ही में विभिन्न विभागों में सीनियर रेजिडेंट, जूनियर रेजिडेंट, ट्यूटर, डिमॉन्स्ट्रेटर के पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। मंगलवार को आयोजित साक्षात्कार में विभिन्न शहरों से आए 33 प्रतिभागियों ने जूनियर रेजिडेंट पद के लिए प्रतिभाग किया। चयन समिति में कॉलेज प्राचार्य डा. पंकज सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डा. शहजाद अहमद तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल रहे। प्राचार्य डा. पंकज सिंह ने बताया विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि जूनियर रेजिडेंट की कमी दूर होने से मेडिकल कॉलेज को बड़ी राहत मिलेगी और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होगी।

# मोदी के प्रति प्रेम और समर्पण की मिसाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के सुप्रसिद्ध व्यापारी और समाजसेवी डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपने प्रेम और समर्पण की एक अनोखी मिसाल पेश की है। उनकी 4 साल की पोती सानविका अग्रवाल भी नरेन्द्र मोदी की बड़ी दीवानी है और प्रतिदिन भगवान से प्रार्थना करती है कि भगवान जी हमें मोदी बाबा जी से मिलवा देना। मंगलवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बताया कि नरेन्द्र मोदी के सम्मान में कई अद्वितीय चीजें संग्रहीत की हैं। इनमें 60–70 किलो की नरेन्द्र मोदी की मूर्ति, 500 पृष्ठ की चार एल्बम जिसमें मोदी जी से संबंधित खबरें और सम्मान शामिल हैं, आगरा और रतलाम से बनवाए गए शुद्ध चांदी के सिक्के, केसरिया रंग का एक 200 वाला नोट का डिजाइन और मोदी जी के जन्मदिन और जन्म तिथि वाले नोट शामिल हैं। डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी और उनकी पोती सानविका ने नैनीताल–उधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट से निवेदन किया है कि वें उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलवाएं। सांसद जी ने आश्वासन दिया वे डा. गोल्डी के परिवार को मोदी जी से मिलवाएंगे। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सम्मान में भी शुद्ध चांदी के सिक्के और उनके जन्मदिन की तिथि वाले नोटों का संग्रह किया है।



# धामी के 50वें जन्मदिन पर 100 यूनिट रक्तदान

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने यादगार बनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 50वें जन्मदिन को भाजपा ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत के आवास पर रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमे लगभग 100 यूनिट से अधिक रक्तदान एकत्र हुआ। किया गया। कर जरूरतमंदों की मदद करने का यह प्रयास सराहनीय रहा। शिविर में कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत भी मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का जन्मदिन प्रदेश भर में जनहित के कार्यों में भागीदारी कर मना रहे हैं। रक्तदान किसी को जीवनदान दे सकता है और यह जरूरतमंदों के लिए एक अनमोल उपहार है। यह आयोजन न केवल मुख्यमंत्री के जन्मदिन को यादगार बनाता है, बल्कि पार्टी की सामाजिक सेवा की भावना को भी दर्शाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं के इस प्रयास से स्थानीय स्तर पर रक्त की कमी की समस्या को भी दूर किया जा सकेगा। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर आम जनता की सेवा करने का निर्णय भाजपा ने लिया है। रक्तदान शिविर के माध्यम से हम अस्पतालों में इलाजरत लोगों की मदद कर रहे हैं। इस दौरान प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, दान सिंह भंडारी, रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल, विकास भगत, प्रताप बोरा, कमल नयन जोशी, संदीप सनवाल, दलीप नेगी, कंचन उप्रेती, कमलेश पांडे, विक्रम जंतवाल, महेंद्र नेगी, अल्का जीना, कल्पना बोरा, ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप, पूरन गौड़, सुरेश गौड़, दीपक सनवाल, दिगंबर भोजक, प्रकाश पटवाल, गोविन्द बर्ती, शोभन भड़, मनीष आर्या, उमेश बिनवाल, त्रिलोक निगल्टिया, राजेंद्र नेगी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शारदा मार्केट में सड़क खस्ताहाल, भड़के व्यापारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शारदा मार्केट की खस्ताहाल हो चुकी सड़क का तत्काल ठीक कराने और ट्रांसपोर्ट नगर निरीक्षक की कार्यशैली में सुधार लाने की मांग को लेकर प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के संयोजक धर्म यादव और प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान से मुलाकात की और उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने जिला विकास प्राधिकरण पर आमजन का उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया। साथ ही चेताया कि यदि उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं तो व्यापारी बाजार बंद कराने को बाध्य होंगे। इस दौरान प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शारदा मार्केट में कई माह से सड़क क्षतिग्रस्त है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में आम जनता इस सड़क का प्रयोग करती है और हमेशा कोई बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इस सम्बन्ध में प्रशासन को कई बार अवगत कराया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने शीघ्र सड़क बनाये जाने को लेकर मौके पर ही नगर आयुक्त ऋचा सिंह से बात की। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण की कार्यशैली और कारनामों से सभी भली भांति परिचित है कि इनके द्वारा आम जन का अनावश्यक उत्पीड़न किस प्रकार किया जाता है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्राधिकरण का उत्पीड़न बंद किया जाये। जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट और ट्रांसपोर्ट नगर प्रभारी अश्मित गुजराल ने ट्रांसपोर्ट नगर में पार्कों में खड़ी गाड़ियों को हटाए जाने की मांग करते हुए यातायात नगर के निरीक्षक की कार्यशैली में सुधार लाए जाने की बात की। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने यातायात निरीक्षक को अपने कार्यालय में तलब किया। इस दौरान प्रदेश सचिव राकेश गुप्ता, ललित जायसवाल, रामदत्त उप्रेती, सैफी सिद्दीकी, श्याम सिंह मेहरा, राजीव शर्मा, नुसरत सिद्दीकी, नवीन चंद्र, निशांत मल्होत्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, दीवान बिष्ट मौजूद रहे।



### प्राधिकरण पर उत्पीढ़न का आरोप लगाया

# काले वस्त्र पहनकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के 30वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। बागजाला वासियों ने आंदोलन का एक महीना पूरे होने पर भी मांगों पर राज्य सरकार द्वारा ध्यान न दिए जाने के विरुद्ध पर काली पट्टी, काले झंडों और काले वस्त्र पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में मदद करने के बजाय मुख्यमंत्री के जन्मदिन के होर्डिंग और विज्ञापनों पर करोड़ों–अरबों रुपये खर्च कर रही है, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि बागजाला के ग्रामीण अपने वाजिब अधिकारों के लिए एक महीने से धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार को जनता का दु:ख दर्द दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा आगामी 20 सितंबर को बुधपार्क हल्द्वानी में अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला द्वारा भूमि अधिकार सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा। धरने में आनन्द सिंह नेगी, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, गोपाल सिंह बिष्ट, नफीस अहमद खान, संजय कुमार टम्टा, प्रेम सिंह नयाल, गोपाल सिंह बिष्ट, अनीता अन्ना, आजम, दीवान सिंह बर्गली, चन्दन सिंह मटियाली, तेजपाल, जितेंद्र गुप्ता, मुकेश गुप्ता, भोला सिंह, नसीर अहमद, भावना, भगवती गोस्वामी, चन्दन, गोकुल प्रसाद, पारवती, महेश राम, दीपा, सुनीता, मीना, महेश राम, ललित प्रसाद आदि मौजूद रहे।



### छात्रसंघ चुनाव की आड़ में अराजकता

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की आड़ में जमकर अराजकता हो रही है। सोमवार को कॉलेज परिसर उस समय अफरा–तफरी मच गई जब दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते नौबत मारपीट तक पहुँच गयी। दो गुटों के बीच हुए झड़प का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। जिसके बाद कॉलेज प्रशासन और पुलिस हरकत में आया। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर छात्रों के दो गुटों के बीच कहासुनी हो गयी और उसके बाद मामला इतना गरमा गया कि दोनों गुटों में हाथापाई शुरू हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया लेकिन उससे पहले ही दोनों गुट वहा से खिसक गए। इधर कॉलेज प्रशासन का कहना है कि छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और सख्ती बढ़ाई जाएगी। छात्रों से भी संयम और सहयोग की अपील की गई है।

# एनएच अधिकारी तलब

## हाइवे की बदहाल स्थिति पर डीएम सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल हल्द्वानी हाइवे के रानीबाग से ज्योलिकोट के मध्य खराब हुई सड़कों को लेकर जिलाधिकारी वंदना ने मंगलवार को एनएच के अधिकारियों को तलब किया। इसके साथ ही अधिकारियों को एक सप्ताह में सड़क का पुन: नवीनीकरण कार्य आरम्भ करने के निर्देश दिए और खराब गुणवत्ता के लिए सरकारी धन की बर्बादी करने के आरोप में विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करने के लिए आदेशित किया, साथ ही उन्होंने एनएच के अधिशासी अभियंता को कार्य की स्वयं मानीटीरिंग करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि उक्त सड़क का डामरीकरण 2021 में हुआ था, तथा अभी सड़क को मरम्मत करने और देखरेख की जिम्मेदारी ठेकेदार की ही है, जिसके लिए ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। जिलाधिकारी ने इस पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि तीन साल की अवधि में सड़क का पूर्णतया खराब होना ये प्रदर्शित करता है कि डामरीकरण के समय जो अधिकारी गुणवत्ता मॉनिटरिंग के लिए उत्तरदाई थे उनके द्वारा अपनी ड्यूटी नहीं की गई, अभी भी विभाग नोटिस के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह में सड़क का पुन: नवीनीकरण कार्य आरम्भ करने के निर्देश दिए और खराब गुणवत्ता के लिए सरकारी धन की बर्बादी करने के आरोप में विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करने के लिए आदेशित किया। अधिशासी अभियंता इस सड़क के समय अवधि से पहले खराब होने की जांच करते हुए जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज करवाएंगे।

# मुक्केबाजी में पीहू ने बढ़ाया मान

## स्वर्ण पदक जीतने वाली बेटी का रोडवेज कर्मचारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम की बेटी पीहू आर्या ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्कूली राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 42 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हाल ही में महेंद्रगढ़, हरियाणा में आयोजित हुई थी।

पीहू आर्या काठगोदाम के प्रतापगड़ी क्षेत्र की निवासी हैं। उनके पिता दीपक कुमार उत्तराखंड रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता आरती एक गृहिणी हैं। पीहू वर्तमान में गुरु तेग बहादुर स्कूल हल्द्वानी में कक्षा 9वीं की छात्रा हैं। मात्र 7 वर्ष की आयु से मुक्केबाजी में कदम रखने वाली पीहू को कोच गौरव भंडारी के मार्गदर्शन में चंद्रयाल एकेडमी, काठगोदाम में प्रशिक्षण मिल रहा है। स्वर्ण पदक जीतकर घर लौटने पर काठगोदाम डिपो में रोडवेज कर्मचारियों और अधिकारियों ने पीहू आर्या का जोरदार स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम गणेश चंद पंत, सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पाण्डे, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के कमल पपनै, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट, केंद्र प्रभारी मनोहर रावत, और कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। डिपो में हुए इस सम्मान समारोह में कैलाश कांडपाल, अजय शर्मा, हेमंत गड़िया, हरीश रावत, मंजू तिवाड़ी, विमला बिष्ट, रोहित मिश्रा, कमल बिष्ट, रितेश आर्या, हीरा राणा, सुरेश आर्या, बलदेव सिंह, और जगत बोरा समेत कई कर्मचारियों ने पीहू को बधाई दी।



# हल्द्वानी में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन कल से

## राम बारात वाले दिन रूट डायवर्ट रहेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की सबसे प्राचीनतम श्री रामलीला मंचन 18 सितंबर को गणेश पूजन के साथ दिन की लीला का शुभारंभ होगा, जबकि 22 सितंबर से रात्रि लीला का मंचन प्रारंभ किया जाएगा। मंगलवार को श्री रामलीला संचालन समिति की एक बैठक सिटी मजिस्ट्रेट एवं रिसीवर गोपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता में रामभवन में संपन्न हुई, जिसमें कुमाऊं की सबसे प्राचीन रामलीला मंचन से संबंधित सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। 18 सितंबर को श्री रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ किया जाएगा। रामलीला कमेटी के व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया कि इस बार एक नवरात्रि बढ़ रही है, इसलिए रामलीला भी एक दिन पहले प्रारंभ हो जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने कहा कि राम बारात वाले दिन शहर का ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। बैठक में रात्रि लीला, पुतलों का निर्माण, आतिशबाजी, राम बारात, सुरक्षा व्यवस्था, शोभा यात्रा आदि पर विस्तृत चर्चा हुई और विभिन्न समितियां बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में वेद प्रकाश अग्रवाल, एनबी गुणवंत, भोलानाथ केसरवानी, विवेक कश्यप, भवानी शंकर नीरज, गोपाल पाल, पंकज कपूर, अरुण अग्रवाल, प्रदीप जनोटी, दिनेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, पंकज कपूर, बसंत अग्रवाल, तनुज गुप्ता, पंकज कपूर, सौरभ अग्रवाल, सुनील सडाना, रूपेंद्र नागर, हितेश पांडे, हरिमोहन अरोरा, डीके गुप्ता ,सूरज पाल आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946–250286
मुख्यालय:
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अधेड़ का सड़क किनारे बरसाती नाले में मिला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**शक्तिफार्म।** मंगलवार सुबह देवनगर बाईपास पर सड़क किनारे बरसाती नाले में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह-सुबह सड़क से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने जब पानी में शव देखा तो कुछ ही देर में घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। लोगों ने शव की पहचान मिलन विश्वास (65) निवासी दीनदयाल वार्ड नंबर-4 के रूप में की। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव देखते ही बेसुध हो गए। घर का माहौल चीख-पुकार से गूंज उठा। सूचना मिलते ही शक्तिफार्म चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार, मामले की पूरी जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कुछ



लोग इसे हादसा मान रहे हैं, जबकि कई लोगों का कहना है कि मौत के पीछे कोई और वजह हो सकती है। नाले में शव मिलने के कारण रहस्य और गहरा हो गया है। मृतक मिलन विश्वास के पड़ोसियों के अनुसार वह एक सरल और मिलनसार व्यक्ति थे।

रोजाना की तरह वह घर से निकले थे, लेकिन इस तरह वापस लौटेंगे यह किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था। घटना के बाद पूरे वार्ड में मातम पसरा हुआ है और लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे हैं।

# खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मारे छापे

■ दो औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के क्रय विक्रय पर रोक लगाते हुए लाइसेंसों को मौके पर निलंबित करने की संस्तुति

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के दिशा निर्देश पर रामनगर क्षेत्र में औषधि निरीक्षक अर्चना उप्पल गहतोड़ी द्वारा औषधि विक्रेता फर्मों का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि रामनगर में कुल 05 औषधि विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया गया। तीन औषधीय नमूने गुणवत्ता जांच के लिए गए। उन्होंने बताया कि गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर दो औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के क्रय विक्रय पर रोक लगाते हुए लाइसेंसों को मौके पर निलंबित करने की संस्तुति की गई।

कुछ औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाए जाने पर फर्मों को मौके पर नोटिस दिया गया। साथ ही औषधि निरीक्षक ने कारोबारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से बताया कि दवा प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से फार्मासिस्ट की उपस्थिति आवश्यक है और समय-समय पर एक्सपायर दवाईयों का सही स्टॉक से अलग करना, सीसीटीवी कैमरा लगाने और औषधियों



को बिना डॉक्टर के परामर्श के विक्रय न करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल स्टोरों का उचित रख-रखाव एवं भंडारण औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 के अनुसार करना आवश्यक है।औषधि निरीक्षक अर्चना ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 के प्राविधानों के अनुपालन संबंधी लापरवाही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। एक्ट का उल्लघंन करने वाले प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# बंदरों के आतंक से नगर वासियों को मिली निजात



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बंदरों के काटने और कपड़े फाड़ने तथा खाने पीने के सामान को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लम्बे अरसे से चली आ रही थी, बन्दरों के आतंक से त्रस्त नगर वासियों की समस्या का संज्ञान लेते हुए चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने बताया कि पालिका टीम द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत बंदरों के विरूद्ध अभियान चलाकर लगभग 80 बंदरों को पकड़कर सुरक्षित गड़प्पू वन क्षेत्र में छोड़ दिया है।

उन्होंने बताया कि बंदरों के उत्पात से नगरवासी अच्छे खासे परेशान थे और बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग कर रहे थे। पालिका कर्मचारी सीताराम तिवारी की अगुवाई में आगरा से आई टीम द्वारा बंदरों को पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। चेयरमैन गित्ते ने कहा कि आवारा पशुओं को लेकर भी जल्द अभियान चलाकर उन्हें गौशाला छोड़ा जाएगा। उन्होंने पशुपालकों से अपने-अपने पशुओं को बांधकर रखने की अपील की है। बन्दरों से निजात दिलाने की पहल के लिए नगर वासियों ने पालिकाध्यक्ष और उनकी टीम की सराहना की है।

# जनसेवा और स्वच्छता को समर्पित दो दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ आगाज

■ वेंडिंग जोन में महिला हाट बाजार, बहुद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर निगम रुद्रपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय महिला हाट बाजार, बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सोमवार को वेंडिंग जोन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महापौर विकास शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, एसडीएम मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल और पूर्व महापौर रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की।

इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता



की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान डीडी चौक से पारले चौक और इंदिरा चौक से गावा चौक तक विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। महापौर सहित सभी विशिष्ट अतिथियों ने स्वच्छता कार्य में लगे पर्यावरण मित्रों को कंबल व हेल्थ किट प्रदान कर सम्मानित किया। महिला हाट बाजार में स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री, घरेलू उत्पाद आदि प्रमुख रूप से उपलब्ध थे। वहीं बहुद्देशीय शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना सहित राज्य व केंद्र सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मौके पर लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। शिविर में लगाए गए चिकित्सा शिविर का शुभारंभ महापौर विकास शर्मा ने स्वयं हेल्थ चेकअप कराकर किया। शिविर में लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेश कोली, एसडीएम मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीयूष रंजन, शिक्षा अधिकारी ममता श्रीवास्तव, मुकेश पाल, सुनील ठुकराल, पारस चुघ, जितेंद्र संधू, मोर सिंह यादव, विजय तोमर, स्वाति शर्मा, साधना शर्मा, छाया शर्मा, रचित सिंह, नागेंद्र शर्मा, बिट्टू चौहान, संदीप वाल्मीकि, राधेश शर्मा, निमित्त शर्मा, मानवेंद्र राय, पार्षद राजेश जगा, विष्णु, चिराग कालरा, सोनू मुल्तानी, अंकित आदिवासी, नीलम कोली, सुनील चौहान, तरुण दत्ता, रश्मि रस्तोगी, शिवकुमार राय, परवेज खान, मुकेश रस्तोगी, पार्षद राजेंद्र राठौर, पार्षद गोविंद शर्मा, दीपक राठौड़, नितिन ठाकुर, आकाश रस्तौगी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# मुस्लिम समाज ने पेश की मानवता की मिसाल

■ उलेमा-ए-अहले सुन्नत ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी सहायता राशि

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उलेमा-ए-अहले सुन्नत खटीमा संस्था द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि भेजकर मानवता की एक सुंदर मिसाल पेश की गई है। विगत दिनों पंजाब में आई बाढ़ के मंजर ने लोगों के रोंगटे खड़े कर दिए। बाढ़ से पंजाब में भारी तबाही हुई और लोगों का जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त हो गया।

भारी संख्या में लोगों के घर, मकान, मवेशी, समान, खेतों में खड़ी फसलें बाढ़ की भेंट चढ़ गई। वहीं बाढ़ की त्रासदी में अनगिनत लोगों की जानें चली गई और कई गांवो का नामोनिशान मिट गया। बाढ़ प्रभावितों के खाने का अनाज,



पीने का साफ पानी, पहनने के लिए कपड़ा अन्य जरूरी सामान सब कुछ बर्बाद हो गया। ऐसे स्थिति में अपने नैतिक कर्तव्य और मानवता का परिचय देते हुए तमाम लोग और संगठन पंजाब के बाढ़ पीड़ितों का सहारा देने के लिए आगे आए। तमाम लोग और संगठन पंजाब की मदद कर रहे हैं। वहीं मुस्लिम समाज भी नाग काम में पीछे नहीं है। ऐसी विषम परिस्थिति में मुस्लिम समाज ने भी इंसानियत, भाईचारा, प्यार, नैतिकता और मानवता का परिचय दिया है। इसी क्रम में खटीमा के मुस्लिम समाज के लोगों ने भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राशि एकत्रित की। जिसको उलेमा-ए-अहले सुन्नत संगठन की देखरेख में मंगलवार को खटीमा गुरुद्वारा के माध्यम से पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी गई। इस मौके पर इरफानुल-हक कादरी, मुफ्ती फरयाद आलम, मुफ्ती सईद अनवर इरशादी, हाफिज शराफत अजहरी, हाफिज अब्दुल बासित, मौलाना आदील फय्याजी, नासिर खान, शमसुल हसन, रियाज अहमद मंसूरी आदि ने गुरुद्वारा प्रबंधन समिति को धनराशि भेंट की।

# पूरी दुनिया के लिए आदर्श हैं श्री रामः चुघ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** प्रभु श्री राम पूरी दुनिया के लिए आदर्श हैं। प्रभु श्री राम की भक्ति और उनके बताए गए आदर्शों को आत्मसात कर हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने बीती रात श्री श्री शिव मंदिर 84 घंटा कमेटी के तत्वावधान में रम्पुरा में हो रही रामलीला का शुभारंभ करने के दौरान कही।

उन्होंने दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। रामलीला मंचन के अध्यक्षता हरीश भट्ट ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में मनदीप वर्मा और रोहित गुंबर उपस्थित रहे। बीती रात मंचन के दौरान लक्ष्मण मूर्छित और हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाना दिखाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय योगी सेना



और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने श्री चुघ अभिनंदन किया।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में रामलीलाओं का मंचन किया जाता है ताकि आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म और संस्कार के प्रति जागृत हो। इस दौरान एपी भारद्वाज, नरेश चंद्र शर्मा, संजय चौधरी, हरिओम, चंद्रपाल कोली, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव गुप्ता, प्रेमपाल गंगवार, छत्रपाल गंगवार, राम अवतार शर्मा, रविंद्र यादव, शोभा सक्सेना, आरती, गिरिजा देवी, श्याम काली, कल्लू राम कोली, याद राम कोली, धर्म सिंह कोली, वासुदेव भगत, भगवान दास, लालमन कोली, कृष्ण कोली, राहुल,चंद्रपाल, विनोद, महेश, जुगल किशोर, राकेश, अमलेश, धर्मेंद्र ,पातीराम, पप्पू कोली, मुन्नालाल, राजकुमार, राम बहादुर, दिनेश, आशीष श्रीवास्तव, राहुल आर्य, रोशन लाल, दिनेश आदि मौजूद थे।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुई 34वीं मां वैष्णो दरबार यात्रा

■ महापौर विकास शर्मा और उनकी धर्मपत्नी गीता शर्मा ने ध्वज पूजन कर किया रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा आयोजित 34वीं वार्षिक मां वैष्णो दरबार यात्रा का शुभारंभ दुर्गा मंदिर से पूरे धार्मिक विधि-विधान और भक्ति भाव के साथ किया गया। महापौर विकास शर्मा और उनकी धर्मपत्नी गीता शर्मा ने मुख्य यजमान के रूप में यात्रा का शुभारंभ पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया। इस अवसर पर महापौर ने सभी श्रद्धालुओं को यात्रा की मंगलकामनाएं दीं और मां वैष्णो देवी के चरणों में शीश नवाकर श्रद्धा से यात्रा को रवाना किया।

सुबह 8.15 बजे दुर्गा मंदिर परिसर में पंडित नवीन शास्त्री और महंत राजीव ठक्कर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना और मां दुर्गा की आरती कर माँ को चुनरी अर्पित की गई। इसके बाद दुर्गा मंदिर से भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई, जिसकी अगुवाई महापौर विकास शर्मा, गीता शर्मा और यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने की। ध्वज यात्रा के पांच मंदिर पहुंचने पर सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर और महामंत्री ओमप्रकाश अरोड़ा सहित अन्य सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। तदुपरांत वहां पर माता के मंदिर चुनरी और ध्वज चढ़ाकर भजन कीर्तन किया गया। तत्पश्चात सभी तीर्थ यात्रियों को महापौर विकास शर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए आगे की लिए यात्रा के लिए रवाना किया।



इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर की यह वार्षिक मां वैष्णो दरबार यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह यात्रा हमें न केवल अध्यात्म से जोड़ती है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम बनती है। हम सबको गर्व होना चाहिए कि हमारे शहर में यह धार्मिक उत्सव इतने भव्य और श्रद्धापूर्ण ढंग से आयोजित होता है। यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल और प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली ने जानकारी दी कि यात्रा में शामिल भक्तों का दल 21 सितंबर को मां ज्वाला देवी की पवित्र ज्योति लेकर रुद्रपुर वापस लौटेगा। यात्रा मार्ग में विभिन्न पावन स्थलों पर दर्शन-पूजन किए जाएंगे। इस अवसर पर जाने वाले सभी यात्री ओर भक्त समिति के संयोजक वेद ठुकराल ,दुर्गा मंदिर सभा की अध्यक्ष श्री रेणु अरोरा , किशन नारंग ,गुरशरण बब्बर, केवल बत्तरा , विजय फुटेला , बाजार पार्षद चिराग कालरा, राजकुमार सीकरी, योगेश अरोरा, राकेश सुखीजा, दीपक अरोरा, अमित दुआ, हरीश ठुकराल, अमित बागा , श्वेता गाबा, रजनी बत्रा, साथ ही 34 वी मां वैष्णो दरबार यात्रा में जाने वाले यात्रियों में संयोजक वेद ठुकराल, महंत राजीव ठक्कर, सह संयोजक मोहित बत्रा, प्रवक्ता पवन गाबा, नजीर शेरगिल, विपिन अरोरा, अंश कक्कड़, राजेंद्र अग्रवाल, अजय फुटेला, सीमा रानी, राम राजदेव, अगम अग्रवाल, प्रभात मंडल, प्रभाती मंडल,संजीव राय, सविता राय, महेश गंगवार आदि भक्त थे।

# खकरा नाले के उफान से निजात दिलाने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर के आवास विकास कॉलोनी वार्ड संख्या 19 के वार्ड वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी रामू को ज्ञापन सौंप कर खकरा नाले से होने वाले नुकसान से निजात लाने की मांग की। वार्ड वासियों ने कहा कि वर्षों पूर्व हुई नाले की पिचिंग वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। जो कॉलोनी को भारी नुकसान पहुंचने लगा है। पालिका अध्यक्ष जोशी ने स्थलीय निरीक्षण कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

वार्ड सभासद मुकरजीत सिंह राणा की देखरेख में पालिका अध्यक्ष जोशी से मिले वार्ड वासियों ने बताया कि वर्षों पूर्व हुई खकरा नाले की पिचिंग में अब दरारें पड़ चुकी हैं। इन दरारों से उफनते खकरा नाले का पानी आवास विकास कॉलोनी में भरने लगा है। उन्होंने अविलंब खकरा नाले की पीचिंग कराने व वार्ड वासियों को जल भराव से निजात दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपकर मांग करने वालों में राकेश कुमार, सोनू देवल, अभय सिंह, सूरज कश्यप, रोहित जोशी आदि मौजूद थे।

## सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स श्री श्याम जी पैडी प्रोडक्ट्स, रुद्रपुर रोड, लालपुर, ऊ. सिंह नगर जो कि एक पंजीकृत साझेदारी फर्म है, से दिनांक 01-10-2014 को फर्म का पुनर्गठन नवीन शर्तों के अनुरूप मुकेश गोयल एवं अंजु गोयल के चले जाने के बाद अब फर्म के नये/निरन्तर साझेदार प्रवीन गोयल, मुनीष कुमार गोयल एवं आकाश गोयल हैं।

**कृते मैसर्स श्री श्याम जी पैडी प्रोडक्ट्स**
**रुद्रपुर रोड, लालपुर, ऊ. सिंह नगर**
**द्वारा मुनीष कुमार गोयल**



# ई नाम पोर्टल पर सर्वाधिक व्यापार करने वालों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति बाजपुर में ई-नाम दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया स जिसमें माह अगस्त में ई-नाम पोर्टल पर सर्वाधिक व्यापार करने वाले एक कृषक इंदरप्रीत सिंह एवं व्यापारी मै. बरार फ्रोजन फूड्स , बाजपुर क्षेत्र के प्रगतिशील किसान राजविंदर सिंह को प्रभारी अधिकारी/ उप जिलाधिकारी डॉ.अमृता शर्मा द्वारा शाल भेंट कर प्रशस्ति पत्र व प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सचिव कैलाश चंद शर्मा द्वारा बैठक में उपस्थित किसानों व व्यापारियों को मंडी समिति की कल्याणकारी योजनाओं एवं ई-नाम परियोजना से संबंधित पीओपी की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मंडी समिति का समस्त स्टाफ एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन पर पांच मंदिर में हुआ हवज यज्ञ



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के जन्मदिन के अवसर पर जहां आज पूरे उत्तराखंड में जगह-जगह जरूरतमंदों की सेवा, स्वच्छता अभियान व भिन्न भिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। विधायक शिव अरोरा ने लक्ष्मी नारायण पांच मंदिर मे कार्यकताओं संग हवन यज्ञ कर मुख्यमंत्री धामी की लम्बी उम्र की कामना की। उधर ट्रेनिंग सेंटर के पास बने गौ सेवा सदन में विधायक अरोरा ने गौ माता को गुड़ व चारा खिलाकर उनकी सेवा की व कुछ समय गोवंशु के बीच बताया। विराट आर्य व उनकी पूरी टीम द्वारा चलाए जा रहे इस सेवा के कार्य की प्रशंसा की जो निस्वार्थ सेवा भाव से दिन-रात गोवंशों की सेवा कर रहे हैं।

विधायक शिव अरोरा ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड मजबूती से आगे बढ़ा है। साथ ही राज्य के विकास की बात हो या सख्त निर्णय लेने हो जिसमे धर्मांतरण कानून बनाना, लैंड जिहाद, लव जिहाद के खिलाफ सरकार द्वारा सख्ती से कार्यवाही हो, समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य जैसे बड़े बड़े फैसले मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए जो बताता है कि वह राज्य के सतत विकास हेतु कितने गंभीर हैं और दिन-रात उत्तराखंड की सेवा में किस प्रकार लगे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, सुरेश कोली, जगदीश तनेजा, सुशील गाबा, राधेश शर्मा, पार्षद पवन राणा, राजेश जग्गा, सुनील यादव, वीनू सिंह, मनीष गोस्वामी, राजकुमार साह,उपेंद्र चौधरी, ओम प्रकाश अरोरा, महेश बब्बर, रामधारी गंगवार, संजीव शर्मा, मनोज वर्मा, राजन राठौर, किरन विर्क, स्वाति शर्मा, साधना शर्मा, रेनू जुनेजा, ममता जीना,सुनील यादव, सचिन मुंजाल,के के त्रिपाठी, परवेज खान, राजेश पप्पल, बिट्टू मिश्रा, बाबू राम सैनी,नितिन कौशिक, मयंक कक्कड़, विक्रम खन्ना, मोहित चड्डा, एमपी मौर्य, मुकेश पाल, जीतेन्द्र संधू, रचित सिंह, राजीव कामरा, राजेश कामरा, राज कोली आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपाईयों ने किया फलदार पौधों का रोपण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन पर भाजपाईयों ने दर्जा गन्ना राज्यमंत्री स. मंजीत सिंह 'राजू' की अगुवाई में देवनारायण द्विवेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजीमुल्ला में हवन कर सीएम धामी की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान भाजपाईयों ने फलदार पौधों का भी रोपण किया व स्कूली विद्यार्थियों को कॉपी पैन भी वितरित किए। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, योगेश मुनगली, वीरेन्द्र बिष्ट, आशीष ठाकुर, राजू वाल्मीकि, प्रवीण देउपा, राहुल द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, रोहित द्विवेदी, ग्राम प्रधान देव सिंह, अजय सिंह, अंजू, राशि, नीतू, आजम आदि उपस्थित रहे।



# ई नाम दिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर कार्यालय में ई नाम दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मंडी सचिव सहील अहमद ने किसानों को ई नाम परियोजना से जुड़ने का आह्वान किया।



मंडी सचिव सहील अहमद ने बताया कि ई नाम परियोजना भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए वरदान है। इस परियोजना से किसानों का शोषण नहीं होता है और 24 घंटे के अन्तर्गत उसकी उपज का पैसा किसान के खाता में आ जाता हैं। मंडी सचिव ने कहा कि ई नाम परियोजना के अन्तर्गत किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। पंजीकृत किसान अपनी उपज को अपने घरों से बाहर अन्य किसी मंडी में ई नीलामी के माध्यम से उचित मूल्य बेंच सकता है।मंडी समिति कार्यालय में मै. चौधरी अल्लाह बख्श मोहम्मद उमर के स्वामी मोहम्मद इकबाल एवं किसान शादाब को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद नसीम मोहम्मद नासिर, ख्याली राम, हाजी जमील उर रहमान,अब्दुल कय्यूम,,दीप कुमार जोशी, मोहम्मद शबान, मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, मंडी सहायक सुरेन्द्र सिंह नरेंद्र प्रकाश पन्त, ललित पन्त, मुदित दुर्गापाल आदि मौजूद रहें।

# शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** राजकीय शिक्षक संघ द्वारा प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किए जाने , सभी स्तरों की पदोन्नति किए जाने,स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के तहत शिक्षकों का एक शिष्टमंडल मंगलवार को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट से मिला और विभिन्न मांगो को लेकर उनको ज्ञापन सौंपा।



संगठन के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में उनसे अनुरोध किया गया कि वे मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को आंदोलन के बारे में अवगत कराया जाएं।शिक्षकों की समस्याओं के के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने करने के लिए अनुरोध करें। विधायक ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से इस मामले में बात करेंगे। उसके बाद शिक्षकों ने राजकीय इंटर कालेज में एक बैठक कर संगठन की 17 सितम्बर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव रैली में भागीदारी करने को लेकर योजना बनाई गई बैठक में तय किया गया है कि रेली में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी की जाएगी।इस दौरान नवेंदु मठपाल,नरेंद्र पटवाल,बाल कृष्ण, अजय धस्माना, नीरज जोशी, दरपान रौतेला, नंदन बिष्ट, दिनेश, देवेंद्र सिंह भाकुनी, जीवन सिंह बिष्ट, राजपाल सिंह नेगी, नवीन तिवारी, रमेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच मनाया धमी का जन्मदिन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम बसई स्थित यूएसआर. इंदु समिति दिव्यांग स्कूल में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच मनाया।इस अवसर पर बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सुन्दर प्रस्तुति दी जिससे उपस्थित सभी लोग मन्त्र मुग्ध हो गए।उसके बाद लोगो ने मुख्यमंत्री की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल कार्यकाल की ईश्वर से प्रार्थना की।इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा,पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह रावत,पूर्व मंत्री दिनेश मेहरा,संजय डोबीं,संदीप रावत,भरत तिवारी,अनुराधा ज्योति आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने नो पार्किंग जोन में शुरू किया धड़ाधड़ चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लोहाघाट व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष जुकरिया की पहल पर रविवार को पुलिस व व्यापारियों के बीच यातायात को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी ।जिसमें नगर को जाम से मुक्ति दिलाने तथा यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे।

सीओ चंपावत शिवराज सिंह राणा के द्वारा थानाध्यक्ष लोहाघाट को नो पार्किंग जोन में खड़े रहने वाले वाहनों तथा सड़क किनारे आड़ा तिरछा वाहनों को खड़े करने वाले वाहन स्वामियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# डीडीहाट में हुआ भूस्खलन, एक महिला की मौत

**■ प्रशासन टीम के साथ मौके पर पहुंचा, रेस्क्यू अभियान शुरू**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** विगत दो दिनों से हो रही तेज बारिश के बाद आज मंगलवार प्रातः लगभग 7 बजे डीडीहाट नगर पालिका के पोस्ट ऑफिस वार्ड अंतर्गत लोहार गांव में भूस्खलन की घटना घटी, जिसमें एक आवासीय मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में मंजू गैड़ा (उम्र 50 वर्ष), पत्नी स्व. जगदीश सिंह गैड़ा मलबे में दबने से दुखद निधन हो गया।

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, एसएसबी तथा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू कार्य आरंभ किया गया। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार से भेंटकर ढांढस बाधाया और हरसंभव सहयोग हेतु आश्वासन दिया। लगातार प्रयासों के उपरांत लगभग 12 बजे मृतका का शव मलबे से बरामद किया गया। रेस्क्यू के दौरान एक मृत गाय, एक मृत बकरी तथा दो जीवित बकरियों को भी बाहर निकाला गया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेजा गया है।

बताया गया कि मृतका मंजू गैड़ा ने मालवा आता देख अपने पशुओं को बचाने हेतु मकान में प्रवेश किया और अपने बधे पशुओं को खोलने लगी और इसी दौरान मलवे से पूरा मकान दब गया, वह भी मलवे में दब गई और उनकी मृत्यु हो गई। प्रशासन द्वारा भूस्खलन में हुई हानि का आंकलन किया जा रहा है और परिवार को मदद हेतु काम किया जा रहा है। आपदा की स्थिति को देखते हुए नगर पालि. का क्षेत्र से 20-25 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है और ग्रामीण क्षेत्र में 5-7 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने क्षतिग्रस्त विद्यालय आंगन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालि. का, पीएमजीएसवाई एवं लोक निर्माण विभाग को विद्यालय प्रांगण में कंक्रीट की मजबूत दीवार निर्माण हेतु शीघ्र योजना बनाकर कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को सड़कों पर जमा मलबा तत्काल हटाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राहत एवं बचाव कार्य में शामिल सभी एजेंसियों, प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, एसएसबी तथा पुलिस के उत्कृष्ट समन्वय व त्वरित कार्रवाई की सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की इस कार्य में सक्रिय भागीदारी की भी विशेष प्रशंसा की और धन्यवाद दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी डीडीहाट खुशबू पाण्डेय, तहसीलदार पिंकी आर्या, नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता: एडीएम

**■ तहसील दिवस में आई 227 शिकायतें, 52 समस्याओं का किया निस्तारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से तहसील दिवसों में प्राप्त जनसमस्याओं व उनके निस्तारण की समीक्षा की व शिकायत कर्ताओं से वार्ता भी की। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से लें व समस्याओं का सरलीकरण, समाधान, संतुष्टि पर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जो जन समस्याएं तहसील, विकास खंड स्तर के है उनका उसी स्तर पर समाधान किया जाय ताकि फरियादियों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगने पड़ें।

एडीएम पंकज उपाध्याय ने मंगलवार को श्री रामभवन धर्मशाला सभागार में आयोजित तहसील दिवस पर जनसमस्याओं को सुना। तहसील दिवस में विभिन्न प्रमाण पत्र, सड़क, बिजली, पानी, राशन कार्ड, सिंचाई, आवास, पेंशन, जल जीवन मिशन, चकबंदी आदि से सम्बन्धित 227 शिकायतें पंजीकृत हुई, जिसमे से 52 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एडीएम पंकज उपाध्याय ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए क तहसील दिवस में उठी जन समस्याओं का व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी छोटी-छोटी समस्याएं आ रही हैं उन्हे अपने स्तर पर ही समाधान करें उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में मौके पर जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं को सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किए जा रहा हैं, उन सभी समस्याओं का समयबद्धता एवं प्राथमिकता से सम्बन्धित अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी ने किसान बंधुओं की मांग पर कहा कि गत वर्ष से 20 प्रतिशत अधिक धान क्रय केंद्र खोले जाएंगे तथा सभी धान खरीद केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित किए जाएंगे।

## तहसील दिवस 75 शिकायतें दर्ज अधिकांश का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** तहसील में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के निर्देशानुसार आयोजित तहसील दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनता की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित निस्तारण के लिए तहसील परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।

तहसील दिवस के दौरान कुल 75 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। दर्ज शिकायतों में प्रमुख रूप से सड़कों के डामरीकरण, आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों द्वारा अन्य विविध शिकायतें भी दर्ज की गईं। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों और आम जनता द्वारा दर्ज



शिकायतों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, पुलिस उपाधीक्षक गोविन्द बल्लभ जोशी, डीडीओ रमा गोस्वामी, तहसीलदार विजय गोस्वामी समेत विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### एक नजर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी के नेतृत्व में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के जन्मदिवस पर जिला चिकित्सालय के रक्तकोश विभाग में भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत अध्यक्ष, जितेन्द्र प्रसाद व युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने वृहद रूप से रक्तदान किया व मुख्यमंत्री के दीर्घायु की कामना की। साथ महिला मोर्चा पदाधिकारियों व मेयर कल्पना देवलाल, प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा के नेतृत्व जिला चिकित्सालय वार्डों में मरीजों को फल वितरित कर हाल चाल पूछा व स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, दर्जा मंत्री गणेश भंडारी, मेयर कल्पना देवलाल, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा, राजेन्द्र रावत, जगत खाती, विरेन्द्र शाह, विरेन्द्र बोहरा, राकेश देवलाल, इन्द्र लुठी, उमेश महर, कोमल मेहता, कृपाल वल्दिया, रघुवीर सिंह बिष्ट, हरीश रावत, रोहन बिष्ट, दीपक लोहिया, सूरज गिरी आदि उपस्थित रहे।




## प्रभावित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सेवा दिवस के रूप में जिले के आपदा प्रभावित के वाहन को भाजपा का झंडा दिखाकर रवाना किया गया। साथ में समस्याओं की जानकारी ली व सरकार, संगठन से जो भी सहयोग मदद का भरोसा दिया व राहत के रूप में 24 प्रभावित परिवारों को राशन किट, तीरपाल, कम्बल, बाल्टी सब्जी वितरित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष व दर्जा मंत्री गणेश भंडारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, मेयर कल्पना देवलाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र रावत, विरेन्द्र बोरा, राकेश दैवलाल, कोमल मेहता, इन्द्र लुठी, उमेश महर, कृपाल सिंह वल्दिया, रघुवीर सिंह बिष्ट, दीपक लोहिया, रोहन बिष्ट आदि उपस्थि रहे।



## मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर सेवा और भक्ति के विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के मौके पर रामनगर विधानसभा में दिन भर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। भाजपा नेता इन्दर रावत के नेतृत्व में आयोजित इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।मंगलवार सुबह की शुरुआत रामनगर गौशाला में गौ माता ग्रास सेवा से हुई। इसके बाद हनुमान धाम में रक्तदान शिविर और सफाई अभियान आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए हवन व हनुमान चालीसा पाठ किया गया।दोपहर में हनुमान धाम मंदिर में भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।वहीं रामनगर कुष्ठ आश्रम में भोजन, राशन व फल वितरण कर जरूरतमंदों की सेवा की गई। इस अवसर पर लोगों ने मुख्यमंत्री धामी को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में उत्तराखंड के विकास और समृद्धि की कामना की। 50 यूनिट ब्लेड दिया गया। इस अवसर पर अनुसूचित आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, भगीरथ लाल चौधरी, दिनेश महेरा, घनश्याम शर्मा, बलदेव रावत, मंगल सिंह, बलवंत रावत, शुभम उत्तम, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, दीप्ति रावत, माया रावत नीमा मटवाल आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त बैठक में जिले और कुमाऊं मंडल के पदाधिकारियों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में वाहनों की फिटनेस को लेकर पिछले कई दिनों से वाहन स्वामी इसके विरोध में लगातार आंदोलन कर रहे हैं वाहन स्वामियों की रामनगर में स्थित सहायक परिवहन संभागीय कार्यालय में पहले वाहनों की फिटनेस का कार्य न्यूनतम दरों पर किया जाता था लेकिन अब यह कार्य रामनगर में न होकर हल्द्वानी कराया जा रहा है जिससे वाहन स्वामी को काफी परेशानियों का जहां को सामना करना पड़ रहा है तो वही शुल्क में भी कई गुना बढ़ोतरी कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि यह वाहन स्वामियों की जैब पर डांका डाला जा रहा है जिसे सहन नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति वाहनों की फिटनेस कराई जाए तो वहीं इस बैठक में जिले एवं कुमाऊं के टैक्सी यूनियन पदाधिकारी ने भी प्रतिभाग करते हुए सरकार और विभाग आरोप लगाकर कहा कि आज वाहन स्वामी फाइनेंस करा कर वहां चलाकर अपना परिवार पाल रहे हैं लेकिन सरकार और विभाग दोनों ही आज वाहन स्वामियों को लूटने के साथ ही उनका रोजगार समाप्त करने पर लगे हैं जिसे अब सहन नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि यदि 20 सितंबर तक सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो 21 सितंबर से पूरे कुमाऊं मंडल में टैक्सी वाहनों का संचालन बंद किया जाएगा। इस दौरा जगदीश छीमवाल, उमर मोहम्मद, नूर खान, रेहान खान, यूसुफ कुरेशी,मनोज भट्ट, गिरीश, नजाकत अली, अकरम, इसरार आदि थे।

# मैराथन दौड़ में सबसे तेज भागे दीपांशु बोरा

**■ मैराथन दौड़, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता अभियान चलाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर मंगलवार को नगर में कई जगहों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सेवा संकल्प धारणी फाउंडेशन द्वारा फिट यूथ, फिट उत्तराखंड, फिट इंडिया के तहत विभिन्न वर्गों के बच्चों के मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लगभग 500 युवकों एवं युवतियों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

यह मैराथन दौड़ कालापुल सएसबी कैंप से लोहिया हेड कैंप कार्यालय तक (लगभग 2.5 किमी) आयोजित की गई।



मुख्यमंत्री धामी की माता विशना देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी तथा ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि रविंद्र सिंह राणा द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया गया। इस मैराथन दौड़ में अंडर 14 बालक वर्ग में खटीमा के दीपांशु बोरा ने प्रथम स्थान, पकड़िया के मनन जोशी ने द्वितीय स्थान, नगला तराई के सोंि. हल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ओपन बालक वर्ग में अमाऊं के रामबाबू ने प्रथम स्थान, काला पुल के कमल सिंह बिष्ट ने द्वितीय स्थान तथा अमाऊं के कुणाल बोरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ओपन बालिका वर्ग में टनकपुर की अंकिता बोरा ने प्रथम, खटीमा की दीक्षा मेहरा ने द्वितीय तथा जानवी राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सभी विजेता धावकों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की माता जी बिशना देवी द्वारा उपहार व स्मृति चिन्ह देकर तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मैराथन दौड़ में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को भी उपहार दिया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, जीवन धामी, रविंद्र सिंह राणा, नंदन सिंह खड़ायत, सतीश गोयल, वरूण अग्रवाल, किशन सिंह, रमेश जोशी, विमला बिष्ट, मोहिनी पोखरिया, भवानी भंडारी, प्रकाश तिवारी अमित पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जीडी भट्ट सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जनता एवं छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# जिले भर में मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर लगे कैंप

**■ युवक एवं युवतियों द्वारा की गई मैराथन दौड़**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पचासवें जन्म दिवस पर जिले के हर वर्ग एवं हर उम्र के लोगों ने अपने अपने अंदाज से उन पर उनके दीर्घ जीवन, लंबे समय तक उत्तराखंड का नेतृत्व मिलने की कामना की गई। देवीधुरा के संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य हरिश्चंद्र पांडे के नेतृत्व में छात्रों ने सीएम की लंबी आयु एवं उत्तराखंड में देवीय आपदाओं के प्रकोप को रोकने हेतु भगवान महादेव को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक किया गया।

सुबह चम्पावत में युवक एवं युवतियों द्वारा मैराथन दौड़ कि गई।



दर्ज राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे के कार्यालय में केक काटकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना के लिए सभी देवी देवताओं से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय में एक बालिका ने केक काटा। सीएम के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल ने उपस्थित लोगों का अभिनंदन किया। जिला अस्पताल में रोगियों को फल वित. रित किए गए। जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुडीयानी में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गौरलचौड़ मैदान में आयोजित सार्वजनिक समारोह में मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडेय समेत जिलाधिकारी मनीष कुमार ने लगभग 92 से अधिक किसानों को उद्यान, कृषि एवं पशुपालन विभाग की ओर से किट वितरित किए गए। इस अवसर पर नए आधार कार्ड बनाए गए। गरीबों एवं असहायों को मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक वितरित किए गए। जिला अधिकारी ने एक दिव्यांग को साइकिल भेंट की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, विधायक प्रतिनिधि प्रकार तिवारी, सतीश चन्द्र पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, समेत तमाम प्रमुख लोग मौजूद थे।

वहीं विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा आज जिले का समग्र विकास हो रहा है अब किसानों की आय दोगुना करने के लिए वह सभी प्रयास किया जा रहे हैं जिससे किसान सम्मानजनक ढंग से अपना जीवन यापन कर सके। आज लोगों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार का बहुत बड़ा सहारा मिला हुआ है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस स्थान में जिलाधिकारी द्वारा लोगों की समस्याएं भी सुनी गई तथा मौके में ही उनका निराकरण किया गया। इधर लोहाघाट में मंडल अध्यक्ष गिरीश कुंवर के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सतीश चन्द्र पाण्डेय, निर्मल मेहरा, राजू गडकोटी, जीवन गहतोड़ी, सचिन जोशी आदि तमाम लोग मौजूद थे।

## जब जिलाधिकारी ने आमा को अपने पास बैठाकर सुना उनका दर्द

**चम्पावत।** गोरलचौड मैदान में अपनी समस्या लेकर आई वृद्ध आमा को उस समय सुखद आनन्द की अनुभूति हुई जब जिलाधिकारी ने उन्हें अपने पास बैठाकर न केवल उन्हें सम्मान दिया, बल्कि उनकी समस्या का भी समाधान किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित लोग इस नजारे को देखते रह गए।



## वन ग्राम पटरानी के हाई स्कूल को दूसरे क्षेत्र में ले जाने पर फूटा गुस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के वन ग्राम पटरानी के सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए सांकेतिक धरना दिया।

इस क्षेत्र के ग्रामीण एवं मालिकाना हक संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पटरानी में हुई ग्रामीणों की हंगामेदार बैठक में ग्रामीणों ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाकर बताया कि वन ग्राम में रहने वाले लोगों को सरकारे केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा कि उनके गांव में एक हाईस्कूल है जिसमें इस गांव के साथ ही आसपास के कई ग्रामीण इलाकों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन सरकार ने अब स्कूल को इस क्षेत्र से बंद कर इसे इस गांव से करीब 6 किलोमीटर दूर राजकीय इंटर कॉलेज मालधन चौड में शामिल करने का आदेश दिया है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने कहा कि उनका गांव जंगल से घिरा हुआ है और यहां पर दिन में ही वन्यजीवों का आवा गमन रहता है और कई ग्रामीण वन्यजीवों का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का कहना है कि इस गांव से बच्चों को ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि आज तक गांव में 108 एंबुलेंस के साथ ही गैस वाहन की सुविधा तो सरकार द्वारा दी नहीं गई है। वही बरसात के दौरान बरसाती नाले उफान पर आने के कारण बच्चे कैसे स्कूल जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का जो षड्यंत्र रच रही है, वह सहन नहीं किया जाएगा और सरकार के फैसले के विरोध में जनता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी। वहीं उन्होंने एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेज कर इस फैसला को वापस लेने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मालिकाना हक संघर्ष समिति के अध्यक्ष एस लाल, मनोनीत ग्राम प्रधान बसंत बरत्रियाल, मोहम्मद ताहिर, चन्दन राम, बसंत लाल, रमेश चन्द्र, ख्याली राम, विनय कुमार, तुलसी छिमवाल, शारदा देवी, विमला देवी, चंपा देवी, जगत राम, नंदराम, सुभाष, माया देवी, गणेश आर्य आदि मौजूद रहे।

## सीएम धामी के जन्म दिवस पर बांटा गया आंचल का फ्लेवर्ड मिल्क

**■ प्रधान प्रबंधक मेहता को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस को मंगलवार को खटीमा में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्ल्लास पूर्वक मनाया गया। वहीं इस अवसर पर उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड खटीमा द्वारा दो जगह पर आंचल के विशाल स्टॉल लगाकर मैराथन दौड़ में आए हुए सभी प्रतिभागियों को फ्लेवर्ड मिल्क का



वितरण किया गया। जिसमें प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए सभी प्रतिभागियों को आंचल का फ्लेवर्ड मिल्क वितरण कराया।

वहीं इस अवसर पर प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता को जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने शाघ्ल ओढ़ाकर सम्मानित किया और दुग्ध संघ की जिला अध्यक्ष प्रभा रावत का भी आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर जसवीर सिंह, मनो. हर सिंह, डॉक्टर सतीश दुबे, मदन शर्मा, अनिल तिवारी, जयंत तथा गोविंद खोलिया आदि मौजूद रहे।

## खटीमा मझोला मार्ग की बदलेगी काया

**■ जिपं अध्यक्ष मौर्य ने किया कार्य का शुभारंभ**
**■ 24.92 करोड़ की लागत से बदलेगी खटीमा मझोला मार्ग की तस्वीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विगत कई वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी खटीमा मझोला मार्ग की अब काया बदलने वाली है। जल्द ही लोगों को मार्ग की दुर्दशा से निजात मिलेगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य एवं एनएच अधिकारियों ने सीमा यूपी उत्तराखंड सीमा पर विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।

काफी लंबे समय से लंबित चल रही खटीमा मझोला राजमार्ग के पुनर्निर्माण कार्य का आज शुभारंभ हुआ है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के जन्म दिवस पर मिली इस सौगात से मार्ग पर आवागमन करने वालों के साथ ही अब स्थानीय लोगों को भी भारी राहत मिलेगी। एक ओर जहां समय व ईंधन की बचत होगी तो वहीं अब दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगी। वहीं इस मामले में एनएच अधिकारी विनोद ने बताया कि 24.92 करोड़ की लागत से खटीमा मझोला मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य मंगलवार से शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि 09 किलोमीटर सड़क को रिमूव कर लगभग डेढ़ फीट ऊंचा किया जाएगा व पानी निकासी के लिए क्रॉस डाला जाएगा। सड़क का निर्माण हरियाणा की कार्यदाई संस्था एसकेएस वाणिज्य करेगी। वहीं सड़क पुनर्निर्माण शुभारंभ की सूचना मिलते ही सैकड़ो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मौजूद पदाधिकारीयों का फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, सरदार राजपाल सिंह, एनएच जेई विनोद कुमार, देवेंद्र सिंह रिंकू, विक्रम सिंह संधू, कारज सिंह गिल, अमरदीप सिंह, बलराज सिंह, गुरप्रीत सिंह खिंडा, सोमनाथ मौर्य तथा जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# उफनाए नाले में कार बहने से युवक की मौत

## तीन लोग सवार थे बोलेरो में, दो लोगों ने बमुश्किल जान बचाई, मृतक दीपक के घर कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटाबाग।** कोटाबाग के उफनाए गुरुणी नाले के तेज बहाव में सोमवार की रात एक बोलेरो कार बह गई। बलेरो में तीन लोग सवार थे। तीनों ही पास के गांव पतलिया में रहते हैं। बलेरो में सवार तीन लोगों में से दीपू कन्याल कुछ दूरी पर कार से छिटककर नाले से किनारे निकल गया।



दूसरा व्यक्ति अनिल बिष्ट 6 किलोमीटर दूर नाले के किनारे से निकला। अंधेरा होने की वजह से तीसरे व्यक्ति दीपक रस्तोगी का कहीं कोई पता नहीं चला पाया जिसे ग्रामीण और रिश्तेदार रात भर ढूंढते रहे मगर युवक नहीं मिल पाया था। मंगलवार की सुबह पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दीपक रस्तोगी की तलाश की। 11 बजे के करीब दीपक का शव नाले से करीब 12 किमी और दूर कमोला हेड (श्मशान घाट) से तीन किमी पहले नाले से बरामद हुआ। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि बलेरो कार संख्या यूके04टीबी 2795 में तीन लोग सवार थे। जो कोटाबाग से वापसी अपने घर आ रहे थे नाले को पार करते वक्त उनकी बोलेरो कार पानी के तेज बहाव में बह गई जिसमें दो लोग सकुशल बच गए। एक युवक दीपक रस्तोगी की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दौरान कालाढूंगी उपजिला. धिकारी परितोष वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। वहीं सामा. जिक कार्यकर्ता उमेश तिवारी, कमल बोहरा सहित अन्य लोगों ने नाले पर पुल बनाए जाने की मांग की।

### यूकेडी ने फूंका विधायक भगत का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** गुरूणी नाले में पुल न बनने पर यूकेडी ने गुरूणी नाले पर विधायक बंशीधर भगत का पूतला फूंक आक्रोश जताया। मंगलवार को केन्द्रीय प्रभारी



युवा मोर्चा यूकेडी कमल जोशी के नेतृत्व में गुरूणी नाले पर आज तक पुल न बनने पर विधायक बंशीधर भगत का पुतला जला कर आक्रोश व्यक्त किया। यूकेडी के कार्यकर्ताओं ने विधायक मुर्दाबाद के नारे लगाये। कमल जोशी ने कहा उत्तराखंड को बर्बाद करने के लिए उत्तराखंड नहीं बना है। उत्तराखंड राज्य में यहां का युवाओं की जान गंवा रहे हैं। अब तक गुरूणी नाले में कई लोगों ने जान गवां चुके हैं। आखिर कब तक युवा शहादत देखा। कई वर्षों से स्थानीय लोगों द्वारा पुल बनाने की मांग की गई आज तक सात बार के विधायक मंत्री रहे विधायक द्वारा पुल निमार्ण न होना उत्तराखंड का दुभाग्य पूर्ण है। उन्होंने पीडित परिवार को विधायक फंड से पच्चीस लाख की सहायता देने की मांग की है। इस दौरान उप प्रभारी कमल नयन जोशी, ब्लॉक प्रभारी सूरज मनराल, महेन्द्र पाल, संतोष राणा मौजूद रहे।

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए 15 अक्टूबर तक होंगे पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल की उप निदेशक डौल्वी तेवतिया ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी)



2026 युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का मौका प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता विकसित भारत किवज है जिसे माई भारत पोर्टल तथा माईजीओवी प्लेटफार्म पर संचालित किया जा रहा है। बताया कि यह क्विज 1 सितंबर 2025 से शुरु हो चुका है जबकि इसकी अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 तय की गयी है। कहा कि क्विज के माध्यम से लाखों युवा एक साझा मंच पर अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे हैं जिससे न केवल उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा बल्कि राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। कहा कि कविज में कामयाबी हासिल करने वाले युवाओं को आगे निबंध लेखन, राज्य स्तर विचार प्रस्तुति व राष्ट्रीय फिनाले में भाग लेने का मौका मिलेगा जो जनवरी 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। उन्होंने सभी युवाओं, शैक्षणिक संस्थानों व संगठनों से गुजारिश की है कि वह इस महत्वपूर्ण मौके का अधिकतम लाभ उठाएं तथा निर्धारित समय सीमा तक पंजीकरण जरुर करवा लें। डौल्वी तेवतिया के मुताबिक वर्ष 2025 के विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में 30 लाख से अधिक युवाओं ने कविज व निबंध में भाग लिया था जिससे यह पहल युवाओं की भागीदारी बढ़ाने में बेहद सफल रही थी।

## एक नजर

### बेरोजगार महिलाओं ने सीखा मोमबत्ती बनाना

**नैनीताल।** कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट द्वारा आर्या परियोजना के अन्तर्गत ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं के लिए सिलीकॉन मोल्ड द्वारा पैराफिन मोम एवं सोया मोम का प्रयोग करके शोभाकारी मोमबत्ती बनाने का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम केन्द्र की वैज्ञानिक डा. सुधा जुका. रिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को संपन्न हो गया। बता दें प्रशिक्षण के दौरान महिला प्रशिक्षाणार्थियों को प्रथम दिवस सिलीकॉन मोल्ड, पैराफिन मोम एवं सोया मोम का प्रयोग करके शोभाकारी मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे दिवस में केन्द्र पर महिलाओं द्वारा सीखने की पद्धति से स्वयं प्रयोगात्मक रूप से सजावटी मोमबत्ती बनायी गयी। डा. सुधा जुकारिया द्वारा तृतीय व चतुर्थ एवं पंचम दिवस में ग्राम गेठिया में जैल वैक्स से तैयार ग्लास कैन्डिल टी कैन्डिल ऑरनामेन्टल कैन्डिल बनाने का प्रयोगात्मक रूप से प्रशिक्षण दिया गया ताकि महिलायें पूरे सालभर तक आयोपार्जन हेतु इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकें। ग्राम गेठिया में आर्या परियोजना के अन्तर्गत छोटे छोटे यूनिट खोले गये हैं जहां कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा उन्हें लघु उद्योग स्थापित करने हेतु विभिन्न डिजाइनर सिलिकॉन व एल्यूमिनियम मोल्ड मोम सूतीधागा कलर शाइनर स्टीयरिक एसिड एलडी आदि निशुल्क दिये गये हैं।

### छात्र संघ चुनाव को लेकर अहम बैठक कल

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत के मुताबिक परिसर में छात्र संघ चुनाव को लेकर 18 सितंबर वीरवार को जरुरी बैठक आयोजित की गयी है। प्रो.पंत के मुताबिक यह बैठक सुबह 11 बजे से परिसर के ओल्ड आर्टस सभागार कक्ष संख्या-18 में होगी। बैठक में सभी संभावित छात्र संघ चुनाव में किस्मत अजमाने जा रहे प्रत्याशियों के साथ ही जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व विवि प्रशासन के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। प्रो. पंत ने बताया कि बैठक में छात्र संघ चुनाव से संबंधित जरुरी दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने सभी आमंत्रित जनों से नियत तिथि व समय पर बैठक में प्रतिभाग करने की गुजारिश की है।

### आईटीआई: प्रवेश के लिए 30 तक करें आवेदन

**नैनीताल।** राजकीय आईटीआई बेतालघाट नैनीताल में कार्यरत उप नोडल अधिकारी (प्रवेश) कुमाऊ मंडल राजेंद्र पांडे के अनुसार चयनित राजकीय आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों को डीएसटी अर्थात ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली) के अंतर्गत 2 साल की प्रशिक्षण अवधि में एक वर्ष आईटीआई में तथा दूसरे वर्ष चयनित कंपनी में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए इन कंपनियों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ प्रशिक्षार्थियों को छात्रवृति भी मिलेगी। पांडे द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष उत्तराखंड के आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें संस्थान परिसर से ही प्रशिक्षार्थियों को अप्रेंटिस एवं रोजगार प्राप्त हो जाता है साथ ही पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए स्वत रोजगार के लिए भी समय.समय पर जिला उद्योग केंद्र व बैंक के मैनेजर के अधिकारी को आमंत्रित कर स्वत: रोजगार के लिए ऋण की व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हैं। कहा जो छात्राएं किसी कारणवश आईटीआई में प्रवेश नहीं ले पाए हैं या चयन नहीं हो पाया हो तो वह अपने नजदीक की आईटीआई में जाकर संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर मंगलवार तय कर दी गयी है।

### बीएड प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य संयुकत बी.एड प्रवेश परीक्षा-2025 के नोडल अधिकारी डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि परीक्षा की उत्तर कुंजियां (आंसर की) समर्थ पोर्टल में अपलोड कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी परीक्षार्थी को अपने विषय के किसी प्रश्न तथा विवि की ओर से अपलोड उत्तर कुंजी के बारे में कोई प्रत्यावेदन प्रेषित किया जाना हो तो ऐसे परीथार्थी 23 सितंबर (मंगलवार) की रात्रि 11.59 बजे तक अपना प्रत्यावेदन उत्तर कुंजिका के साथ प्रदत्त गूगल फार्म के माध्यम से आनलाइन माध्यम से विवि को प्रस्तुत किया जाना तय करें। कहा कि इस तिथि के बाद किसी भी प्रकार का प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सूचना विभाग के कार्यालय के समीप किया गया रैंप निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में लोअर मालरोड में धंसाव के बाद सूचना विभाग के समीप लोअर मालरोड से अपर मालरोड में 20 मीटर रैंप बनाया जा रहा है।



रैंप से सूचना विभाग से लोअर मालरोड का यातायात अपर मालरोड में डायवर्ट किया जाएगा। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि मंगलवार को सुबह से ही लोअर मालरोड में रैंप बनाने का कार्य शुरू के दिया गया है। कहा कि लोअर मालरोड में नेट में पत्थरों की दीवार तैयार कर मिट्टी का भरान कर रैंप बनाया गया है जिससे सूचना विभाग के कार्यालय तक लोअर मालरोड संचालित की जाएगी यहां से वाहनों को अपर मालरोड में डायवर्ट किया जाएगा। सकसेना के मुताबिक वर्तमान में केवल 190 मीटर लोअर मालरोड क्षतिग्रस्त है जो वर्तमान में यातायात के लिए प्रतिबंधित है।

# महिला कांग्रेसियों की गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर महिला कांग्रेस नैनीताल के तत्वावधान में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 41वां स्थापना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन अयारपाटा स्थित महिला कांग्रेस की नगर अध्यक्षा डा. भावना भट्ट के आवास में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा डा. सरस्वती खेतवाल तथा संचालन डा. भावना भट्ट ने किया। गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, बढ़ते महिला अपराधों तथा संगठन की मजबूती आदि पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पालिक. ाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल को नंदा देवी मेले में पालिका द्वारा किये गए स्वच्छता कार्य के लिए शाल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। नगर महिला कांग्रेस अध्यक्षा डा. भावना भट्ट ने उपस्थित सभी लोगों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिला अपराधों में निरंतर वृद्धि, अं. कता भंडारी को पूर्ण न्याय नहीं मिलने पर आगामी 18 सितंबर वीरवार को सुबह 11 बजे श्री रामस. ेवक सभा प्रांगण में उसकी तीसरी बरसी पर आयोजित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आवाह्न किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपनेण्अपने बूथ पर मजबूती से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आशा भट्ट, लता तरुण, सुनीता आर्य, गीता मंडल, देवकी, अंचला भट्ट, चंपा सनवाल तथा रईसा चिश्ती आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# शिविर में समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** मंगलवार को कोटाबाग के ग्राम चांदपुर में बहुऊदद्देशीय शि. विर लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गयीं। उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुन कर कई समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। इस दौरान सिंचाई, जल संस्थान, विद्युत विभाग, लोकनिर्माण विभाग से जुड़ी दर्जनों समस्याओं को ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष रखा जिस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग से उक्त समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने के निर्देश दिए वही इस दौरान जंगली जानवरों से फसलों के नुकसान की समस्या मजबूती से उठाई गई मगर वन विभाग से कोई भी अधिकारी शि. विर ना पहुंचने से ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया। शिविर में





कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी, कनिष्ठ प्रमुख अपूर्वा बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य अरनव कंबोज सहित दर्जनों ग्रामीण व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष को मंच में स्थान ना मिलने से नाराज शिविर छोड़ कर हुए गायब कोटाबाग के भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे को शिविर में मंच पर स्थान ना मिलने से वह शिविर में अवस्थाओं का आरोप लगाते हुए शि. विर छोड़कर घर लौट आए। वही उन्होंने कहा शिविर में कई विभाग नदारद दिखाए दिए जिनकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

### अमिया में लगा बहुद्देशीय शिविर

**नैनीताल।** जिला प्रशासन की ओर से नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज अमिया में बहुद्देशीय शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा। विभागीय अधिकारियों ने समस्याओं का समाधान करने को आश्वस्त किया। इस दौरान क्षेत्र में आपदा से हुई क्षति, विद्युत लो वोल्टेज की समस्यां तथा नए राशन कार्ड बनाए जाने की समस्या लोगों ने प्रमुखता से रखी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा दी गई। इस दौरान बच्चों का टीकाकरण किया गया जबकि पशुपालन विभाग द्वारा बर्ड फ्लू एवं पशुधन बीमा आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। बाल विकास विभाग द्वारा लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरण की गई, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नंदागौरा योजना तथा मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट व मुख्यमंत्री महिला बाल पोषण योजना आदि विभागीय जानकारी दी गई वहीं उद्यान विभाग द्वारा काश्तकारों को कीटनाशक दवाओ का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान निधिए कृषि यंत्रीकरण, बीज सम्बंधित विभागीय जानकारियों को साझा किया। शिविर में भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान अमिया पंकज मेहरा, जिला विकास अधिक. ारी गोपाल गिरी गोस्वामी, उपजिला. धिकारी नवाजिश खलिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, सहायक परियोजना अधिकारी चंद्रा फर्त्याल, खण्ड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग सहित स्थानीय जनप्रति. निधिगण, विभागों के अधिकारी रहे।

# जितेन्द्र तोमक्याल, राकेश के गीतों ने समां बांधा

## कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के एएन सिंह प्रेक्षागृह में मंगलवार को प्रतिष्ठित नैनी महिला जागृति संस्था नैनीताल की ओर से आयोजित दो दिवसीय देव भूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित संकल्प इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें देवभूमि उत्तराखंड के लोक गायक जितेंद्र तोमकयाल और राकेश खनवाल के गीतों पर छात्र-छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाए। प्रतियोगिता में पहले दिन कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य दर्जा मंत्री शांति मेहरा व विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि मोहित आर्या रहे व निर्णायक मंडल में पंकज बोरा व दीपक पुल्स शामिल रहे। अतिथियों ने देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक लोक कलाओं के प्रयोग व संरक्षण का आह्वान किया जबकि बीते कई वर्षो से हो रहे कार्यक्रम को लेकर आयोजकों को बधाई दी। इससे पूर्व दोनों अतिथियों समेत नैनी महिला जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला व आयोजक सचिव हरीश सिंह राणा ने संयुकत रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश वंदना के बाद उत्तराखंड के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर केक काटा गया जिसके बाद प्रतियोगिता शुरू की गई। प्रतियोगिता में नैनी पबलिक स्कूल, रामा मॉन्टेसरी, भारतीय शहीद सैनिक, द फोकलोक, डीएसबी परिसर, हिमगिरी, केपीआईएएनएस समूह वन, केपीआईएएनएस समूह टू, भारतीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, अमेरिकन किड्स, सीआरएसटी इंटर कॉलेज तथा मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर आदि विद्यालयों ने प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी। इसके बाद लोक गायक जितेंद्र तोमकयाल व राकेश खनवाल के मधुर गीतों पर प्रेक्षागृह में मौजूद सभी छात्र थिरक उठे। गायाकों ने लोकगीत रंगीली बिंदी घाघरी काई..., किरीम पौडरा..., छबीली हिमुली हालदारें की चौली..., गैरी-गैरी नैनीताले की छोरी..., रुमाली को गांठा..., साली दीपिका..., ओ छोरी कमला..., पारे भीड़े की बसंती छोरी..., तेरी अलकची जवानी..., मेरी मायादार जैसे लोक. प्रिय गीतों से रंग जमाया। इस दौरान आयोजक मंडल के सचिव हरीश सिंह राणा, नैनी महिला जागृति संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला समेत आशा आर्या, गणेश जोशी, आशीष साह, मोहित लाल साह, विशाल वर्मा, सागर बिष्ट, सूरज रावल, चंदन मेहरा, कमल कार्की, पवन साह, दीवान रौतेला, करन दनाई, पार्थ साह, शुभम कुमार, हर्ष चौहान, तनमय भंडारी, अनिकेत शर्मा, मनोज जोशी, दयाकिशन पोखरिया, नितिन कार्की, विकास जोशी तथा गजाला कमाल आदि मौजूद रहे। संचालन उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट ने किया।

# हाई कोर्ट से एलडीए, एमडीडीए व एचआरडीए को 6 हफ्ते की मोहलत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने एलडीए, एमडीडीए और एचआरडीए के सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन दिलाए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने इन तीनों एजेंसियों को नोटिस जारी कर इस मामले में 6 हफ्ते के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 हप्ते बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार एलडीए/एमडीडीए और एचआरडीए के सेवा. निवृत कर्मचारियों ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि उन्हें सरकार पेंशन नहीं दे रही है जबकि वर्ष 2012 में एलडीए/एमडीडीए और एचआरडीए ने सरकार को पत्र भेजकर कहा था कि इनको पेंशन दे दी जाए, जिस पर सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया जबकि तीनो एजेंसियों के पास इन कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए फंड भी मौजूद है। सरकार को इसमें खर्च नही करना है लेकिन किस तरह दिया जाएगा उसे सरकार हरी झंडी नहीं दे रही है जबकि अर्बन प्लानिंग और डवलपमेन्ट एकट-1973 की धारा 24 में भी स्पष्ट लिखा है कि फंड की व्यवस्था एजेंसियां करेंगी, लेकिन किस तरह दिया जाएगा उसपर निर्णय सरकार लेगी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2011 में नियमावली बना दी। वहां के कर्मचारियों को उसी के आधार पर पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। यहां भी उसी नियमावली को लागू करके उन्हें भी उसी के आधार पर पेंशन दिलाई जाए।

### 27 अक्टूबर तक जवाब पेश करे नगर निगम काशीपुर

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर में नालों के ऊपर किये गए अतिक्रमण को हटाए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 27 अक्टूबर सोमवार की तिथि नियत की है, तब तक कोर्ट ने नगर निगम काशीपुर से जवाब पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार काशीपुर निवासी विनोद ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि काशीपुर के कई नालों के ऊपर अतिक्रमण वर्षों से हुआ है। जिसकी वजह से नालों का ड्रेनेज सिस्टम प्रभावित हो रहा है जबकि कई नालों को कवर भी किया गया है। नालों से अतिक्रमण हटाने के लिए वर्ष 2012 में जनहित याचिका दायर की गई थी। 2015 में कोर्ट ने उसपर सुनवाई करते हुए आदेश दिया था कि नालों से अतिक्रमण हटाया जाय। जिन लोगों के द्वारा अतिक्रमण हुआ है उन्हें पीपी एकट में नोटिस देकर हटाया जाए लेकिन कोर्ट के आदेश होने के बाद भी नालों से अतिक्रमण अभी तक नगर निगम ने नहीं हटाया गया। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि नालों से अतिक्रमण हटाने के आदेश नगर निगम व प्रशासन को दिये जाए।

### पंतनगर विवि के बायोटैक के निदेशक व सरकार को किया नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पंतनगर विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलोजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर की नियुक्ति को चुनौती देती जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने उन्हें नोटिस जारी कर उनसे व सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट ने 6 अक्टूबर सोमवार की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार पीयूष जोशी ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि पंत नगर विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर इस पद के लिए निर्धारित योग्यता नहीं रखते हैं। यही नहीं उनके द्वारा कई वित्तीय अनियमितता भी की गई है। उनके द्वारा इससे संबंधित अपने परिचितों को कई प्रोजेक्टों का ठेका दिया गया और स्वयं अपने नाम पर भी दो प्रोजेक्ट आबंटित करा लिए गए जो कि पब्लिक धन का दुरुपयोग भी है। एक अधिकारी उसी पद पर रहते हुए खुद अपने नाम पर प्रोजेक्ट आबंटित कर सकता है इसलिए इस मामले की जांच कराई जाए जबकि ठेके को उनके द्वारा सार्वजनिक किया जाना था।

### दो दिवसीय अभियान का शुभारंभ

**अल्मोड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की ओर से जिलेभर में दो दिवसीय सुरक्षित दवारू सुरक्षित जीवन अभियान का मंगलवार को शुभारंभ हो गया है। अभियान के तहत जिलेभर में शिविरों का आयोजन कर लोगों को विभिन्न जानकारियां दी गई। अभियान के दौरान साइबर अपराध को लेकर जानकारी देकर इससे बचाव के उपाय बताएं गए। इसके अलावा यातायात नियमों, ओवर स्पीड, हेलमेट, सीट बेल्ट, लेन अनुशासन और सड़क सुरक्षा उपाय, गिरफ्तारी से पहले गिरफ्तारी और डिमांड के चरण में न्याय तक शीघ्र पहुंच आदि की भी जानकारी दी गई। यहां अधिकार मित्र रंजीता, नीता नेगी, हिमानी खोलिया, यमुना प्रसाद, विजय टम्टा, संदीप सिंह नयाल, पंकज भगत समेत अन्य मौजूद रहे।

# डीएम वंदना सिंह ने किया डीडीए कार्यालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) नैनीताल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राधिकरण कार्यालय में लंबित नकशे और आपत्ति में भेजे गये मामलों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पिछले एक माह में आए आवेदन की पत्रावलियों की समीक्षा कर बार बार आपत्ति लगाने की प्रक्रिया को समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राधिकरण अंतर्गत विभिन्न लंबित वादों का निस्तारण करने के साथ ही अवैध निर्माण पर तत्काल उचित कार्यवाही करने, कार्यालय में दस्तावेजों का रख रखाव सही ढंग से करने और वादों को सूचीबद्ध तरीके से वर्गीत करते हुए अंकित करने के निर्देश भी



संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि विकास प्राधिकरण कार्यालय अंतर्गत लंबित वादों का निस्तारण यथासमय अधिकारी करें। सबसे पुराने वाद का निस्तारण पहले हो यह सुनिश्चित किया जाए। प्राधिकरण कार्यालय में भवन मानचित्र स्वीकृत निर्धारित तिथि के अंतर्गत हो जिसके लिए उन्होंने सचिव प्राधिकरण विजय नाथ शुकल को लंबित मामलों को समय से निस्तारण करने के लिए सप्ताह में आपत्ति निवारण शिविर लगाने को कहाए जिससे लोगों की समस्या मौके पर ही हल हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने अवैध भवनों के निर्माण पर की जा रही कार्यवाही, लंबित प्रकरणों की सुनवाई व अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए डिजिटलाइजेशन कार्य सहित कंपाउडिंग आदि कार्यो की भी जानकारी लेते हुए लापरवाह अभियंताओं के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश सचिव प्राधिकरण को दिए।

# मरीज़ों से फुल रहा अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** तीन दिनों के अवकाश के बाद खुला कोला अस्पताल में मंगलवार को खचाखच भीड़ लगी रही। पर्ची काउंटर से लेकर सभी



चिकित्सकों के कक्ष मरीजों से भरे रहे। बता दें कि शुक्रवार से सोमवार तक छुट्टियों के चलते मंगलवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी रही। पर्ची काउंटर में तीन लाइन में खड़े लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। जबकि दो पर्ची काउंटर में से सिर्फ एक पर ही काम चल रहा था। इसके अलावा अपस्ताल के अंदर मरीजों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि तीमारदारों व मरीजों को बैठने तक के लिए भी जगह नहीं मिल पाई। जबकि जिला. धिकारी आशीष भटगाई द्वारा अस्पताल प्रबंधन को बार बार टोकन सिस्टम से मरीजों को बुलाने की बात कही है। उसके बावजूद अधिकारियों के आदेशों का पालन होते हुए नहीं दिखाई दिया। वही अन्य दिनों के अपेक्षा मंगलवार को ओपीडी 600 के पार पहुंची। कई मरीजों का तो नंबर भी नहीं आया। हालांकि गंभीर मरीजों को चिकित्सकों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर देखा गया। लोगों ने अस्पताल प्रबंधन से बैठने की व्यस्था, पेयजल की सुविधा एवं अन्य सुविधाएं मुहैया करवाए जाने की बात कही। अस्पताल में अधिक. ांश मरीज फीवर वायरल, सर्दी जुखाम, आदि के पहुंचे।

### कालाढूंगी रेंज में मृत मिला नर बाघ

**कालाढूंगी।** रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज में वन निगम डिपो में मृत बाघ मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मचारी ने बाघ के शव को कब्जे में लेकर वन विभाग के गेस्ट हाउस ले आए। जहां दो डॉक्टर के पैनल ने पोस्टमार्टम कर विसरा जांच के लिए बरेली भेज दिया। मंगलवार दिन में चकलुवा बीट में कंपाटमेंट संख्या 2सी निगम डिपो प्लाट संख्या 1 में कर्मचारियों ने मृत बाघ देखा तो सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर रेंजर मुकेश जोशी मय स्टाफ पहुंचकर बाघ के शव को लेकर गेस्ट हाउस पहुंचे। सूचना पर पहुंचे डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया ने बताया कि बाघ के सभी अंग सुरक्षित हैं। नर बाघ की उम्र 6 से 7 वर्ष होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टी से बाघ की मौत कोई बीमारी से होना प्रतित हो रहा है। असल कारणों को पता बिसरा की जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी की अर्जी खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल हरीश कुमार गोयल की अदालत ने शादी का वचन देने के बाद पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी अमन मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने अदालत को बताया कि आरोपी ने फेसबुक के माध्यम से पीड़िता से दोस्ती की और कई बार मुलाकात के बाद शादी का वादा किया। दोनों परिवारों की मुलाकात कराई गई और 8 नवंबर 2025 को सगाई की तारीख तक तय कर दी गई। आरोप है कि इसी साल जुलाई में आरोपी पीड़िता को नैनीताल घुमाने के बहाने लाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद कुछ समय तक बातचीत करने के बाद उसने पीड़िता को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने कहा कि वह अपना सामान लेकर उसके घर आ जाए। 20 जुलाई की रात पीड़िता अपने घर से निकल गई लेकिन रास्ते में आरोपी ने फोन बंद कर दिया। सुनसान स्थान पर अकेली खड़ी युवती ने अपनी बहन को लोकेशन भेजी और बहन के पहुंचने के बाद दोनों सुरक्षित घर लौटे। इसके बाद पीड़िता और उसके परिजन युवक के घर पहुंचे लेकिन उसने मिलने से इंकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर 30 जुलाई को थाना तल्लीताल में मुकदमा दर्ज किया गया। न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी की जमानत अर्जी भारतीय दंड संहिता की धारा -69 के अंतर्गत खारिज कर दी।

# स्टेटिंग विश्व चैंपियनशिप में आनंद ने जीता सोना



## भारत को पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया, पीएम ने दी बधाई

**बीजिंग/नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्पीड स्केटर आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए एक स्वर्णिम अध्याय लिखा।

वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 1 मिनट 24-924 सेकंड का समय लेकर शानदार जीत हासिल की और प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत भारतीय रोलर स्पोर्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो लंबे समय से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की कोशिश कर रहा था। तमिलनाडु के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते बेइदाईहे में 500 मीटर स्प्रिंट में 43:072 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर इसी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला सीनियर पदक हासिल किया था। इस जीत के साथ, उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को सर्वोच्च पोडियम तक पहुंचाया और स्पीड स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बने। भारत की पदक तालिका में तब और इज़ाफ़ा हुआ जब जूनियर स्केटर कृष शर्मा ने अंडर-19 वर्ग में 1,000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता, जिसने देश में इस खेल के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 13 सितम्बर को बेइदाईहे में शुरू हुई और 21 सितम्बर को समाप्त होगी। भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के अधिकारियों ने इस जीत को एक ऐसे खेल के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया, जिसने जमीनी स्तर की अकादमियों के माध्यम से लगातार लोकप्रियता हासिल की है। इतालवी कोच लुका प्रेस्टी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे वेलकुमार ने यह पदक अपने परिवार और कोचों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ मेरी जीत नहीं है। यह उन सभी की जीत है जिन्हें विश्वास था कि एक भारतीय ऐसा कर सकता है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से स्पीड स्केटिंग के लिए सरकारी और कॉर्पोरेट समर्थन बढ़ने की उम्मीद है, जो आने वाले वर्षों में ओलंपिक में शामिल होने की उम्मीद कर रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने लिखा, ष्स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार पर गर्व है। उनके धैर्य, गति और जोश ने उन्हें स्केटिंग में भारत का पहला विश्व चैंपियन बनाया है।

### योगी ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप विजेता आनंद को दी बधाई

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्केटिंग में नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले आनंद वेलुकुमार को बधाई दी है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतकर स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनने पर आनंदकुमार वेलकुमार को हार्दिक बधाई। आपका दृढ़ संकल्प और उपलब्धि हर युवा भारतीय को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। गौरतलब है कि भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्केटिंग में नया इतिहास रच दिया है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस तरह वह स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने मेन्स सीनियर 1000 मीटर स्प्रिंट इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। वेल. कुमार ने 1:24:924 सेकंड के समय के साथ फिनिश लाइन पार की और भारत के पहले वर्ल्ड चैंपियन स्केटर बन गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ममता ने फिर्ड ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर वैशाली को बधाई

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू को फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट दूसरी बार जीतने पर आज बधाई दी।

बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि वैशाली रमेशबाबू को दूसरी बार थ्क्म् ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। यह एक अनूठी उपलब्धि है और मैं उनके परिवार और दोस्तों को भी बधाई देती हूं।

### प्रो कबड्डी लीग में अपनी कमेंट्री से मनोज बाजपेयी ने रचा 'भौकाल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** सालों तक विभिन्न विधाओं में प्रभावशाली और सूक्ष्म अभिनय करने के बाद, अभिनेता मनोज बाजपेयी को एक नया आयाम मिल गया है, इस बार माइक के पीछे भोजपुरी कमेंट्री के साथ। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के जियोस्टार प्रेजेंटेशन में, बाजपेयी कैमरे में एक उल्लासपूर्ण उन्माद में कैद हुए, जब उन्होंने जियोस्टार स्टूडियो में पिछले सीजन के एक यादगार पल पर कमेंट्री करते हुए एक अविस्मरणीय क्षण प्रस्तुत किया। यह सिर्फ़ एक सहज इशारा नहीं था, बल्कि भोजपुरी में कमेंट्री का एक पूरी तरह से डूबा हुआ शॉट था, जो इस लीग की सबसे नई क्षेत्रीय भाषाओं में से एक है। खेल के सबसे रोमांचक पलों में से एक पर बाजपेयी की स्पष्ट और सच्ची प्रतिक्रिया इस बात का प्रतीक है कि भारत के सबसे पसंदीदा खेलों में से एक को घर जैसी भाषा में देखना लोगों को अद्वितीय तरीकों से जोड़ता है। भोजपुरी कमेंट्री बॉक्स में कुशल परीक्षण के साथ, यह देखना बाकी है कि क्या बाजपेयी इस सीजन में फिर से लौटेंगे और जल्द ही अपने नए करियर को आजमाएंगे।

# अपोलो टायर्स बना भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रायोजक




● 579 करोड़ रुपये में हासिल किए अधिकार

**मुंबई, वार्ता।** अपोलो टायर्स ने 579 करोड़ रुपये की शानदार बोली लगाकर त्रिकोणीय मुक. ाबले में जीत हासिल करते हुए भारतीय टीम के प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह प्रायोजन सौदा तीन साल का है और इसमें 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं।

100 से ज्यादा देशों में मौजूदगी वाली गुड़गांव स्थित इस टायर कंपनी ने कैनवा और जेके सीमेंट्स की चुनौतियों को मात दी, जिन्होंने क्रमश: 544 करोड़ रुपये और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। यह सौदा प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये का बैठता है, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मैचों के बीच मूल्य अंतर को देखते हुए इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा निर्धारित आधार मूल्य द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये था। सभी रियल मनी गेमिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने वाले सरकारी आदेश द्वारा ड्रीम11 सौदे को रद्द करने के बाद बीसीसीआई को एक नए प्रायोजक के लिए निविदाएं जारी करनी पड़ीं। एशिया कप के करीब आने वाले सरकारी आदेश के साथ, बीसीसीआई को संयुक्त अरब अमीरात में चल रही महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए जर्सी प्रायोजक के बिना जाना पड़ा।

नए प्रायोजकों को पहला अंतर्राष्ट्रीय लाभ 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में मिलेगा, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में एक सफेद गेंद की श्रृंखला होगी।

### चीन के वांग टेटे पुरुष विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर लौटे

**बीजिंग, वार्ता।** आईटीटीएफ द्वारा मंगलवार को जारी की गई नवीनतम विश्व रैंकिंग के बाद, चीन के वांग चुकिन पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष पर लौट आए हैं। वांग ने रविवार को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ जीतकर 1,000 रैंकिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह हमवतन लिन शिदोंग से 9,425 अंकों के साथ आगे निकल गए, जबकि लिन के 9,375 अंक हैं। डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ के उपविजेता ब्राज़ील के ह्यूगो काल्डेरानो तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि जापान के तोमोकाज़ू हरिमोटो चौथे स्थान पर खिसक गए। शीर्ष 10 में स्वीडन की ट्रुल्स मोरेगार्ड, चीन की लियांग जिंगकुन, फ्रांस की फेलिक्स लेब्रन, जर्मनी की डूडा, चीन की जियांग पेंग और स्लोवेनिया की डार्को जोर्गिक शामिल हैं।

# रैंकिंग में फिर नंबर-1 मंधाना

● स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार फिफ्टी लगाकर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान कब्जाया




**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार अर्द्धशतक जड़कर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है। बाएं हाथ की इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज ने 63 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली और इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर वह स्थान फिर से हासिल कर लिया है जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया था। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की और यह शानदार जीत उनकी खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी दिखाई दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी ने 74 गेंदों में नाबाद 77 रनों की पारी खेली जिससे वह तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। एनाबेल सदरलैंड अपनी नाबाद 54 रनों की पारी के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 25वें स्थान पर पहुंच गईं। वह सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। फोएबे लिचफील्ड ने 80 गेंदों पर 88 रनों की पारी खेलकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत जीतेगा 20 से ज्यादा पदक: देवेंद्र

● 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होने वाले खेलों में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत अब तक के सबसे बड़े पैरा खेल आयोजन, इंडियनऑइल नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है।


27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे इस खेल आयोजन में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इतना बड़ा दल पहली बार किसी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उतरेगा, जो यह दिखाता है कि भारत पैरा खेलों में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष और दो बार के पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि इस बार भारत का अभियान ऐतिहासिक रहेगा।

उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय दल 20 से ज्यादा मेडल जीतकर इतिहास रचेगा। पीसीआई के अध्यक्ष झाझरिया ने कहा कि हमारे पास 73 खिलाड़ी हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। यह हमारे देश में पैरा खेलों की तरक्की को बखूबी प्रदर्शित करता है।

पिछली बार कोबे में भारत ने 17 मेडल जीते थे। इस बार हमारी टीम और मजबूत है और मुझे पूरा यकीन है कि हम 20 से ज्यादा मेडल जीतेंगे।

# डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

● डुप्लांटिस ने पहले ही प्रयास में 6.15 मी. की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया



**टोक्यो, वार्ता।** वह कूद पड़ा। वह चिल्लाया। उमस भरी सोमवार की रात टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में 50,000 से ज़्यादा दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उसने अपनी बाहें फैला दीं। आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की। और एक बार फिर, उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह 'सिर्फ़' 6.17 मीटर था। विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी आसानी से पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी। डुप्लांटिस ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मैं इसे बयां नहीं कर सकता। मुझे लगा कि जापान छोड़ने का एकमात्र तरीका विश्व रिकॉर्ड बनाना ही है। हर असफल प्रयास ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया। पहली कोशिश में, उन्होंने लगभग बार पार कर लिया( दूसरी कोशिश में, बार डगमगाया, लेकिन गिरने से पहले आखिरी क्षण तक टिका रहा। आखिरकार, अपने तीसरे प्रयास में, डुप्लांटिस 6.30 मीटर से ऊपर पहुंच गए। जो कि सिर्फ़ 27 दिन पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से एक सेंटीमीटर ज्यादा था। यही मेरी मानसिकता थी कि उन्होंने बताया। ष्मुझे पता था कि मेरे पास रिकॉर्ड है। जैसे ही मैं उड़ान भरता हूं। ज़मीन से हवा में कदम रखते ही - मुझे पता चल जाता है कि मेरी छलांग सही रहेगी या नहीं। मुझे पता चल जाता है कि मैंने पर्याप्त ऊर्जा लगाई है या नहीं, या यह वास्तव में कारगर नहीं होगा। सिर्फ़ 25 साल की उम्र में, डुप्लांटिस ने सब कुछ जीत लिया है। चार साल पहले, टोक्यो के इसी स्टेडियम में, लेकिन महामारी के कारण खाली सीटों के सामने, उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। तब से, उन्होंने यूजीन और बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीते हैं, पेरिस में दूसरा ओलंपिक ख्+ाताब जीता है, और अब एक और विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। हर बार रिकॉर्ड को और ऊंचा करते हुए। टोक्यो में इस रात ने इस खेल के महानतम खिलाड़ी के रूप में उनकी विरासत को और मजबूत किया, जहां माहौल उनके प्रदर्शन से मेल खाता था।

मुझे उस समय विश्व चैंपियनशिप जीतने पर गर्व है जब इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत थी। विश्व रिकॉर्ड बनाना एक बोनस है,ष उन्होंने कहा। ष्मुझे लगता है कि मेरे लिए कोई सीमा नहीं है। शायद मुझे ही पता चलेगा कि पोल वॉल्ट में असल में सीमा क्या है।

# सुपर-4 की जंग के लिए भिड़ेंगे पाक-यूएई

**दुबई, वार्ता।** क्रिकेट अक्सर तब सबसे रोमांचक होता है जब एक टीम अपनी लय फिर से तलाश रही होती है और दूसरी टीम यह साबित करने पर आमादा होती है कि वह उसी मंच के लिए काबिल है। सलमान आगा की अगुवाई में पाकिस्तान कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 के 10वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ने के लिए तैयार है, और यही स्थिति है। पाकिस्तान यहां कुछ चोटों के साथ पहुंचा है।

उनके गेंदबाज अनुशासित और नए-नए अंदाज में खेल रहे हैं, लेकिन भारत के खिलाफ बल्लेबाजी का पतन-एक आशाजनक शुरुआत के बाद 127 रन पर नौ विकेट-सवालों के घेरे में है। यह मुकाबला उनके बल्लेबाज़ों को यह दिखाने का मौका देता है कि एक खराब प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को परिभाषित नहीं करता। सईम अयूब शीर्ष क्रम में व्यवस्थित दिखे हैं, और साहिबज़ादा फरहान ने दबाव वाले मैचों में जरूरी शांत स्वभाव दिखाया है। स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी, फखर जमान जानते होंगे कि टीम को एक स्थिर शुरुआत के बाद साफ-सुथरे स्ट्राइक की जरूरत है। कप्तानी में नए लेकिन शांतचित्त सलमान आगा को बीच के ओवरों में लय बनानी होगी। हसन नवाज, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के पास ऐसे स्ट्रोक्स हैं जो अगर उन्हें सही मंच मिले तो स्कोर को मजबूत बनाए रख सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान का आक्रमण काफी मजबूत है। शाहीन अफरीदी की बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी किसी भी शीर्ष क्रम को परेशान कर सकती है, और हारिस रऊफ का अंतिम छोर पर नियंत्रण बेहद अहम है।

# एशिया कप नाम वापस लेना आसान काम नहीं

● पाकिस्तान को होगा 140 करोड़ तक का नुकसान

● एशियाई क्रिकेट परिषद की सालाना कमाई का 74 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों में बराबर-बराबर बंटता है



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की एशिया कप से बाहर निकलने की कथित धमकी को अमल में लाना आसान नहीं होगा। अगर पाकिस्तान ऐसा करता है, तो उसे करीब 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 100 से 140 करोड़ रुपये तक) का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की सालाना कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों- भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में बराबर-बराबर बांटा जाता है। यानी हर देश को 15 प्रतिशत राजस्व मिलता है। शेष 25 प्रतिशत सहयोगी सदस्य देशों के बीच बांटा जाता है। ये कमाई प्रसारण अधिकार (टीवी और डिजिटल), प्रायोजन सौदे और टिकट बिक्री जैसे विभिन्न स्रोतों से आती है। अकेले इस एशिया कप से पीसीबी को अनुमानित 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होने वाली थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटता है तो उसके लिए यह बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया (ैच्छप्) ने 2024 से 2031 तक आठ साल के लिए एसीसी के साथ 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रसारण करार किया है। इसमें महिला एशिया कप और अंडर-19 एशिया कप के प्रसारण अधिकार भी शामिल हैं। अगर पाकिस्तान बीच टूर्नामेंट से बाहर होता है तो प्रसारक के साथ बड़ी दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मुक. ाबला इस सौदे का सबसे बड़ा आकर्षण है। इस मैच के लिए विज्ञापन स्लाट प्रीमियम रेट पर बेचे जाते हैं। पाकिस्तान के बाहर होने पर विज्ञापनदाताओं और प्रसारक को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। पीसीबी प्रमुख और पाकिस्तान के गृह एवं नारकोटिक्स नियंत्रण मंत्री मोहसिन नकवी इस समय एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। नकवी ने खुलकर आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट पर निशाना साधा था और भारतीय टीम द्वारा पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने के विवाद के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। साथ ही आईसीसी को पत्र लिखकर पायक्राफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की थी। साथ ही यह धमकी भी दी थी कि अगर पायक्राफ्ट को नहीं हटाया गया तो पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगी। हालांकि, आईसीसी ने पीसीबी की मांग ठुकरा दी और पायक्राफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब पीसीबी के सामने मुश्किल स्थिति है। एक तरफ पैसा है तो दूसरी तरफ देश का आत्मसम्मान है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान क्या चुनता है। अगर उसे पैसा कमाना है तो आत्मसम्मान से समझौता करना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया की नजरें सीरीज जीत पर भारत की वापसी पर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** इसमें कोई शक नहीं कि असली परीक्षा यहीं से शुरू होगी। पहले वनडे में आठ विकेट से शानदार जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम एक और सीरीज जीत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। भारत के खिलाफ पिछले दस मुकाबलों में से नौ में जीत, और कुल 57 में से 47 में जीत-यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो चैंपियन होने का प्रमाण देता है। वे महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आत्मविश्वास से लबरेज और ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास से लबरेज हैं। लेकिन भारत को पूरी तरह से नजरअंदाज मत कीजिए-अभी नहीं।


## कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत

पत्रांक : मु0कृ0अ0/820/ SMAM विज्ञापन/2025-26 दिनांक : 19/8/2025

**कृषक बंधुओं हेतु आवश्यक सूचना**

**जनपद चम्पावत में वर्ष 2025-26 में कृषि यंत्रो के एग्रीमशीनरी पोर्टल पर विकास खण्डवार अपलोड लक्ष्यों के सापेक्ष आवेदन करने से संबधित।**

जनपद चम्पावत के समस्त कृषकों/कृषक समूहों आदि को सूचित किया जाता है कि एस0एम0ए0एम0 योजनान्तर्गत जनपद के कृषकों/कृषक समूहों के द्वारा क्रय किये जाने वाले कृषि यंत्रों/कस्टम हायरिंगसेंटर एवं फार्म मशीनरी बैंक पर अनुदान हेतु कृषकों एवं कृषक समूहों के पंजीकरण (Registration) की प्रक्रिया भारत सरकार के DBT Portal https://agrimachinery.nic.in पर गतिमान है। जनपद में कृषि यंत्र एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर/फार्म मशीनरी बैंक के विकास खण्ड वार आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष पोर्टल पर दिनांक 25 अगस्त, 2025 को प्रातः 11:00 बजे से इच्छुक कृषक/कृषक समूह/स्थानीय स्वयं सहायता समूह/ग्रामीण उद्यमी/कृषक उत्पादक समूह/ग्राम सेवा सहकारी समितिया/ आदि DBT Portal https://agrimachinery.nic.in पर लॉग-इन कर आवेदन कर सकते है। पोर्टल पर लक्ष्यों के सापेक्ष आवेदन होते ही निर्धारित समय के अनुसार Schedular चालू हो जाएगा। (1. डीलर सलेक्शन-05 दिन, 2. बिल जनरेशन-07 दिन, 3. बिल अप्रूवल-03 दिन, 4. भौतिक सत्यापन-10 दिन, 5. पुनः सत्यापन-01 दिन, 6. अनुदान स्वीकृत-03 दिन, 7. आवेदन अस्वीकृति-01 दिन)। योजनान्तर्गत कृषकों को अनुदान का भुगतान शतप्रतिशत DBT (Direct benefit Transfer) के तहत किसानों के बैंक खातो में किया जाएगा।

कृषक/कृषक समूह अधिक जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के न्याय पंचायत प्रभारी(कृषि)/ विकासखण्ड प्रभारी(कृषि)/ कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, लोहाघाट/मुख्य कृषि अधिकारी, चम्पावत के कार्यालय से कार्यालय समयावधि में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कृषि अधिकारी
चम्पावत।

# जैविक खेती का झांसा देकर 9.27 लाख ठगे

**❖आरोप है कि स्टेप फार्मिंग इंडिया और ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड में इन्वेस्ट करने का दिया था झांसा**

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** जैविक खेती का झांसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोप है कि फॉर्म में इन्वेस्ट कराकर एक गैंग यह धोखाधड़ी कर रहा है। उप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह मुकदमे की जांच कर रहे हैं।

रुड़की कोतवाली को ढंडेरा निवासी अब्दुल जुनैद ने तहरीर देकर बताया कि मोहम्मद इकराम निवासी मांझीपुर संसारपुर बेहद जिला सहारनपुर से फरवरी 2021 में मुलाकात हुई थी। अब्दुल जुनैद ने खुद को स्टेप फार्मिंग इंडिया ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड का सीएमडी बताया था। कहा था कि फॉर्म जैविक भारत मिशन पर काम करती है और फॉर्म केचुआ खाद प्लांट लगाकर जैविक खेती में इन्वेस्ट करने वालों को काफी मुनाफा देती है। बात तय होने पर फार्म में लाखों रुपये इन्वेस्ट किए थे। इन्वेस्ट की गई रकम का 10% प्रति माह भी मिल रहा था। आरोप है कि 2021 से 2024 तक 14.64 लाख रुपये इन्वेस्ट किए थे। जिनमें से 9.27 लाख रुपये कि अब धोखाधड़ी हो चुकी है। आरोप है कि मोहम्मद इकराम अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ फर्म में लोगों से लाखों रुपये इन्वेस्ट कराने के नाम पर धोखाधड़ी करता है। वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मुकदमा दर्ज कर शुरू की विवाहिता की तलाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** लापता विवाहिता की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। अपर उप निरीक्षक मनीष कवी मुकदमे की जांच कर रहे हैं। गंगनहर कोतवाली को मोतीलाल निवासी सालियर ने तहरीर देकर बताया कि पुत्री आशु (28) का करीब 9 वर्ष पूर्व अनिल निवासी तेलपुरा थाना बुग्गावाला के साथ विवाह कराया था और अब पुत्री के दो बच्चे हैं। 26 जुलाई को पुत्री दो बजे बच्चों के साथ घर पहुंची थी और फिर दोनों बच्चों को घर छोड़ कर दुकान से सामान लेने गई थी। तभी से पुत्री का आज तक कहीं कुछ पता नहीं चल पाया है। पीड़ित परिवार ने पुत्री के साथ अनहोनी की भी आशंका जताई है। इंस्पेक्टर मनोहर सिंह भंडारी ने बताया तलाश शुरू कर दी है।

## ऊर्जा निगम व विजिलेंस टीम ने पुलिस बल के साथ मारा छापा

# विद्युत चोरी करते 44 लोग पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** ऊर्जा विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को पुलिस तथा पीएसी के साथ मिलकर झबरेड़ा क्षेत्र के पांच गांव में छापा मार कर विद्युत चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाते हुए 44 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ लिए।।

विद्युत उपखंड झबरेड़ा एसडीओ मोहम्मद रिजवान ने बताया कि ऊर्जा विभाग व विजिलेंस टीम द्वारा पुलिस पीएससी के साथ मिलकर ग्राम डेलना ग्राम मूले वाला ग्राम नगला कुबडा ग्राम सुनहेटी तथा ग्राम भलस्वागाज में छापा मारकर 24 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ लिए गए। चोरी करने वाले सभी लोग विद्युत लाइन पर सीधे विद्युत केबल डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। विभाग द्वारा बिजली चोरी करने वाले सभी लोगों के विद्युत केबल जप्त कर लिए गए हैं। इस अवसर पर एसडीओ मोहम्मद रिजवान गुलशन बुलाने अनुभव सैनी तथा विजिलेंस टीम में धनंजय कुमार अनिल कुमार विकास कुमार रॉबिन मारुति शाह थाना अध्यक्ष झबरेड़ा अजय



शाह एस आई संजीव त्यागी शामिल रहे। टीम का नेतृत्व एक्शन विजिलेंस इंजीनियर अरुण कांत द्वारा किया गया।

## चाकूबाजी में शामिल हमलावरों की तलाश जारी

# जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा घायल युवक

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** चाकूबाजी में घायल युवक जिंदगी और मौत के बीच हायर सेंटर में जूझ रहा है। जबकि पुलिस ने चाकूबाजी में शामिल हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमलावरों की तलाश को संभावित ठिकानों पर दबिश जारी है। उप निरीक्षक राजीव उनियाल मुकदमे की जांच कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार चाकूबाजी में घायल युवक जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रहा है। गंगनहर कोतवाली को पाडली गुर्जर निवासी नदीम ने तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को भाई वसीम रात के वक्त रास्ते से गुजर रहा था। तभी तेलीवाला के रास्ते में अरमान पक्ष के लोगों ने भाई को रोक लिया और गाली गलौज कर भाई पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया था। चाकू लगने से भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे थे। भाई को सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने भाई की हालत देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। पीड़ित परिवार के मुताबिक वसीम जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। इंस्पेक्टर मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि अरमान, आकाश उर्फ सरदार समेत जानलेवा हमले में शामिल अन्य युवकों की तलाश की जा रही है।

## महिला की मृत्यु पर बाइक चला रहे दोस्त पर मुकदमा

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** महिला मित्र की सड़क दुर्घटना में मौत होने के मामले में पुलिस ने बाइक चला रहे मित्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक पुलिस के कब्जे में है।

रुड़की कोतवाली को प्रेमचंद निवासी स्ट्रीट नंबर 13 मंडोली चौकी के पास नॉर्थ ईस्ट दिल्ली ने तहरीर देकर बताया कि पुत्री हिमानी 6 सितंबर को शाम के वक्त अपने मित्र तरुण निवासी कृष्णा विहार सेवा धाम मंदिर गाजियाबाद के साथ हरिद्वार घूमने गई थी। जब 9 सितंबर को दोनों बाइक पर सवार होकर घर की ओर लौट रहे थे तो सड़क दुर्घटना हुई थी। आरोप है कि तरुण ने लापरवाही से वाहन चलाया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया था। दुर्घटना में पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसको प्राथमिक उपचार के बाद ऋषिकेश ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने पुत्री को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जबकि पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लिया था। वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गुमशुदगी अपहरण में की तरमीम

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** पुलिस ने दो लोगों की गुमशुदगी को अपहरण में तरमीम कर ली है। रुड़की कोतवाली को अभिषेक कुमार निवासी टोडा कल्याणपुर ने तहरीर देकर बताया कि बड़ा भाई विपिन कुमार (23) 28 मई को घर से लापता हो गया था। जिसका आज तक कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। वही दूसरी ओर शिवम कुमार निवासी मोहनपुरा पोस्ट ऑफिस मिलाप नगर ने तहरीर देकर बताया कि 16 मई को भाई योगेश कुमार (35) घर से लापता हो गया था। जिसका आज तक कहीं कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पीड़ित परिवारों से मिली तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कलियर से घर लौट रहे दो जायरीनों पर किया हमला

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** बाइक पर सवार होकर कलियर से जियारत कर घर लौट रहे दो जायरीनों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन हमलावरों को नामजद कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उप निरीक्षक सूरत शर्मा मुकदमे की जांच कर रहे हैं।

रुड़की कोतवाली को मोहल्ला हजरत बिलाल कस्बा लंढोरा निवासी मोहम्मद उस्मान ने तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार को दोस्त फारूक के साथ बाइक पर सवार होकर कलियर गया था और जियारत कर दोनों बाइक से घर की ओर लौट रहे थे। तभी मेहवड़ पुल और रुड़की के बीच मोहम्मद आमिर निवासी लंढोरा पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया था और रास्ते में रोककर मारपीट की थी। पीड़ित ने हमलावर पक्ष से जान माल का खतरा भी जताया है। वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि पुलिस ने मोहम्मद आमिर निवासी लंढोरा कोतवाली मंगलौर, आमीर और फिरोज निवासी चंदनपुर थाना भगवानपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ऑपरेशन लगाम के तहत चेकिंग अभियान, दो संदिग्ध गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा ऑपरेशन लगाम के तहत चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे हैं आपका ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधीयो संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें 15 सितंबर 2025 को अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए पूछताछ करने पर उन व्यक्तियों ने अपने नाम शिवा कश्यप पुत्र बिजेंद्र निवासी भोगपुर उम्र 20 वर्ष गौतम पुत्र चरण सिंह निवासी मोहल्ला कड़छ रामनगर सुल्तानपुर उम्र 22 वर्ष बताया उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान उप निरीक्षक दीपक चौधरी हेड कांस्टेबल मनोज मीनान कांस्टेबल ध्वजवीर चौहान संजय पवार बिजेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# चमनलाल फार्मेसी कॉलेज में रक्तदान शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** रेड क्रॉस समिति एवं चमन लाल कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ और स्थानीय निवासियों के सहयोग से 70 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

मंगलवार को चमनलाल महाविद्यालय में रेड क्रॉस समिति एवं चमन लाल कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा गैर शिक्षक व कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। शिविर में 70 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम कुमार शर्मा एवं सचिव अरुण हरित तथा कोषाध्यक्ष अतुल हरित ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से बहुत से लोगों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने कहा कि रक्तदान करने से मनुष्य के अंदर दान की भावना तो विकसित होती ही है। साथ ही समाज में सहयोग और एकता की भावना को भी बढ़ाती है। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक जीवन रक्षक, जगजीतपुर (हरिद्वार) तथा जीवन चैरिटी



ब्लड बैंक, रुड़की की टीमों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. मोहम्मद इरफान कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रभात, विभाग प्रभारी सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, डॉ. अनामिका, दीपाक्षी, अर्पित कुमार शर्मा, डॉ. सुधा, मयंक व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्लॉट के झगड़े को लेकर दो पक्षों में मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** प्लॉट के झगड़े को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया है। गंग नहर कोतवाली इंस्पेक्टर मनोहर सिंह भंडारी ने बताएगी पुलिस को सूचना मिली कि दो पक्ष प्लॉट को लेकर झगड़ रहे हैं सोचा मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन दोनों पक्ष तब भी शांत नहीं हो पाए। जिसके बाद पुलिस ने लोकेश निवासी हरचंदपुर कोतवाली मंगलौर और लवकेश, अश्वनी और सुमित निवासी इब्राहिमपुर देह कोतवाली गंगनहर का शांति भंग में चालान कर दिया।

## सिविल कोर्ट से स्टे के बावजूद जबरन बनाया जा रहा नाला

# पीड़ित ने एसडीएम से लगाई नाला निर्माण रुकवाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर बुजुर्ग निवासी राजवीर ने एसडीम को पत्र देकर मांग की है की न्यायालय के द्वारा स्टे के बावजुद मेरे खेत में जबरदस्ती ठेकेदार द्वारा नाला बनाया जा रहा है। मोहम्मदपुर बुजुर्ग निवासी राजवीर ने बताया की मेरी मोहम्मदपुर बुजुर्ग में शंकर मणिय भूमिधर जमीन है जिस पर मैं अपनी फसल उगा रहा हूं उस भूमि में आम व अन्य प्रजाति के पेड़ लगाए हुए हैं। उन्होंने कहा मेरे द्वारा एक वाद संबंधित नंबर 2022 राजवीर आदि बनाम ज्योति सिंह आदि न्यायालय सिविल जाज लक्सर के यहां आयोजित किया था न्यायालय द्वारा 29 मार्च 2025 में एक पक्षीय रूप से स्वीकार करते हुए डिग्री कर दिया है जिसके पुरी जानकारी विकी ठेकेदार विभाग पीडब्ल्यूडी लकसर वह अन्य को चली आ रही है। इसकी जानकारी होने के बावजुड़ मेरी भूमि पर जबरदस्ती नाला निर्माण करते हुए पुक्ता सड़क बनाने की फीराक में है इन लोगों के द्वारा मेरे मकान को भी धवस्त कर दिया है और मेरी भूमि से खड़े पेड़ों को भी खुर्द बुरद कर दिया है उन्होंने कहा मेरी मजबूरी को देखते हुए सिविल जज लक्सर द्वारा संबंधित वाद संख्या 2022 राजवीर आदि बनाम ज्योति आदि में पारित आदेश 29 मार्च 2025 को अनूपालन सूनिश्चित करवाने की कृपा करें जिससे प्रार्थी को इनसाफ मिल सके।

## बाइक व स्कूटी की जोरदार टक्कर, दंपति गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** भगवानपुर बाईपास पर दरियापुर के पास बाईक और स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हकीमपुर तुर्रा निवासी नरेश कुमार अपनी पत्नी केशर के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक बाईक सवार ने ओवरटेक करते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नरेश कुमार और उनकी पत्नी केसर सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घटना की सूचना किसी राहगीर ने पुलिस को दी। इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी निजी गाड़ी से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।वहीं हादसे के बाद बाईक सवार मौका पाकर फरार हो गया। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के बर्थ सर्टिफिकेट न.B 2023-5-90069-004005 में उसका नाम Mohd Ahmed दर्ज हैजो गलत है जबकि उसका सही नाम Mohammad Ahmad और उसके पिता का Mohd Javed दर्ज है सही नाम Mohd Javed Fateh है इसलिए मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का सही नाम Mohammad Ahmad व मेरा सही नाम Mohd Javed Fateh दर्ज किया जाए।
मो. जावेद फतेह पुत्र इब्ने मौहम्मद नि. आशिया मंजिल सत्ती मोहल्ला रुड़की, हरिद्वार।

## मामूल कहासुनी पर मारपीट, दो घायल

**लंढौरा।** नाला निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी व मारपीट में दो लोग घायल हो गए घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। मामले में एक पक्ष ने तीन लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कस्बे की अम्बेडकर कालोनी में नगर पंचायत द्वारा सड़क व नाला निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार की सुबह नाले की चौड़ाई को लेकर अकरम व असलम के बीच कहासुनी हो गई होते होते मामला मारपीट में बदल गया। पथराव में अकरम व असलम घायल हो गए चौकी प्रभारी नवीन चौहान ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण हेतु भिजवाया गया है। मामले में अकरम ने तीन लोगों को नामजद कर तहरीर दी है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने एक युवक को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस 315 बोर के बरामद हुए हैं

जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन लगाम को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेश पर 15 सितंबर 2025 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस 315 बोर के बरामद हुए पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम रितिक पुत्र जगबीर निवासी सिमली शिव मंदिर के पास कोतवाली लक्सर उम्र 20 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी पर भारी विपिन कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह चौहान पीआरडी ओम सिंह शामिल रहे पकड़े गए युवक के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए युवक को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

## अनिल तंवर ने संभाला लक्ष्मी शुगर मिल के महा प्रबंधक का प्रभार

# किसान व मिल एक-दूसरे के पूरक: तंवर

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर में अनिल तंवर द्वारा सोमवार देर शाम महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि शुगर मिल इकबालपुर में 2025-2026 का गन्ना पेराई सत्र नवंबर के प्रथम माह में विधि पूर्वक शुभारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने शुगर मिल तथा किसानों को एक दूसरे का पूरक बताया है। इकबालपुर शुगर मिल महाप्रबंधक का पद भार संभालते ही अनिल तंवर द्वारा शुगर मिल कर्मचारीयो तथा कुछ क्षेत्रीय किसानों की बैठक कर उनसे शुगर मिल में गन्ना पेराई सत्र शुरू करने में सहयोग मांगा है ।उन्होंने कहा कि शुगर मिल में काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन लगभग एक वर्ष से रुका हुआ है 2 दिन में ही कर्मचारियों को उनका दो माह का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा । शुगर मिल शुरू होने से पहले ही दूसरी बार भी कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा। इसी आश्वासन के बाद शुगर मिल में काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा शुगर मिल में काम शुरू कर दिया गया है। तंवर का कहना है कि पिछले सत्र का किसानो का बकाया गन्ना भुगतान जो लगभग 20 करोड रुपए है पेराई सत्र शुरू करने से पहले ही कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सन 2025-26 सत्र का गन्ना भुगतान किसानों द्वारा शुगर मिल में गन्ना सप्लाई करने पर14



दिन से पहले ही कर दिया जाएगा ।उन्होंने कहा कि शुगर मिल व किसान एक दूसरे के पूरक होते हैं। शुगर मिल को चलाने के लिए उन्होंने क्षेत्र के किसानों से सहयोग मांगा है। शुगर मिल में महाप्रबंधक का पद ग्रहण करने वाले अनिल तंवर 12 वर्ष पूर्व भी शुगर मिल की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस विधायकों ने गन्ना मंत्री से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** इकबालपुर शुगर मील पर किसानों का बकाया भुगतान वह उनकी समस्याओं को लेकर कलियर विधायक हाजी फुरकान व विधायक रवि बहादुर और हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने कैबिनेट मंत्री से मुलाकात कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

मंगलवार को देहरादून में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात की और लंबित गन्ना भुगतान की मांग की। उत्तराखंड किसान मोर्चा यूनियन द्वारा इकबालपुर मील पर बकाया भुगतान को लेकर 20 दिनों से जारी धरने के संदर्भ में साथी विधायकों के साथ गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं व मांगो को लेकर गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा से उनके देहरादून में आवास पर मुलाकात की एवं इकबालपुर चीनी मील पर जो इस सत्र का लगभग 20 करोड़ का बकाया भुगतान को जल्दी ही तराई सत्र से पहले करने का आश्वासन दिया।

कलियर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि किसान किसानो के बकाया भुगतान व उनकी समस्याओं को लेकर गन्ना मंत्री से मुलाकात की गई और जल्द से जल्द



किसानों के बकाया भुगतान में अन्य समस्याओं को निस्तारण करने की बात की गई जिस पर मंत्री ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

# धर्मांतरण कानून पर नोटिस

धर्मान्तरण कानून को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई चल रही है। मंगलवार को धर्मान्तरण से जुड़े कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट ने आठ राज्यों को नोटिस जारी किया है और इसका जवाब चार हफ्ते में दाखिल करने को कहा है। उप्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक में बने धर्मान्तरण कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर की गईं। इन्हीं याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिका कर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है लेकिन यह अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं। असल में जिस तरह की कठोरता धर्मान्तरण कानूनों को लेकर बरती गई है वह बिल्कुल भी व्यवहारिक नहीं है। इसलिए धर्मान्तरण कानूनों को लेकर एक पक्ष विशेषकर अल्पसंख्यक समाज जरा भी सहज नहीं है, बल्कि वह यह अंदेशा बार-बार सार्वजनिक रूप से जाहिर होती है कि इस कानून द्वारा एक समुदाय विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लोगों का उत्पीड़न होगा। जिस तरह के प्रावधान धर्मान्तरण कानून में किए गए हैं, इससे उनकी आशंकाओं की पुष्टि भी होती है। जैसाकि सीनियर एडवोकेट चंद्र उदय सिंह ने अदालत में दलील भी दी कि यूपी में 2024 में धर्मान्तरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। उदय सिंह का कहना था कि जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उनका कहना था कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेयर मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने याद दिलाया कि इस मामले में एससी ने 2020 में नोटिस जारी किया था, बाद में जमीअत उलेमा हिन्द ने कोर्ट से मांग की कि छह हाईकोर्ट में चल रही 21 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ही लाया जाए। वर्तमान में गुजरात और मध्य प्रदेश में इस कानून की कुछ धाराओं पर रोक जरूरी है। अब सरकारें चार सप्ताह में क्या जवाब देंगी, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इससे एक बात साफ है कि धर्मान्तरण कानून में जिसको फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है। इस तरह की खामियां हैं, जिससे अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगती है। पीठ के सामने वरिष्ठ वकील इंदिरा जय सिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय पारिख समेत अन्य पक्षकारों ने भी अपनी दलील रखी। वैसे वास्तव में देखा जाए तो इस तरह के कानूनों का विभिन्न समाज वाले देश में कोई औचित्य नहीं है। इसके पीछे देखा जाए तो राजनीति मुख्य कारण है। धर्मान्तरण कानून लाया भी उन्हीं राज्यों में गया है, जहां भाजपा की सरकारें हैं। जो इस बात की तरफ इशारा करती है कि धर्मान्तरण को लेकर केवल भाजपा को ही समस्या है, अन्य सरकारों को नहीं। निसंदेह अगर कहीं कोई बलपूर्वक या षड्यंत्रकारी तरीके से धर्मान्तरण में शामिल होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए और उसके लिए हमारे पास पहले से ही कानून हैं, लेकिन यह पक्षपातपूर्ण तरीके से नहीं होना चाहिए।

## सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा



योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं, बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है, प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है, पीड़ित लोगों के एक दिन पहले दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा है, जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद सभी इंतजाम करने का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है, क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है।

**अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश

एनसीईआर जिस तरह से भारत की समूची शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने पर आमादा है, उसने भारत की आने वाली पीढ़ियों का भविष्य ही नहीं भारत के समूचे सामाजिक और राजनैतिक व संवैधानिक ढांचे को ही खतरे में फंसा दिया है। बेहतरीन और प्रगतिशील शिक्षा देने वाला एनसीईआरटी मात्र दस सालों के भीतर कैसे इस देश के भविष्य के साथ ही खेलने लगेगा, यह आश्चर्यजनक ही नहीं भयावह भी है। ऐसा लगता है एनसीईआरटी पाकिस्तानी शिक्षा व्यवस्था की तरह कट्टरता को ऊपर से नीचे तक ओढ़ लेना चाहता है। यकीन मानिए इस लेख को लिखते हुए मैं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर बुरी तरह से चिंतित हूं।

भारत में हुए किसान आंदोलनों का एक मजबूत इतिहास रहा है और इन किसानों ने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें तक हिलाकर रख दी थीं लेकिन एनसीईआरटी को अब किसान आंदोलन अखरने लगे हैं। 80 के दशक का किसान आंदोलन एनसीईआरटी ने पाठ्यक्रम से गायब कर दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पाठ्यपुस्तकों से कुछ हिस्सों को हटाने को लेकर विवाद भी हुआ और इसी विवाद के बीच NCERT ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से भारतीय किसान यूनियन के किसान आंदोलन से संबंधित राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक अध्याय को हटा दिया। किसान यूनियन की स्थापना 1980 के दशक के अंत में दिग्गज किसान नेताओं महेंद्र सिंह टिकैत, चौधरी चरण सिंह, एमडी नांजुंदास्वामी, नारायणस्वामी नायडू और भूपिंदर सिंह मान ने की थी और इन किसान नेताओं की बदौलत हमारा अन्नदाता किसान एक ताकत के रूप में उभरा। द ट्रिब्यून के अनुसार, 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक हटाया गया, जिसकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई और अनेक देशों के किसान संगठनों ने ऐसे लंबे और अनुशासित आंदोलन कैसे चलाएं जाएं इस पर आश्चर्य प्रगट किया व सराहना की। हालांकि, राकेश टिकैत ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी लेकिन उस पर कितना और कब से अमल हुआ यह ज्ञात नहीं है। इसी तरह से एनसीईआरटी ने 11वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट वर्क के पहले अध्याय में भी बदलाव कर डाला। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के संदर्भ में बदलाव कर डाले और इसी पाठ्यपुस्तक के अध्याय नंबर 10 में जम्मू कश्मीर के भारत में विलय से जुड़ी वह शर्त और उससे




जुड़ी जानकारी भी हटा दी गई है, जिसमें इसे संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत स्वायत्त बनाए रखने की बात कही गई थी। इसे पाठ्यक्रम में बने रहने देने में कोई ऐतराज नहीं था क्योंकि पीढ़ियों को पता तो चलता कि यह धारा किन परिस्थितियों में और क्यों लगाई गई थी। NCERT ने 12वीं कक्षा की इतिहास की किताबों से मुगलों और 2002 के गुजरात दंगों पर सामग्री को हटा दिया और महात्मा गांधी जितनी आंखों में चुभते थे और चुभते रहे हैं तो महात्मा की लंगोटी को भी कैंची से काटना जरूरी था, लिहाजा कुछ अंश वहां से भी कट हुए। वर्ष 2022 में भी सांप्रदायिक और राजनैतिक दल की तरह एक्ट करने वाले एनसीईआरटी ने पाठड्क्रम से पर्यावरण संबंधी अध्याय हटा दिया था। इस पर शिक्षकों ने विरोध जताया था। कोविड काल में भी एनसीईआरटी ने समाजशास्त्र की किताब से जातिगत भेदभाव से संबंधित सामग्री हटाई थी। कक्षा 10वीं की इतिहास की किताब से राष्ट्रवाद समेत तीन अध्याय हटाए गए। उसके पहले 9वीं कक्षा की किताबों से त्रावणकोर की महिलाओं के जातीय संघर्ष समेत तीन अध्याय हटाए गए थे। 2018 में भी एक ऐसे ही बदलाव में कक्षा 12वीं की राजनीतिक विज्ञान की किताब में गुजरात मुस्लिम विरोधी दंगों में से मुस्लिम विरोधी शब्द हटा दिया था। इस संदर्भ के साथ पाकिस्तान की साम्प्रदायिक हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करना जरूरी हो गया है। पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार द डॉन ने एक रिपोर्ट छपी थी कि किस तरह पाकिस्तानी स्कूलों में हिंदुओं और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति विद्वेषपूर्ण और भड़काऊ शिक्षा दी जा रही है। पाकिस्तान के शिक्षकों को पूरी तरह से साम्प्रदायिक कर दिया गया है। यह शिक्षक गैर मुस्लिमों को इस्लाम का दुश्मन मानते हैं। एक अध्ययन अमेरिकी सरकार से जुड़े एक मिशन द्वारा किया गया था जिसके अनुसार पाकिस्तान में कट्टर इस्लाम के नाम पर जहर का बीज बोया जा रहा है। 9/11 हमले के बाद पूरी दुनिया का ध्यान स्कूलों में पढाई जाने वाली टैक्स्ट बुक की ओर गया। खासकर सऊदी अरब और पाकिस्तान की स्कूली किताबों की ओर। अमेरिका ने काफी दबाव डालकर सऊदी अरब की स्कूली किताबों के काफी टैक्स्ट बदलवाए, लेकिन पाकिस्तान में वह ऐसा न कर सका। पाक स्कूलों की शिक्षा आतंकियों के प्रति सहानुभूति की वजह बन रही है। यूएस कमीशन आन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के चेयरमैन लेनार्ड लियो ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था, पाकिस्तान में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। सरकारों के लगातार कमजोर होने से कठमुल्लावाद को प्रश्रय मिल रहा है। सर्वे में पाकिस्तान के चारों प्रातों में कक्षा एक से लेकर दस तक की सौ से ज्यादा पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन किया गया। पाठ्यपुस्तकों का इस्लामीकरण तानाशाह जनरल जिया उल हक के दौरान शुरू हुआ था। इसके बाद किताबों में पढ़ाया जाने लगा कि हिंदुओं की संस्कृति और सामाजिक अन्याय और क्रूरता पर आधारित है। जबकि इस्लाम शांति और भाईचारे का संदेश देता है। देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले पंजाब प्रांत में कक्षा चार की सामाजिक अध्ययन की किताबों में लिखा है कि मुस्लिम विरोधी ताकतें दुनिया से इस्लाम के वर्चस्व को खत्म करने में लगी हैं। पाकिस्तानी इतिहास के नायकों में मोहम्मद गजनवी को खासा महिमामंडित किया गया है, जिसने 1029 ईसवी के आसपास सोमनाथ मंदिर को तोड़ा था। आज इन्हीं सब शिक्षाओं का नतीजा है कि पाकिस्तान दुनिया का तीसरा असहिष्णु देश बन चुका है। इसी शिक्षा का परिणाम यह हुआ कि पाक में मंदि. रों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले, तोडफोड़ और



**पवन सिंह**

आगजनी की घटनाएं बढ़ीं। कश्मीर हेराल्ड समाचार पत्र के मुताबिक-पाकिस्तानी स्कूली किताबों में स्वतंत्रता संग्राम में हिंदू नेताओं के योगदान को बहुत कम करके दिखाया गया है, जिसमें गांधी जी भी शामिल हैं, जिसकी छवि को पाकिस्तान की स्कूली किताबों में लगातार खराब करने की कोशिश हुई है। पाकिस्तान की स्कूली किताबें कहती हैं कि पाकिस्तान का बनना हिंदूओं के विश्वासघात का नतीजा था। अगस्त 1947 में बंटवारे के दौरान जो व्यापक हिंसा हुई, उसके लिए हिंदू और मुस्लिम जिम्मेदार थे, जिन्होंने मुस्लिमों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की इतिहास की किताबों में कहा गया है कि 1971 में बांग्लादेश का बनना गहरी हिंदू साजिश का नतीजा थी, हिन्दू चाहते थे कि पाकिस्तान को अस्थिर कर दिया जाए, इसलिए पूर्वी पाकिस्तान को अलग करने षडयंत्र रचा गया। किसी भी पाकिस्तानी टैक्स्ट बुक में ए उल्लेख कहीं नहीं है कि किस तरह बांग्लादेश में पाकिस्तान सेना ने वहां के लोगों पर जुल्म ढहाए थे। पाकिस्तान के नेशनल कमीशन फार जस्टिस एंड पीस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तानी सरकार स्कूली पाठड्क्रम से घृणा और वैमनस्य पैदा करने वाली धार्मिक सामग्री हटाने में नाकाम रही है। क्या यह माना जाए कि एनसीईआरटी भी पाकिस्तानी शिक्षा बोर्ड कि तर्ज पर आगे बढ़ रही है? एनसीईआरटी ने खेल खेलना आरंभ किया है यह खेल बहुत खतरनाक साबित होगा, बच्चों के दिमाग में जहर की कीमत पूरा समाज और देश एक साथ चुकाता है व पाकिस्तान से बड़ा उदाहरण आपके सामने और क्या हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक आम लत जो वनमानुष पूर्वजों से मिली

**मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया।**

अजीब लगता है लेकिन शायद यह सच है। यह सही है कि 1 करोड़ साल पहले हमारे वानर पूर्वज दारू बनाना तो नहीं जानते थे लेकिन उन्होंने उसका स्वाद परोक्ष रूप से चख लिया था। बायोसाइन्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट इस बात को प्रमाणित करती लगती है। जीव वैज्ञानिक रॉबर्ट डूडले द्वारा प्रस्तुत एक परिकल्पना रही है, शराबखोर बंदर, जिसके अनुसार कई लाख साल पहले हमारे वानर पूर्वज गिरे हुए फल खाते थे, जो कुछ हद तक किण्वित होकर मदिरा से भर गए होंगे। इस अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने इस प्रवृत्ति को एक अच्छा सा नाम भी दे दिया है-स्क्रम्पिंग (फलचोरी)।

वैसे तो किण्वित होते फलों को सूंघ लेना काफी आसान है। जब फलों, पेड़ों से रिसते रस या मकरंद पर खमीर पनपता है तो वह अल्कोहल पैदा करता है। कई जानवर और पक्षी इसका सेवन करके थोड़े धुत तो हो जाते हैं और फिर मनुष्यों ने लगभग 8000 साल पहले फलों से और अनाज से शराब बनाना सीख लिया था। तो हो सकता है कि हमारे वानर पूर्वजों ने प्राकृतिक रूप से बनती शराब को चखा हो। दरअसल, यदि वे ऐसे किण्वित होते फलों को खाने लगते तो उन्हें अन्य जंतुओं से प्रतिस्पर्धा में लाभ मिलता क्योंकि अन्य जंतु इन्हें नहीं खाते। और तो और, ऐसे फलों को उनकी हवा में फैलती गंध की मदद से दूर से ताड़ लेना भी आसान रहा होगा। हमारे पूर्वजों ने यह क्षमता हासिल कर ली थी, इसका सर्वप्रथम प्रमाण 2015 में 18 प्रायमेट प्रजातियों के एक जेनेटिक विश्लेषण से मिला था। इस अध्ययन में पता चला था कि मनुष्य, चिम्पैंजी तथा गोरिल्ला में एक ऐसा उत्परिवर्तन पाया जाता है जो अल्कोहल पचाने वाले एंजाइम की कार्यक्षमता को 40 गुना बढ़ा देता है। और गणनाओं से अन्दाज लगा था कि यह उत्परिवर्तन करीब 1 करोड़ साल पहले हुआ था, लेकिन इस बाबत आंकड़े उपलब्ध नहीं थे कि क्या हमारे वानर पूर्वज पर्याप्त मात्रा में किण्वित खाद्य पदार्थ का भक्षण करते थे। परोक्ष अनुमानों के आधार पर तो 40 प्रजातियों के भोजन में यह 3 प्रतिशत से भी कम था। शोधकर्ताओं का विचार था कि यह अनुमान वास्तविकता से थोड़ा कम है क्योंकि इसमें उन फलों को शामिल नहीं किया गया है जो किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में खाए जाते हैं।

फिर शोधकर्ताओं को एक आइडिया सूझा। उन्होंने विचार किया कि यदि वे गिरे हुए फलों पर ध्यान केन्द्रित करें तो बेहतर अनुमान मिल सकता है। मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया। अब इस नई परिभाषा को लेकर डार्टमाउथ कॉलेज के मानव वैज्ञानिक नाथेनियल डोमिनी और उनके साथियों ने चार प्रायमेट प्रजाति आबादियों के पहले से उपलब्ध आंकड़ों को एक बार फिर से टटोला-बोर्नियो के ओरांगुटान, युगांडा के चिम्पैंजी और पहाड़ी गोरिल्ला तथा गैबन के गोरिल्ला। देखा गया कि इन चारों प्रजातियों के भोजन में फलों की मात्रा लगभग एक बराबर 15 से 60 प्रतिशत के बीच थी लेकिन गिरे हुए या पेड़ से तोड़े गए फलों की मात्रा में काफी विविधता थी।

अफ्रीकी एप्स, गोरिल्ला व चिम्पैंजी ने जो फल खाए उनमें से गिरे हुए फल 25 से 62 प्रतिशत तक थे जबकि ओरांगुटान ने ऐसे फल कभी-कभार ही खाए थे। गौरतलब है कि ओरांगुटान हमारे दूर के रिश्तेदार हैं और उनमें अल्कोहल का कुशलतापूर्वक पाचन करने के लिए जरूरी जेनेटिक उत्परिवर्तन नहीं होता। लिहाजा, उपरोक्त जानकारी काफी महत्वपूर्ण है। अलबत्ता, कई वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद स्थलों के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। हो सकता है यह प्रवृत्ति चंद आबादियों तक सीमित हो। जैसे हारवर्ड विश्वविद्यालय के मानव वैज्ञानिक रिचर्ड रैंगहैम बताते हैं कि उन्होंने दशकों से युगांडा के जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया है उनमें गिरे हुए फल के प्रति हिकारत ही देखी है। बहरहाल, वे मानते हैं कि इस अध्ययन ने अल्कोहल सेवन की ओर जो ध्यान आकर्षित किया है वह महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# टीवी बहसों का गिरता स्तर समाज के लिए चिंतनीय





**विनीत नारायण**

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां संवाद और विमर्श लोकतंत्र की रीढ़ माने जाते हैं। वहां आज टीवी बहसें एक ऐसा मंच बन चुकी हैं जहां तर्क की जगह एक दूसरे का अपमान, चीख-पुकार और राजनीतिक दुष्प्रचार हावी हो गया है। प्राइम टाइम के इन शो में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रवक्ता एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करते नजर आते हैं, जिससे बहसें निष्कर्षहीन हो जाती हैं। यह न केवल दर्शकों के समय की बर्बादी है, बल्कि समाज में ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाला एक खतरनाक माध्यम भी बन गया है। प्रवक्ताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा ने टीवी डिबेट्स को एक सर्कस का रूप दे दिया है। चैनल और एंकर ऐसे निरर्थक बहसों को क्यों बढ़ावा देते हैं? क्या यह टीआरपी की होड़ है या राजनीतिक दबाव?

टीवी बहसों का इतिहास भारत में 1990 के दशक से जुड़ा है , जब निजी चैनलों का आगमन हुआ। शुरू में ए बहसें मुद्दों पर तथ्यपरक चर्चा का माध्यम थीं, लेकिन आज वे एक शोरगुल भरी जंग बन चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से स्पष्ट है कि भारतीय टीवी डिबेट्स में आक्रामकता और विषाक्त भाषा का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ा है। एक शोध के अनुसार, बहसों में एंकरों द्वारा आक्रामक लहजे का इस्तेमाल 80 प्रतिशत से अधिक होता है, जो दर्शकों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालता है। ए आंकड़े बताते हैं कि बहसें अब सूचना का स्रोत नहीं, बल्कि प्रचार का हथियार बन चुकी हैं।

राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं द्वारा अपमानजनक भाषा का उपयोग इस समस्या का केंद्रीय बिंदु है। एक बहस के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रवक्ता को दूसरी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा 'जयचंद' और 'गद्दार' कहा गया, जिसे सुनकर उस प्रवक्ता को हार्ट अटैक हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना टीवी डिबेट्स की विषाक्तता का जीता-जागता उदाहरण है। इसी तरह अन्य प्रवक्ता ने एक दूसरे प्रवक्ता को 'नाली का कीड़ा','दादी मां', 'वैंप' कहा या 'उल्टा टांग दूंगा' जैसे शब्दों का प्रयोग करते पाए गए हैं। एक प्रवक्ता ने तो बहस के दौरान दूसरे प्रवक्ता पर हाथ भी उठा दिया।

यह समस्या बढ़ रही है कम नहीं हुई। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में एक टीवी बहस के दौरान एक नेता पर कुर्सी फेंकी गई, जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज हुई। नवंबर 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक टीवी चैनल को एक प्रवक्ता के खिलाफ अपमानजनक क्लिप हटाने का आदेश दिया। ए उदाहरण दर्शाते हैं कि अपमान अब शारीरिक हिंसा तक पहुंच गया है। राजनीतिक दलों द्वारा ऐसे प्रवक्ताओं को चुना जाना भी एक चिंताजनक बात है। अधिकांश प्रवक्ता राजनीतिक अनुभव की कमी रखते हैं और केवल टीवी पर चिल्लाने के लिए नियुक्त होते हैं। यदि राजनैतिक दल द्वारा योग्य प्रवक्ताओं को चुना गया होता, तो बहसें अधिक सभ्य और उत्पादक होतीं। लेकिन वर्तमान में, ए प्रवक्ता दलों के चेहरे बन चुके हैं, जो विचारधारा के बजाय व्यक्तिगत हमलों पर निर्भर हैं। ऐसे स्तरहीन प्रवक्ताओं को चैनल क्यों आमंत्रित करते हैं? इसका मुख्य कारण टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइंट) है। शोरगुल भरी बहसें दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं, क्योंकि वे मनोरंजन का रूप ले लेती हैं। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक दबावों के कारण ग्राउंड रिपोर्टिंग कम हो गई है और स्टूडियो डिबेट्स ही मुख्य सामग्री बन गई हैं। चैनल जानते हैं कि तर्कपूर्ण चर्चा से दर्शक भागते हैं, लेकिन चीख-पुकार उन्हें बांधे रखती है। दूसरा कारण राजनीतिक दबाव का उदय है। टाइम मैगजीन के अनुसार, राज्य और पार्टी के विज्ञापन बजट चैनलों को नियंत्रित करते हैं। परिणामस्वरूप, बहसें सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली बन जाती हैं। विपक्षी प्रवक्ताओं को अपमानित किया जाता है, जबकि सत्ताधारी प्रवक्ताओं को खुली छूट मिलती है। 2022 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने चैनलों को सलाह दी कि वे उत्तेजक भाषा वाली बहसें न दिखाएं, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। चैनल जानबूझकर ऐसे प्रवक्ताओं को बुलाते हैं जो विवाद पैदा करें, क्योंकि यह सोशल मीडिया पर वायरल होता है और चैनल की पहुंच बढ़ाता है। ऐसी बहसों के सामाजिक प्रभाव गंभीर हैं। वे समाज को ध्रुवीकृत करती हैं, विशेषकर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर। एक शोध के अनुसार, बहसें शफिक्स्ड मैचश की तरह होती हैं, जहां अपमान और झगड़े पूर्वनियोजित होते हैं। मुस्लिम पैनलिस्टों को एंटी-नेशनल कहा जाता है, जो सांप्रदायिक हिंसा को भड़काता है। 'गल्फ न्यूज' की एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के चैनल मुसलमानों के खिलाफ घृणा फैला रहे हैं। युवाओं का एक वर्ग, जो रोजगार और शिक्षा चाहता है, इन बहसों से प्रभावित होकर हिंसक हो रहा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है, लेकिन यह विषाक्त संवाद समाज को कमजोर कर रहा है। चैनल और एंकरों की जिम्मेदारी यहां महत्वपूर्ण है। वे मॉडरेटर हैं, न कि भागीदार। लेकिन अधिकांश एंकर, खुद अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। रेडिफ की एक रिपोर्ट में कहा गया कि बहसें शविषैलीश हो चुकी हैं। एंकर विपक्ष को बोलने न देकर, मात्र समय काटते हैं। यदि चैनल सख्त कोड ऑफ कंडक्ट लागू करें, तो स्थिति सुधर सकती है। लेकिन टीआरपी और राजनी. तिक लाभ के लालच में वे अनदेखी करते हैं।

समाधान के लिए बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, राजनैतिक दलों को प्रवक्ताओं के चयन में सुधार करना चाहिए। केवल अनुभवी और सभ्य व्यक्तियों को ही टीवी पर भेजा जाए। दूसरा, 'ट्राई' और सूचना मंत्रालय को सख्त नियम लागू करने चाहिए, जैसे अपमानजनक भाषा पर तत्काल जुर्माना लगे। तीसरा, दर्शकों को जागरूक होना चाहिएय वे ऐसे चैनलों का बहिष्कार करें जो सनसनी फैलाते हैं। चौथा, स्वतंत्र मीडिया वॉचडॉग को मजबूत बनाना चाहिए। अंत में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे यूट्यूब पर तथ्यपरक बहसें बढ़ावा दें, जहां सोशल मीडिया इंगेजमेंट सकारात्मक हो।

भारत की टीवी बहसें लोकतंत्र का मजाक बन चुकी हैं। अपमानजनक प्रवक्ताओं का बोलबाला न केवल बहसों को निरर्थक बनाता है, बल्कि समाज को विभाजित करता है। चैनल और एंकरों को यदि वास्तव में पत्रकारिता का सम्मान करना है, तो उन्हें टीआरपी के पीछे भागना छोड़कर जिम्मेदार संवाद को प्राथमिकता देनी चाहिए। अन्यथा, ए बहसें लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करती रहेंगी। समय आ गया है कि हम एक ऐसे मीडिया की मांग करें जहां तर्क जीते, न कि अपमान। केवल तभी भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सीजफायर पर वाहवाही लूटने के ट्रम्प के दावे को झटका

# पाक डिप्टी पीएम ने ट्रम्प को दिखाया आईना

## इशाक डार बोले: भारत ने कभी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**दोहा।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का डोनाल्ड ट्रम्प का दावा खारिज कर दिया। मंगलवार को कतर में अलजजीरा से बात. चीत में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। उनसे जब पूछा गया कि क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार थे? इस पर इशाक डार ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। इशाक डार ने कहा कि हम किसी से भी बातचीत के लिए तैयार हैं।

हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों की भागीदारी जरूरी है। डार ने कहा कि जब पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने सीजफायर का मामला उठाया तो अमेरिकी विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि भारत हमेशा से यही कहता आया है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे पूरी तरह से द्विपक्षीय हैं। डार ने आगे कहा कि अमेरिका ने मई में सीजफायर का प्रस्ताव दिया था और यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। डार ने कहा-भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है। लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। डार ने यह भी कहा कि अगर भारत जवाब देता है तो पाकिस्तान अभी भी बातचीत के लिए तैयार है। 22 अप्रैल को कुछ आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला किया किया था। इस हमले में 26 लोगों मारे गए थे। इसके 15 दिन बाद यानी 7 मई को भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बयान था। दोनों देशों के बीच 4 दिन तक संघर्ष चला था, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 10 मई को सबसे पहले दोनों देशों के बीच सीजफायर की जानकारी दी थी। इसके बाद वो करीब 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में सीजफायर कराने का क्रेडिट ले चुके हैं। हालांकि भारत साफ तौर पर कह चुका है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर आपसी बातचीत से हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई रोल नहीं है।



■ हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है
■ हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है: इशाक डार

### अगले हफ्ते ट्रम्प से मिल सकते हैं पाक पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 सितम्बर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने अमेरिका जाएंगे। इस दौरान उनकी ट्रम्प से मुलाकात होगी। बैठक के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर भी मौजूद रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस मुलाकात में पाकिस्तान से आई विनाशकारी बाढ़ और कतर पर इजरायल के हमले के परिणामों की चर्चा की जाएगी। जियो न्यूज ने यह भी बताया कि यह बैठक कतर और सऊदी अरब के सलाह से आयोजित की जा रही है।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करने के बाद घटनास्थल पर मौजूद सुरक्षाकर्मी।

## इजरायल को अंतर्राष्ट्रीय खेलों से प्रतिबंधित किया जाए: स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में इजरायल की गतिविधियों के कारण उसे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है।

उन्होंने अपनी सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि इजरायल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने के लिए किसी भी अंतर्राष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रविवार को कहा कि 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इजरायल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने स्पेन के प्रधानमंत्री को 'शर्मनाक' करार दिया और उन पर मैड्रिड में फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया, जिसके कारण वुएल्टा-ए-स्पेना साइकिल रेस का अंतिम चरण रद्द कर दिया गया, जिसमें एक इजरायली टीम प्रतिस्पर्धा कर रही थी। इससे पहले सांचेज ने कहा था कि तीन हफ्ते तक चली इस रेस के दौरान हुए पिछले विरोध प्रदर्शनों ने दिखाया है कि स्पेन गाजा मुद्दे पर 'गर्व' के साथ एक मिसाल कायम करता है।

### संक्षिप्त समाचार

#### परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान

**तेहरान।** ईरान, रूस, बेलारूस, चीन, वेनेजुएला और निकारागुआ ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमले या इस तरह के किसी खतरे पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने यह घोषणा की। उन्होंने प्रस्ताव का एक स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा: एनपीटी की अखंडता की रक्षा के लिए ईरान ने चीन, रूस, वेनेजुएला, निकारागुआ और बेलारूस के साथ मिलकर 'आईएईए सुरक्षा उपायों के तहत परमाणु स्थलों और सुविधाओं पर सभी प्रकार के हमले और हमले की धमकियों पर प्रतिबंध' पर एक मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

#### अमेरिका का वेनेजुएला की बोट पर फिर हमला, मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक बार फिर वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की बोट पर हमला किया। इस हमले में 3 लोग मारे गए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उन्होंने इन तस्करों को नार्को टेररिस्ट यानी ड्रग कार्टेल से जुड़े आतंकवादी बताया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और हितों के लिए बड़ा खतरा हैं। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इस हमले में अमेरिकी बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

#### फिलीपींस के पोत ने चीनी तटरक्षक जहाज को मारी टक्कर

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक (सीसीजी) जहाज को टक्कर मार दी। चीनी तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी है। सीसीजी के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत अवैध तरीके से चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आए। इस पर सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी देते हुए उनका रास्ता रोका और उन पर पानी की बौछार की। गान के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे 3014 नंबर वाले एक फिलीपीनी पोत ने चीन की ओर से दी गई चेतावनी को नजरंदाज करते हुए जानबूझकर एक सीसीजी जहाज को जोरदार टक्कर मारी।

## भारत पर 100% टैरिफ लगाए यूरोप: अमेरिका

■ वित्त मंत्री ने कहा: अपनी जिम्मेदारी निभाए यूरोप, चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से इन्कार

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से भारत और चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की अपील की है। यह बात उन्होंने ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका तब तक एक्स्ट्रा टैरिफ नहीं लगाएगा, जब तक कि यूरोपीय देश चीन और भारत पर भारी टैरिफ नहीं लगाते।

यूरोप को रूस की आयल इनकम रोकने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी। बेसेंट का यह बयान चीन से टिकटाक को लेकर हुई बातचीत के बाद आया है। उन्होंने कहा कि चीन, रूस से तेल खरीदने को अपना अंतरिक मामला मानता है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत-चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर इन्हें रूसी खरीदने से रोका जा सकता है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस की आयल कंपनियों जैसे रोसनेफ्ट और लुकोइल पर कठोर प्रतिबंध लगा का सोच रहा है। इसके साथ ही 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की जो 300 अरब डॉलर प्रापर्टी फ्रीज की गई थी, उनका इस्तेमाल करने पर विचार करेगा।

# जैश ने कबूला: ऑपरेशन सिंदूर में मसूद का परिवार मारा गया

## जैश कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो हो रहा वायरल

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए। जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। सैटेलाइट तस्वीरों से भी मस्जिद के गुंबद और आसपास के ढांचों को गंभीर नुकसान की पुष्टि हुई। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मसूद अजहर सालों से बहावलपुर के चौक आजम इलाके के मरकज सुभानल्लाह नाम के कैंपस में ही रह रहा था। साल 2011 तक इस कैंपस में सिर्फ एक मस्जिद थी, उसके बाद आतंकियों की ट्रेनिंग और बाकी एक्टिविटीज के लिए कैंपस में इमारतें और बाकी स्ट्रक्चर बढ़ता चला गया। सैटेलाइट इमेजेज के आधार पर इसका पूरा इलाका 18 एकड़ बताया जाता है। फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद जैश-ए-मोहम्मद ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र ने मसूद को ग्लोबल टेररिस्ट की लिस्ट में डाला था। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने पर पाकिस्तान ने कहा था कि जैश के बहावलपुर हेडक्वार्टर को सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने मसूद की सिक्योरिटी और बढ़ा दी थी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को इस तरह की स्ट्राइक का अंदेशा था, इसलिए माना जाता है कि मसूद को पहले ही वहां से शिफ्ट कर दिया गया था। ले. ज. रामेश्वर राय के मुता. बिक पाकिस्तान में मसूद को सेना का प्रोटेक्शन मिला हुआ है, लेकिन पाकिस्तान यह नहीं मानता कि मसूद उसकी जमीन पर मौजूद है। इसलिए पाकिस्तान मसूद अजहर के मारे जाने की बात छिपाने की कोशिश कर सकता है।



7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए
भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था

# इजरायल के गाजा सिटी में जमीनी हमलों में 41 की मौत

## तीन लाख लोगों ने शहर छोड़ा, रक्षामंत्री काट्ज बोले: गाजा जल रहा



**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा सिटी में ग्राउंड ऑपरेशन यानी जमीनी हमले शुरू कर दिए है। सीएनएन ने मंगलवार सुबह दो इजरायली अधिका. रियों के हवाले से इसकी पुष्टि की। यह हमला गाजा सिटी के बाहरी इलाकों से शुरू हुआ है। यहां रात भर इजरायल के हवाई हमले भी जारी रहे। इन हमलों में 41 लोग मारे गए। इजरायली सेना के एक अधिकारी के मुताबिक अब तक लगभग 3.2 लाख लोगों ने शहर छोड़ दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि सेना बंधकों की रिहाई और हमास की हार के लिए बहादुरी से लड़ रही है। काट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है, सेना पूरी ताकत से उनके ठिकानों पर हमले कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे और न ही रुकेंगे, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता। इजरायल ने पिछले महीने यानी अगस्त में गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत करीब 60 हजार रिजर्व सैनिकों को डयूटी पर बुलाने का आदेश जारी किया गया। प्लान के मुताबिक गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान के लिए कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात किए जाएंगे। सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाने का शेडयूल तय किया गया। दूसरी खेप नवंबर-दिसम्बर और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। इस अभियान को गिदोन'स चेरिएट्स-बी नाम दिया गया है। साथ ही, पहले से डयूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा भी 30-40 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। ऑपरेशन में 5 आर्मी डिवीजन और 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें शामिल होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट्स शामिल हैं। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा ले रही हैं। इजरायल का मकसद गाजा सिटी में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है।

## ट्रम्प ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया सबसे गिरा हुआ अखबार

■ अमेरिकी राष्ट्रपति 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि वे चर्चित अखबार द न्यूयार्क टाइम्स के खिलाफ 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे। ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स को 'कट्टरपंथी वाम डेमोक्रेट पार्टी' का मुखपत्र बताया और कहा कि अखबार ने बीते एक दशक से उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। ट्रम्प ने दावा किया कि अखबार उनके बारे में झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करता आ रहा है।

ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स पर कमला हैरिस के समर्थन में अभियान चलाने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि अखबार द्वारा राष्ट्रपति पद की दौड़ में उनकी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस का समर्थन किया गया और उनके बयानों को अखबार के पहले पन्ने पर प्रमुखता से छापा। ट्रम्प का दावा है कि यह अब तक का सबसे बड़ा अवैध चुनावी चंदा है। उन्होंने अखबार पर उनके, उनके परिवार, उनके व्यवसाय और अमेरिका फर्स्ट और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) आंदोलनों और पूरे देश के बारे में झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि कभी सम्मानित रहे अखबार के खिलाफ कार्रवाई करने पर उन्हें गर्व है, जैसा कि उन्होंने पूर्व में कई अखबारों और मीडिया संस्थानों के खिलाफ किया है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि अखबार को बहुत लंबे समय तक मेरे खिलाफ खुलेआम झूठ बोलने और बदनाम करने की इजाजत दी गई। जो अस्वीकार्य और अवैध दोनों है। अब यह सब बंद हो! यह मुकदमा फ्लोरिडा राज्य में लाया जा रहा है।

## भारत-मॉरीशस के संबंध और अधिक मजबूत होंगे: मुर्मु

■ दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और ग्लोबल साउथ के लिए हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है और दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

भारत यात्रा पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम ने अपनी आठ दिन की यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से भेंट की। डा. रामगुलाम नौ सितम्बर को भारत यात्रा पर आए थे। राष्ट्रपति से मुलाकात के साथ ही उनकी यात्रा संपन्न हो गई। इससे पहले दिन में वह उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से भी मिले। सुबह वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधी राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई की समाधी सदैव अटल भी गये। इस यात्रा के दौरान वह मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति भी गये। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और वैश्विक दक्षिण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है।

## ऑस्ट्रेलिया के 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया खाते होंगे बंद

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने तकनीकी कंपनियों के लिए नियामक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट 10 दिसम्बर तक बंद करने होंगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया है, जो 10 दिसम्बर से प्रभावी होगा।



ऑस्ट्रेलिया का यह दुनिया का पहला कानून है, जो नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है। दिसम्बर 2024 में ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा पारित किए गए इस कानून का पालन न करने पर कंपनियों पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की मंत्री अनिका वेल्स और ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह प्रतिबंध तुरंत पूरी तरह से प्रभावी हो जाएंगे। सुवेल्स ने कहा कि हम तुरंत किसी पूर्णता की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। लेकिन हम कुछ जरूरी कदमों के जरिए कुछ अर्थपूर्ण परिवर्तन लाना चाहते हैं, जो हमारी संस्कृति पर गहरा प्रभाव डालेंगे और बच्चों को सुरक्षित रखेंगे। सुग्रांट ने कहा कि सरकार समझती है कि इस प्रतिबंध का पालन करने के लिए किसी तकनीक का निर्माण करने और उसे लागू करने में वक्त लगेगा। कंपनियों को नीति और प्रक्रियाओं के पालन में असफलताओं का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने उम्र का पता लगाने वाली तकनीक का परीक्षण कराया था और यह पता चला है कि इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।

